नई दिल्ली

रविवार, 3 मार्च, 2024

माघ मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 27, अंक : 328
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 24
न्यूून. 09



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## कुल 195 उम्मीदवारों की सूची जारी, यूपी में 51, बंगाल में 20 तथा राजस्थान में 15 उम्मीदवारों को उतारा

# दिल्ली में चार नए चेहरों पर दांव लगा भाजपा ने चौंकाया

## प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी से, अमित शाह गांधी नगर से और राजनाथ सिंह लखनऊ से उम्मीदवार

### लेखी, प्रवेश, हर्षवर्धन और रमेश बिधूड़ी का काटा टिकट

### छग में 7 सांसदों की जगह नए चेहरे, मप्र में 13 सांसदों को फिर मौका


आनंद राणा ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए जब शनिवार शाम को अपनी सूची का ऐलान किया तो बहुत से दिग्गज सांसदों के नाम उम्मीदवार के तौर पर यथावत थे। कई ऐसे थे जिनकी टिकट कट गई और कुछ ऐसे भी थे जो तमाम कयासों के बावजूद अपनी टिकट बचाने में कामयाब रहे। भाजपा ने दिल्ली में पांच उम्मीदवार घोषित किए और चार सांसदों के टिकट काट दिए।

राजस्थान में 15 उम्मीदवारों में से भाजपा ने 5 सांसदों को फिर से उम्मीदवार नहीं बनाया है। छत्तीसगढ़ में सभी 11 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए हैं, यहां भाजपा के 9 सांसद थे इनमें से 7 सांसदों को फिर मौका नहीं दिया है। मध्यप्रदेश में पहली सूची में 24 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं, यहां से पार्टी ने 5 सांसदों के टिकट काट दिए ⏩ शेष पेज 7 पर


नरेंद्र मोदी


अमित शाह


राजनाथ सिंह

भाजपा की पहली सूची में टेनी, राजा भैया शामिल, साध्वी प्रज्ञा को फिर मौका नहीं


मनोज तिवारी


बांसुरी स्वराज


प्रवीण खंडेलवाल


कमलजीत


रामबीर सिंह

### खास बातें

- पूरी सूची में 34 केंद्रीय मंत्री, 28 महिलाएं
- ओबीसी वर्ग के 57 नेताओं को मौका
- 3 पूर्व मुख्यमंत्रियों को भी अवसर
- सूची में 47 युवा नेता शामिल
- 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों का ऐलान



### दिल्ली: पांच टिकट घोषित, चार सांसदों को फिर मौका नहीं

भाजपा ने पहली लिस्ट में दिल्ली के चार सांसदों का टिकट काट कर अचंभित कर दिया। पहली लिस्ट में मात्र एक सांसद उत्तर पूर्व दिल्ली सीट से मनोज तिवारी अपना टिकट बचाने में सफल रहे हैं। नई दिल्ली से सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी, चांदनी चौक से सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षधर्वन, पश्चिम दिल्ली से सांसद सांसद प्रवेश वर्मा और दक्षिण दिल्ली से सांसद रमेश बिधूड़ी को टिकट नहीं दिया गया है। ये चारों पिछली दो बार से लोकसभा सदस्य थे। पार्टी ने नई दिल्ली से पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को उम्मीदवार बनाया है। चांदनी चौक से व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल को, ⏩ शेष पेज 7 पर

## महंगाई भत्ते में होगी चार फीसदी वृद्धि



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के कर्मियों और पेंशनरों को उनके महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत में चार फीसदी बढ़ोतरी का तोहफा मिलेगा। आगामी सप्ताह में डीए/डीआर बढ़ोतरी की घोषणा हो सकती है। अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू में 0.1 अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौजूदा समय में डीए/डीआर 46 फीसदी की दर से मिल रहा है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा सीपीआई-आईडब्ल्यू की रिपोर्ट जारी की है। इसमें औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 138.9 अंकों के स्तर पर संकलित हुआ है। महंगाई भत्ते की दर, पचास फीसदी के पार होते ही सरकार को 8वें वेतन आयोग के गठन पर गंभीरता से विचार करना होगा।

### विदिशा से शिवराज, गुना से सिंधिया, खजुराहो से वीडी शर्मा और मंडला से फग्गन उम्मीदवार

## मप्र की 29 में से 24 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा


शिवराज सिंह


ज्योतिरादित्य


वीडी शर्मा


फग्गन कुलस्ते

### भोपाल से लड़ेंगे आलोक

भाजपा ने मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से 24 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से और ज्योतिरादित्य सिंधिया को गुना से टिकट दिया गया है। मुरैना से शिवमंगल सिंह, ग्वालियर से भारत सिंह कुशवाह, भिंड से संध्या राय, सागर से लता वानखेड़े, दमोह से राहुल लोधी, खजुराहो से वीडी शर्मा, सतना से गणेश सिंह, रीवा से जनार्दन मिश्रा , टीकमगढ़ से वीरेंद्र खटीक जबलपुर से आशीष दुबे को मैदान में उतारा गया है। भोपाल से आलोक शर्मा, सीधी से राजेश मिश्रा, शहडोल से हिंमाद्री सिंह, बैतूल से दुर्गादास उइके, मंडला से फग्गन कुलस्ते, ⏩ शेष पेज 7 पर

### इन सीटों पर बदले गए चेहरे

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 7 सांसदों को मैदान में उतारा था जिसमें से दो सांसदों की हार हुई थी जबकि 5 सांसद चुनाव जीत गए थे। विधानसभा चुनाव जीतने वाले सांसदों ने लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद यह सीटें रिक्त थीं। इन सीटों पर भाजपा ने नए चेहरों को मौका दिया है। मुरैना लोकसभा सीट से शिवमंगल सिंह तोमर को उम्मीदवार बनाया था। पहले यहां से नरेंद्र सिंह तोमर सांसद थे। सीधी से डॉ. राजेश मिश्रा पहले यहां से रीति पाठक सांसद थीं। होशंगाबाद यहां से दर्शन सिंह चौधरी को टिकट मिला है पहले यहां से राव उदय प्रताप सिंह सांसद थे। जबलपुर से ⏩ शेष पेज 7 पर

### उम्मीदवारों की लिस्ट

| | |
|---|---|
| वाराणसी | नरेंद्र मोदी |
| **दिल्ली** | |
| चांदनी चोक | प्रवीण खंडेलवाल |
| उत्तर पूर्वी दिल्ली | मनोज तिवारी |
| नई दिल्ली | बांसुरी स्वराज |
| पश्चिमी दिल्ली | श्रीमती कमलजीत सहरावत |
| दक्षिणी दिल्ली | रामवीर सिंह बिधूड़ी |
| **मध्य प्रदेश** | |
| मुरैना | शिवमंगल सिंह तोमर |
| भिंड (अजा) | श्रीमती संध्या राय |
| ग्वालियर | भारत सिंह कुशवाह |
| गुना | ज्योदिरादित्य सिंधिया |
| सागर | श्रीमती लता वानखेड़े |
| टीकमगढ़ (अजा) | वीरेंद्र खटीक |
| दमोह | राहुल लोधी |
| खजुराहो | वीडी शर्मा |
| सतना | गणेश सिंह |
| रीवा | जनार्दन मिश्र |
| सीधी | राजेश मिश्रा |
| शहडोल (अजजा) | श्रीमती हिमाद्री सिंह |
| जबलपुर | आशीष दुबे |
| मंडला | फग्गन सिंह कुलस्ते |
| होशंगाबाद | दर्शन सिंह चौधरी |
| विदिशा | शिवराज सिंह चौहान |
| भोपाल | आलोक शर्मा |
| राजगढ़ | रोडमल नागर |
| देवास | महेंद्र सिंह सोलंकी |
| मंदसौर | सुधीर गुप्ता |
| रतलाम (अजजा) | अनिता नागर सिंह चौहान |
| खरगोन (अजजा) | गजेंद्र पटेल |
| खंडवा | ज्ञानेश्वर पाटिल |
| बैतूल (अजजा) | दुर्गा दास उइके |
| **छत्तीसगढ़** | |
| सरगुजा (अजजा) | चिंतामणि महाराज |
| रायगढ़ (अजजा) | राधेश्याम राठिया |
| जांजगीर-चंपा (अजा) | कमलेश जांगड़े |
| कोरबा | सरोज पांडे |
| बिलासपुर | तोखन साहू |
| राजनंदगांव | संतोष पांडे |
| दुर्ग | विजय बघेल |
| रायपुर | बृजमोहन अग्रवाल |
| महासमुंद | श्रीमती रूप कुमारी चौधरी |
| बस्तर (अजजा) | महेश कश्यप |
| कांकेर (अजजा) | भोजराज नाग |
| **अंडमान और निकोबार** | |
| **द्वीप समूह** | बिष्णु पद रे |
| **अरुणाचल प्रदेश** | |
| अरुणाचल पश्चिम | किरेन रिजिजू |
| अरुणाचल पूर्व | तापिर गाओ |
| करीमगंज (अजा) | कृपानाथ मल्लाह |
| सिलचर | परिमल शुक्ला बैद्य |
| ऑटोनोमस जिला (अजजा) | अमर सिंग तिस्सो |
| गुवाहाटी | श्रीमती बिजुली कलिता मेधि |
| मंगलदोई | दिलीप सैकिया |
| तेजपुर | रंजित दत्ता |
| नौगांव | सुरेश बोरा |
| कलियाबोर | कामख्या प्रसाद तासा |
| जोरहाट | तोपोन कुमार गोगोई |
| डिब्रूगढ़ | सर्वानंद सोनोवाल |
| लखीमपुर | प्रधान बरुआ |
| **दादर व नगर हवेली एवं दमन एवं दीव** | |
| दमन एवं दीव | लालूभाई पटेल |
| **गोवा** | |
| उत्तर गोवा | श्रीपद येस्सो नाईक |
| **गुजरात** | |
| कच्छ (अजा) | विनोदभाई लखमाशी चावड़ा |
| बनासकांठा | श्रीमती (डॉ.) रेखाबेन हितेश भाई चौधरी |
| पाटण | भरतसिंहजी ढाभी |
| गांधीनगर | अमित शाह |
| अहमदाबाद पश्चिम | दिनेशभाई कोडरभाई |

⏩ शेष पेज 7 पर







# बेहतरीन हेल्थ इंफ्रा और इलाज
# उत्तर प्रदेश की पहचान






एम्स, गोरखपुर

- गोरखपुर और रायबरेली में एम्स संचालित
- हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की ओर अग्रसर
- 65 संचालित एवं 22 निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों के साथ चिकित्सा शिक्षा का विस्तार
- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम आयुष्मान भारत-जेएवाई) एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से 9 करोड़ लाभार्थियों हेतु प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक का चिकित्सा बीमा
- सभी 75 जिलों में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
- सरकारी चिकित्सा संस्थानों में एमबीबीएस सीटों की संख्या 1,840 से बढ़कर 3,828, निजी चिकित्सा संस्थानों में सीटों की संख्या 2,550 से बढ़कर 5250, कुल 9078 एमबीबीएस सीटें उपलब्ध
- सरकारी मेडिकल कॉलेजों की पीजी सीटों में 741 से 1543 की उल्लेखनीय वृद्धि, निजी मेडिकल कॉलेजों में 480 से 1,775 तक की वृद्धि, कुल 3,318 पीजी सीटें
- 21,889 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालित
- लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय व गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित चिकित्सा विश्वविद्यालयों की स्थापना
- सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में हेल्थ एटीएम की स्थापना
- मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों (मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेला) के माध्यम से 12.48 करोड़ से अधिक मरीजों का सफल इलाज
- किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ को NAAC A+ ग्रेड
- 11 जिलों में एकीकृत 50 बिस्तरों वाले आयुष अस्पतालों की स्थापना
- आयुष्मान भारत योजना के तहत 1,600 स्वास्थ्य कल्याण केंद्रों की स्थापना
- 225 योग कल्याण केंद्र संचालित

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

**खबर संक्षेप**

## वेतन का भुगतान नहीं, तो निगम को भंग कर देना चाहिए : इकबाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय अगर अपने कर्मियों के वेतन का भुगतान नहीं कर सकती तो निगम को भंग कर देना चाहिए। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने निगम कर्मियों के वेतन का समय पर वेतन भुगतान न होने के कारण निगम को पड़ी हाईकोर्ट की लताड़ पर आम आदमी पार्टी के मुखिया एवं सीएम अरविंद केजरीवाल और महापौर पर निशाना साधते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि आप के शासन काल में निगम की व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है एवं आप की सरकार निगम को चला पाने में बुरी तरह विफल साबित हुई है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम चुनाव के समय मुख्यमंत्री केजरीवाल छाती ठोककर निगम कर्मियों के वेतन का समय से भुगतान करने की गारंटी देते थे किंतु आज हालात यह हैं कि वेतन के लिए कर्मियों को हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ रही है।

## गोपीनाथ साह्य का 100वां बलिदान दिवस मनाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से अमर शहीद गोपीनाथ साह्य का 100वां बलिदान दिवस मनाया गया। बंगाली क्रांतिकारी गोपीनाथ साह्य की बलिदान शताब्दी पर दिल्ली के आर्य प्रतिनिधियों व समाज सेवकों ने जन-जागृति का संकल्प लिया। अपार इंडिया फाउंडेशन के डायरेक्टर राजकुमार जैन ने कहा कि आजादी की लड़ाई में लाखों स्वतंत्रता सेनानी आगे आए, उनमें से गोपीनाथ साह्य भी एक महान क्रांतिकारी थे। जिन्होंने 19 वर्षीय अवस्था में सुभाष चंद्र बोस व क्रांतिकारियों की रक्षा में अपना बलिदान दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रवीण शर्मा ने समाज सेवियों के साथ चंद्रमोहन आर्य की पुस्तक 'महान देशभक्त' का लोकार्पण किया।

### शिक्षा मंत्री ने छह मार्च तक फंड जारी करने का दिया निर्देश

# स्कूलों को फंड जारी करने में हो रही देरी पर आतिशी ने मुख्य सचिव को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने छह सरकारी स्कूलों को फंड जारी करने में हो रही देरी पर शनिवार को मुख्य सचिव को फटकार लगाते हुए छह मार्च तक फंड जारी करने के निर्देश दिया है। उन्होंने फंड में हो रही देरी पर हाईकोर्ट की नाराजगी का हवाला देते हुए चेतावनी दी और कहा कि अब कोई भी और देरी कोर्ट के आदेश की अवमानना होगी। मंत्री आतिशी ने मांग की है कि दिल्ली हाईकोर्ट की अगली सुनवाई से पहले लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को धनराशि दे दी जाए और इसके लिए सभी विभाग अगले चार दिनों तक लगातार 24 घंटे काम करें। ज्ञात हो कि छह सरकारी स्कूलों के लिए भुगतान अभी तक नहीं हुआ है और फाइल शिक्षा और वित्त विभाग के बीच घूम रही है। जबकि, हाईकोर्ट ने भी फंड जारी करने में हो रही देरी पर अपनी नाराजगी जता चुका है। आतिशी ने दिल्ली के मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि शिक्षा विभाग, पीडब्ल्यूडी और वित्त विभाग अगले चार दिनों के लिए 24 घंटे काम करें, ताकि पैसों का भुगतान छह मार्च तक किया जा सके। इससे पहले, इस मामले को सुलझाने के लिए मुख्य सचिव ने चार सप्ताह का समय और मांगा था। जिस पर नाराजगी जताते हुए मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि अतिरिक्त समय मांगना सही नहीं है और यह हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन भी होगा। पैसे का भुगतान करने के लिए समय सीमा तय करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव को लिखे नोट में कहा है कि यह सुनिश्चित करना मुख्य सचिव की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि समय का पालन किया जाए। आतिशी ने कहा कि छह सरकारी स्कूलों के लिए लंबित फंड 6 मार्च तक जारी करना होगा। यह मामला 20 नवंबर 2023, 5 दिसंबर 2023 और 4 जनवरी 2024 और 1 फरवरी 2024 को दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष सुनवाई के लिए आया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने 1 फरवरी 2024 के अपने आदेश में कहा था कि इस आदेश की एक प्रति को संबंधित फाइलों के साथ दिल्ली के मुख्य सचिव को मुख्यमंत्री के सामने रखना होगा। दिल्ली हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 6 मार्च 2024 को होनी है। सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले एक ग्रुप ने नवंबर 2023 में दिल्ली हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर दिल्ली सरकार के स्कूलों को छह नवनिर्मित स्कूल भवनों का कब्जा सौंपने के लिए दिल्ली सरकार को निर्देश देने की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने दिल्ली सरकार को यह भी निर्देश देने की मांग की है कि वह लोक निर्माण विभाग को 166.20953 लाख रुपये के भुगतान को मंजूरी दे, जिससे कि छह नवनिर्मित स्कूल भवनों का हस्तांतरण और कब्जा पूरा हो सके। जिन छह स्कूलों के लिए फंड जारी किया जाना है, उनमें मुकुंदपुर का गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बख्तावरपुर का गवर्नमेंट बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लांसर रोड का सर्वोदय विद्यालय, रानी बाग का गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रोहिणी सेक्टर- 7 का को-एड सर्वोदय विद्यालय और पंजाब खोरे का गवर्नमेंट मिडिल स्कूल शामिल हैं। इन छह सरकारी स्कूलों में कुल 458 कक्षाएं और 22 शौचालय बनाए जाने हैं।




### छात्रों को छह नवनिर्मित स्कूल भवनों से रहना पड़ा वंचित

याचिकाकर्ता ने कोर्ट में कहा कि पिछले दो वर्षों से अधिकारियों के काम न करने की वजह से हजारों छात्रों को छह नवनिर्मित स्कूल भवनों से वंचित रहना पड़ा है। याचिकाकर्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार की वजह से भारत के संविधान और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत छात्रों के शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन हुआ है। याचिका में यह भी कहा गया है कि इन सरकारी स्कूलों में कक्षाओं की कमी के कारण छात्र-शिक्षक के अनुपात में बहुत ज्यादा अंतर है और आसपास के क्षेत्र में रहने वाले बच्चों की शिक्षा के अधिकार पर असर पड़ रहा है।

## डीडीए का दो दिवसीय पलाश फ्लावर फेस्टिवल शुरू एलजी आज करेंगे अवलोकन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का दो दिवसीय पलाश फ्लावर फेस्टिवल शनिवार से शुरू हो गया। लेकिन डीडीए के चेयरमैन व उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना इस फेस्टिवल में रविवार को पहुंचेगें। डीडीए के अनुसार स्वच्छ और हरित दिल्ली के लक्ष्य के साथ और विकास के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए डीडीए का दो दिवसीय फूल उत्सव पलाश 2 और 3 मार्च 2024 को डीडीए ग्रीन्स - शिवाजी मार्ग, रोहतक रोड पर हो रहा है। किन्हीं कारणों के चलते महोत्सव का उद्घाटन उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना नहीं कर पाए, लेकिन रविवार को उत्सव में शामिल होंगे। महोत्सव में विभिन्न प्रकार के रंग बिरंगे फूलों, ना ना प्रकार के पौधों और पुष्प सज्जा की शानदार श्रृंखला प्रस्तुत की गई है। जिनमें देशी व विदेशी फूलों की विभिन्न किस्मों को बेहद नजदीक से देखा जा सकता है। कहा जा सकता है कि यह उत्सव खासकर फूल प्रेमियों प्रकृति की रचनाओं की सुंदरता और विविधता को चाहने वालों के लिए अनमोल पल साबित होंगे। डीडीए के अनुसार पुष्प प्रदर्शन महोत्सव में बच्चों के दिलों को गुदगुदाने के लिए डीजे प्ले, सेरेमोनियल बैंड परफॉर्मेंस, इंटरैक्टिव सेल्फी पॉइंट और सवारी आकर्षण जैसे मनोरंजन साधन उन्हें आकर्षित कर रहे है। आयोजन में आगंतुकों ने नृत्य, संगीत और आनंद का भरपूर आनंद उठाया। वहीं महोत्सव में पर्यटकों ने स्ट्रीट फूड, स्नैक्स से लेकर मिठाइयों तक का जमकर जायका लिया।

## भाजपा सांसदों ने पिछले पांच साल में जनता के लिए नहीं किया कोई काम : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




■ अगर दिल्लीवालों के हक की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ने वाला कोई है तो वो केवल अरविंद केजरीवाल ही हैं

पूर्वी दिल्ली समेत कई लोकसभा सीटों से मौजूदा सांसदों की जगह नए चेहरों को उतारने पर आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कि दिल्ली में भाजपा के सातों सांसदों ने पिछले पांच साल में जनता के लिए कोई काम नहीं किया है। आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शनिवार को प्रैसवार्ता में कहा कि भाजपा का यह ट्रेंड बन गया है कि पहले वो निकम्मे लोगों को टिकट देती है, जब वो पांच साल काम नहीं करते हैं तो कहती है कि हम टिकट बदल रहे हैं। उन्होंने दिल्लीवालों से अपील करते हुए कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन से सातों सांसद जिताएं, ताकि वो संसद में दिल्ली के हक की आवाज उठा सके। उन्होंने प्रश्न किया कि अगर किसी भी सांसद ने कोई काम किया है तो भाजपा बताए। जब संसद में दिल्लीवालों के अधिकार छीन लिए गए, एलजी लगातार जनता को मिल रही सुविधाएं रोक रहे हैं, तब ये सांसद कहां थे? जब दिल्ली के लोग परेशान हो रहे थे, तब ये सातों सांसद केंद्र सरकार की गोंद में जाकर बैठ गए थे और दिल्लीवालों की परेशानियों पर खुश हो रहे थे। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से उम्मीदवार कुलदीप कुमार के साथ प्रैसवार्ता में आतिशी ने कहा कि भाजपा के पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर ने एक्स पर लिखा है कि वह राजनीतिक जीवन से संन्यास लेना चाहते हैं और अब आगे सक्रिय राजनीति में नहीं रहना चाहते हैं। इस ट्वीट का साफ मतलब है कि भाजपा गौतम गंभीर का पूर्वी दिल्ली से टिकट काट रही है।

### राष्ट्रवाद और लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध एक वैचारिक संस्था है भाजपा : सचदेवा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और मंत्री आतिशी को पता होना चाहिए कि उनकी आम आदमी पार्टी के विपरीत हमारी पार्टी भाजपा व्यक्तियों का समूह नहीं है, बल्कि राष्ट्रवाद और लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध एक वैचारिक संस्था है, जहां चुनाव लड़ने वाला सिर्फ एक नाम है। यह पार्टी और उसके लाखों कार्यकर्ता ही हैं जो वास्तव में चुनाव लड़ते हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को मंत्री आतिशी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा है कि ऐसा लगता है कि आम आदमी पार्टी की हार के डर ने दिल्ली की मंत्री आतिशी को मानसिक रूप से इस हद तक कमजोर कर दिया है कि उन्होंने अतार्किक बयान जारी करना शुरू कर दिया है। सचदेवा ने कहा है कि भाजपा लोगों के लिए प्रतिबद्ध पार्टी है और हमारे सांसद और अन्य जन प्रतिनिधि चौबीसों घंटे नागरिक हित में उपलब्ध हैं।

## एनडीएमसी अध्यक्ष ने चाणक्यपुरी में 'रोज़ फेस्टिवल' का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष अमित यादव ने डच दूतावास के कृषि सलाहकार माइकल वॉन एर्केल की उपस्थिति में चाणक्यपुरी के शांति पथ स्थित भारत-अफ्रीका मैत्री रोज़ गार्डन में 6 दिवसीय गुलाब महोत्सव (रोज़ फेस्टिवल) का शनिवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर एनडीएमसी अध्यक्ष अमित यादव ने 10 से 21 फरवरी, 2024 तक ट्यूलिप महोत्सव के दौरान आयोजित ट्यूलिप फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेता प्रेरणा, शम्पा मोइत्रा और गुकुलानंद नंदन रहे। . एनडीएमसी के अध्यक्ष ने गिव मी ट्रीज़ ट्रस्ट, एनजीओ के इश्तियाक अहमद, जो ट्यूलिप वॉक के समन्वयक और मार्गदर्शक रहे और विक्रमजीत सिंह रूपराय, जो ट्यूलिप फोटोग्राफी प्रतियोगिता के निर्णायक रहे, को भी सम्मानित किया। एनडीएमसी अध्यक्ष ने कहा कि एनडीएमसी का रोज़ फेस्टिवल, ट्यूलिप फेस्टिवल और फ्लावर फेस्टिवल दिल्ली के प्रमुख इवेंट कैलेंडर में प्रमुखता से जगह बना चुके हैं। हजारों फूल प्रेमियों ने नई दिल्ली के दिल की सुंदरता और खुशबू को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजनों की सराहना की है। यादव ने वसंत ऋतु में ट्यूलिप, गुलाब और अन्य फूलों की देखभाल करने वाले मालियों की कड़ी मेहनत की सराहना की और इस अवसर पर ट्यूलिप और गुलाब के बागवानी के मालियों की टीम को भी सम्मानित किया।






## एलजी ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ उगाही के मामले में दी सीबीआई जांच की मंजूरी

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने धन शोधन के एक मामले के जेल में बंद आरोपी सुकेश चंद्रशेखर की जबरन वसूली की शिकायत पर दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने को मंजूरी दे दी है। राजनिवास के सूत्रों का कहना है कि उपराज्यपाल ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत जैन के खिलाफ सीबीआई जांच के लिए मंजूरी दी है। केजरीवाल सरकार में पूर्व गृह मंत्री जैन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मई 2022 में धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था और वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। पूर्व मंत्री जैन पर आरोपी चन्द्रशेखर को संरक्षण देने के बदले में शुल्क के रूप में 10 करोड़ रुपये वसूलने का गंभीर आरोप है। राज निवास के सूत्रों की मानें तो इस मामले में तिहाड़ जेल के एक पूर्व महानिदेशक भी आरोपी थे। बता दें कि सुकेश के मुताबिक 2018 से 2021 के बीच में उससे 10 करोड़ रुपये की उगाही की गई थी। गत वर्ष सीबीआई ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग करते हुए यह दावा किया था कि राजधानी की जेलों में उगाही का रैकेट चलाया जा रहा है। इसमें जेल अधिकारियों के अलावा अन्य लोग भी शामिल हैं।

## दिल्ली में सुबह हुई बारिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई हिस्सों में शनिवार सुबह बारिश दर्ज हुई। जबकि दिन में तेज हवाओं के बीच सूरज भी निकला और एक दो बार बूंदाबांदी भी हुई। जिसके बाद दिन में अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री नीचे लुढ़ककर 25.2 डिग्री दर्ज हुआ जो इस मौसम में सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा रहा। मौसम विभाग ने सुबह साढ़े आठ बजे से सायं पांच बजे के बीच दिल्ली में करीब जीरो 8 मिमी बारिश दर्ज की है। दिन के समय दिल्ली में सबसे ज्यादा बारिश राजघाट में 5.0 मिमी दर्ज की।




भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में पहुंचे राष्ट्रीय मंत्री

# विकसित भारत की अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा की गारंटी है मोदी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री ओम प्रकाश धनकड़ ने यहां कहा कि विकसित भारत की अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा मोदी सरकार की गारंटी है। धनकड़ भाजपा जिला महानगर इकाई की ओर से दिल्ली मेरठ रोड स्थित आरकेजीआईटी कॉलेज के सभागार में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

प्रबुद्ध सम्मेलन की शुरुआत पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। ओम प्रकाश धनकड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अपने सर्वोच्च शिखर पर है। उसमें कार्यकर्ताओं के साथ आप सभी प्रबुद्धजनों का भी योगदान है। आप सभी समाज के बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। आपके द्वारा जनता में प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान से लेकर कोरोना वैक्सीन के निर्माण व टीकाकरण को समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाया गया।

धनकड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अपने सर्वोच्च शिखर पर है। उसमें कार्यकर्ताओं के साथ आप सभी प्रबुद्धजनों का भी योगदान है।

**अनुच्छेद 370 का खात्मा, भव्य मंदिर निर्माण, 3 तलाक, लद्दाख व जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित राज्य घोषित करने जैसे अभूतपूर्व निर्णय लिए**



### पीढ़ियां याद रखेंगी

धनकड़ ने कहा कि जब तक देश की बागडोर मोदी के हाथों में है तब तक देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा की तरफ कोई भी देश आंख उठाकर नहीं देख सकता है। अनुच्छेद 370 का खात्मा, अयोध्या भव्य मंदिर निर्माण, तीन तलाक, लद्दाख व जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित राज्य घोषित करने जैसे अभूतपूर्व निर्णय व कार्य हैं। उन्होने बदलते भारत की तस्वीर संतों, देशभक्तों,समाजसुधारकों की पहचान से ओत प्रोत दिखाई पड़ती है। जिसको आने वाली पीढ़ियां सदैव याद रखेंगी।

### प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को लोकसभा 2024 का शंखनाद बताया

लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला ने प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को लोकसभा 2024 का शंखनाद बताया। लोकसभा संयोजक अजय शर्मा ने प्रस्तावना के दौरान लोकसभा चुनाव की सभी तैयारियां पुख्ता बताते हुए गाजियाबाद की जीत के मार्जिन को बढ़ाने की ओर चुनाव को केंद्रित करने का लक्ष्य बताया। गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने गाजियाबाद को प्रबुद्ध नगरी बताते हुए सभी का आभार जताया। लोकसभा प्रबुद्ध जन सम्मेलन को जिलाध्यक्ष सतपाल सिंह,महापौर सुनीता दयाल,राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, क्षेत्रीय मंत्री हरिओम शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, लोकसभा सह प्रभारी सुभाष भाटी आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सहित विभिन्न कार्यक्षेत्र शिक्षक, अधिवक्ता, चिकित्सक, व्यवसायी, प्रोफेसर तथा विभिन्न समाज व कार्यक्षेत्र से आये प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील यादव ने किया।

**खबर संक्षेप**

### नौकरी दिलाने के बहाने बुलाकर किया दुष्कर्म



**गाजियाबाद।** एक युवती को ट्रॉनिका सिटी में नौकरी दिलाने के बहाने अपने घर ले गया, वहां उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेसुध कर युवक ने नशे की हालत में युवती के अश्लील फोटो व वीडियो बना लिए। युवती को ब्लैकमेल कर कई बार दुष्कर्म किया। गया।

### मर्सिडीज ने स्कूटी सवार को रौंदा, मौत



**गुरुग्राम।** न्यू कॉलोनी एरिया में स्कूटी से जा रहे 59 वर्षीय व्यक्ति को मर्सिडीज कार ने रौंद दिया। हादसे में स्कूटी चालक की मौत हो गई, जबकि पैदल चल रहा युवक भी घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल भर्ती कराया गया है। हादसे को अंजाम देकर चालक मर्सिडीज को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मर्सिडीज को अपने कब्जे में लेकर केस दर्ज कर लिया।

### देसी पिस्तौल व जिंदा रोंद सहित आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेन्ट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने देशी कट्टा पिस्तौल व जिंदा रोंद सहिता आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी गुरमीत गांव उंचा गांव का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से शाहुपुरा रोड डीलर चौक के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी पिस्तौल व जिंदा रोंद बरामद हुआ है।

### अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने अवैध शराब तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी सचिन को गस्त के दौरान अनखीर रोड से होंडा सिटी कार सहित काबू किया है। कार की तलाशी लेने पर आरोपी से 216 बोतल देशी शराब, 216 बोतल अंग्रेजी शराब और 48 बोतल बियर की बरामद की गई है।

### 503 ग्राम गांजा सहित आरोपी को किया काबू



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र की टीम ने अवैध नशा तस्करी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सद्दाम उर्फ कासु अजय नगर कॉलोनी पुस्ता रोड पल्ला का रहने वाला है। अपराध शाखा ने आरोपी के घर के पास से काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपी से 503 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

500-500 रुपए आने-जाने और 100 रुपए खाने-पीने का लगेगा

# फरीदाबाद से 4 मार्च को चलेगी अयोध्या के लिए स्पेशल आस्था ट्रेन,किराया 1100

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

चार फरवरी रात 10 बजे आस्था स्पेशल ट्रेन फरीदाबाद से अयोध्या के लिए चलेगी। पांच मार्च दोपहर 12 बजकर 55 मिनट पर यह ट्रेन उत्तर प्रदेश के अयोध्या पहुंचेगी।

अयोध्या जाने वालों के लिए खुशखबरी है। औद्योगिक नगरी से अयोध्या के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन चार फरवरी को चलेगी। आस्था स्पेशल ट्रेन चार फरवरी रात 10 बजे स्टेशन से चलेगी और पांच मार्च दोपहर 12 बजकर 55 मिनट पर अयोध्या धाम पहुंचेगी। अगले दिन यानी छह मार्च सुबह साढ़े चार बजे यह ट्रेन अयोध्या से चलकर शाम सात बजकर 15 मिनट पर फरीदाबाद पहुंचेगी। इसका किराया 1100 रुपए प्रति व्यक्ति तय किया गया है। 500-500 रुपए आने-जाने और 100 रुपए खाने-पीने का लगेगा। जिले के 20 भाजपा मंडल अध्यक्षों को यात्रा की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। हर मंडल अध्यक्ष 30 लोगों का रजिस्ट्रेशन करेगा।

- रात 10 बजे फरीदाबाद से चलेगी

**खास बातें**

- जाने वाले लोग अपने पास आधार कार्ड और पासपोर्ट साइज का फोटो रखें, रेलवे देगा आईकार्ड
- मंदिर में प्रसाद या फूल माला लेकर नहीं जा सकेंगे

**जिले के 20 भाजपा मंडल अध्यक्षों को यात्रा की व्यवस्था की जिम्मेदारी**



दोपहर एक बजे अयोध्या पहुंचेंगे

### रजिस्ट्रेशन करवाना होगा ज़रूरी

इच्छुक लोग सेक्टर-15 में भाजपा कार्यालय या फिर सेक्टर-65 बाइपास रोड महाराजा पैलेस में सुखबीर मलेरना से संपर्क कर सकते हैं। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं तिगांव विधानसभा के प्रभारी सुखबीर मलेरना ने बताया कि जाने वाले लोग अपने पास आधार कार्ड और पासपोर्ट साइज का फोटो रखें। रेलवे आईकार्ड बनाकर देगा, लोग मंदिर में प्रसाद या फूल माला लेकर नहीं जा सकेंगे।

**10 कोच की होगी ट्रेन**

अयोध्या राम मंदिर में मोबाइल भी नहीं ले जा सकेंगे। फिलहाल 10 कोच की यह ट्रेन होगी और एक कोच में 67 यात्री सफर करेंगे। फरीदाबाद रेलवे स्टेशन अधीक्षक अखिलेश कुमार का कहना है कि रेलवे की ओर से इस बारे में मैसेज आ चुका है और चार फरवरी की रात को ट्रेन चलेगी।



## सीएम ने फरीदाबाद लोकसभा का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लाइव वर्चुअल बैठक कर तिगांव विधानसभा क्षेत्र में 2024 लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस कार्यालय से फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की चुनाव गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

पल्ला चौक सेक्टर 37 स्थित अपने इस कार्यालय पर विधायक राजेश नागर सैकड़ों समर्थकों एवं प्रमुख पदाधिकारियों के साथ मौजूद रहे। सीएम मनोहर लाल ने मौजूद सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अभी चुनाव व्यवस्थाओं में लग जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर देनी है। इसके लिए हमें हरियाणा की सभी दस सीटों को जिताकर भेजना है। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर हर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन कर सीएम मनोहर लाल ने हम सभी में अपनी ओजस्वी वाणी से ऊर्जा का संचार किया है। हमारा संगठन और सभी समर्थक पूरी तरह से तैयार हैं और पार्टी के सभी पदाधिकारी, विधायक और मंत्रीगण लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को लेकर बैठक करने लगे हैं। हम पिछली बार से भी अधिक वोटों के साथ जीत के प्रति आश्वस्त हैं और देश की खुशहाली व तरक्की में सहयोग करेंगे।

### तिगांव विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक वोट प्राप्त करेगा लोस प्रत्याशी

विधायक ने कहा कि लोकसभा प्रत्याशी तिगांव विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक वोट प्राप्त करेगा। देश व प्रदेश में भाजपा की सरकारें अंत्योदय के लिए योजनाओं को लागू कर रही हैं उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

तेज रफ्तार कार की टक्कर

## बाइक सवार अधिवक्ता की मौत, केस दर्ज कर जांच शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर 64 महिला थाने के पास तेज रफ्तार से आ रही कार ने मोटरसाइकिल पर सवार अधिवक्ता को टक्कर मार दी। हादसे में अधिवक्ता की मौत हो गई। कार चालक घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। थाना आदर्श नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। आदर्श नगर निवासी अमित कुमार शर्मा ने बताया कि वह चार भाई बहन है।

एक मार्च को उनका छोटा भाई प्रमोद शर्मा मोटरसाइकिल पर सवार होकर सेक्टर-62 की तरफ जा रहे थे। उनके पीछे वह अपनी स्कूटी पर चल रहे थे। जैसे ही दोनों सेक्टर-64 स्थित महिला थाने के सामने पहुंचे, तो तेज रफ्तार से आ रही कार ने उनके भाई प्रमोद की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने की वजह से प्रमोद शर्मा मोटरसाइकिल से उछलकर सड़क के दूसरी ओर जा कर गिर गए। उन्होंने अधिवक्ता को उपचार के लिए बल्लभगढ़ सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने अधिवक्ता को मृत घोषित कर दिया। अधिवक्ता के दो बच्चे है।



## निगम ने हटाया सड़क किनारे से अवैध कब्जा,48 हजार का जुर्माना भी वसूला

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने सिटी जोन के अंतर्गत मार्गो को खाली कराया गया तथा अतिक्रमण को हटाया गया साथ ही दुकानदारों से अपनी सीमा में बैठने की अपील की गई। कार्यवाही के अंतर्गत 48 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। शहर के 5 जोन रोस्टर के क्रम में अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही कर रहे हैं। मोहन नगर जोन तथा सिटी जोन में मार्गो को खाली करने तथा आवागमन सरल बनाने की श्रृंखला में कार्यवाही की गई। सिटी जोन के अंतर्गत घंटाघर के मार्केट में अभियान चलाया गया तथा 48000 जुर्माना भी वसूला गया, मोहन नगर जोन के अंतर्गत शालीमार गार्डन में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही हुई जिसमें लगभग 65000 का जुर्माना भी वसूला गया, ज़ोन प्रभारी की टीम दुकानदारों से अपील कर रही है कि वह सड़कों पर अतिक्रमण न करें तथा आवागमन को सुव्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करें अपील की जा रही है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

## घरेलू विवाद में पति ने पत्नी की गला घोटकर कर दी हत्या


### कुछ ही घंटे में पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना मसूरी क्षेत्र के अंबेडकर इलाके में एक पति ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी की गला घोटकर हत्या कर दी और फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने कुछ घंटे में ही उसको गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने बताया कि मसूरी पुलिस को कुछ लोगों ने सूचना दी कि अंबेडकर नगर में भरत नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी सुनीता (51 वर्ष) की गला घोटकर हत्या कर दी है और फरार हो गया है।

सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने भरत को गिरफ्तार कर लिया है । पूछताछ में आरोपी ने बताया कि चार दिन पहले अपनी पत्नी से घरेलू विवाद में कहा सुनी हो गई थी। जिससे गुस्से में आकर उसने उसका गला घोट कर हत्या कर दी। पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना दे दी है और विस्तृत जांच पड़ताल कर रही है।



दिल्ली के मंत्री भारद्वाज ने किया उद्घाटन

## वॉयस ऑफ कलर्स प्रदर्शनी में कला रसिकों को उत्कृष्ट कला के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साहित्य कला परिषद, एनसीटी दिल्ली सरकार के कला और संस्कृति विभाग ने बीकानेर हाउस, पंडारा रोड में वॉयस ऑफ कलर्स प्रदर्शनी का अनावरण किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन दिल्ली के कला एवं संस्कृति मंत्री सौरभ भारद्वाज ने किया। इस प्रदर्शनी में वर्ष 2017 और 2024 में साहित्य कला परिषद द्वारा आयोजित आर्टिस्ट कैंप की असाधारण कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं।

इस प्रदर्शनी से प्रसिद्ध कलाकारों की विविध प्रतिभाओं और रचनात्मकता को एक मंच मिला है। प्रदर्शनी में अजय समीर, अनुपम सूद, धर्मेंद्र राठौड़, गोपू गजवानी, हेमराज, जगंथ पांडा, माधवी पारेख, मनीषा पुस्कले, मन्नू पारेख, मनोज अग्रवाल, मिलन शर्मा, रितु कामथ, साबिया, शोभा ब्रूटा, श्रीधर अय्यर और यूसुफ जैसे प्रसिद्ध कलाकार शामिल हैं। यह प्रदर्शनी समकालीन कलात्मकता का एक विविध कैनवास प्रस्तुत करती है। प्रदर्शनी में प्रसिद्ध कलाकार सबिया की प्रकृति के आकर्षक चित्रण से लेकर श्रीधर अय्यर की गतिशील रचनाओं तक प्रत्येक कलाकृति दर्शकों को रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के जीवंत क्षेत्र में अन्वेषण और खोज की यात्रा पर ले जाती है।



**समृद्ध कलाकृति का प्रमाण है रचनात्मक अभिव्यक्ति**

इस अवसर पर दिल्ली के कला एवं संस्कृति मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, वॉयस ऑफ कलर्स प्रदर्शनी हमारे समुदाय के भीतर फल-फूल रही रचनात्मक अभिव्यक्ति की समृद्ध कलाकृति का एक प्रमाण है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन करना सम्मान की बात है, जो कला और रचनात्मकता की परिवर्तनकारी शक्ति का जश्न मनाता है।साहित्य कला परिषद की सचिव डॉ. मोनिका प्रियदर्शनी ने कहा कि वॉयस ऑफ कलर्स प्रदर्शनी का अनावरण कर हम न केवल ब्रश के स्ट्रोक का जश्न मना रहे हैं, बल्कि प्रत्येक उत्कृष्ट कृति में बुनी गई असंख्य कहानियों और भावनाओं का भी जश्न मना रहे हैं। वॉयस ऑफ कलर्स प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक खुली रहेगी, जिससे कला प्रेमियों को उत्कृष्ट कलाकृतियों को देखने और उनका आनंद लेने के अवसर मिलेंगे।

## औद्योगिक इकाइयां चुका रहीं सरकार को 20 हजार करोड़ से ज्यादा टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मेरठ रोड औद्योगिक क्षेत्र में देश की कई नामी कंपनियों समेत करीब ढ़ाई हजार से अधिक इकाईयां संचालित हो रही हैं, लेकिन वह किन हालात में हैं। इसका कोई पुरसान-ए हाल नहीं है। शासन के आदेश पर जिला उद्योग बंधु से लेकर नगर निगम में उद्यमियों के साथ समस्याओं के निराकरण को लेकर बैठक हर माह करने का प्रविधान है, जिनमें औद्योगिक क्षेत्र के दर्द पर सिर्फ आश्वासन का मरहम लगाया जाता है। यहां जल निकासी, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और कई जगह सड़क गायब हैं।

औद्योगिक क्षेत्रों में यूपीसीडा का मेरठ रोड औद्योगिक क्षेत्र अन्य के मुकाबले सर्वाधिक टैक्स चुकाने वाला औद्योगिक क्षेत्र है। इसके बावजूद यहां मूलभूत सुविधाओं का टोटा साफ नजर आता है। उद्यमियों की समस्याओं को लेकर कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता से लेकर नगर निगम में नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बैठकें होती हैं, जिसमें तमाम समस्याओं को प्रमाण के साथ पटल पर रखकर निराकरण की मांग की जाती है।हर माह संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके लिए निर्देशित किया जाता है, लेकिन समस्याएं हल होने की बजाए पिछले एक से डेढ़ दशक तक जस की तस खड़ी हैं। उद्यमियों ने बताया कि टैक्स चुकाने के बावजूद सुविधाओं की मांग करने को लेकर दिए जा रहे प्रार्थना पत्रों की फाइल दिनोंदिन मोटी हो रही है, लेकिन किसी अफसर, कार्यदायी संस्था या जनप्रतिनिधि के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है।



## खबर संक्षेप



### पंजाबी बाग इलाके में बोरे से मिली सड़ी गली लाश

**नई दिल्ली।** पंजाबी बाग इलाके के रोहतक रोड पर शनिवार को बंद बोरे के अंदर से सड़की गली लाश पाई गई। मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। शव को 72 घंटों के लिये मॉर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब पौने तीन बजे रोहतक रोड मेट्रो पिलर नंबर 124 के पास एक बोरा पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने जब बोरे को काटा तो उसके अंदर एक लाश थी। मौके पर क्राइम और एफएसएल की टीम ने जांच की और शव मोर्चरी भेजा। पंजाबी बाग थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आसपास के थानों में गुमशुदा लोगों के रिकॉर्ड चैक कर मृतक की शिनाख्त करवाने का प्रयास कर रही है।

### अंधेरिया मोड़ पर ट्रक के ब्रेक हुये फेल, कई वाहन हुए क्षतिग्रस्त

**नई दिल्ली।** महरौली क्षेत्र के अंधेरिया मोड़ पर शनिवार दोपहर लगभग पौने चार बजे एक ट्रक ने कई वाहनों को रौंद दिया। चार लोग घायल हुये। सभी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने ट्रक चालक को मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि ब्रेक फेल होने के कारण एक ट्रक ने पांच दोपहिया वाहनों और 1 साइकिल रिक्शा को टक्कर मार दी है। चार घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। ट्रक चालक शेर सिंह निवासी आकाश विहार, बापरौला को घटनास्थल पर ही पकड़ लिया गया। क्राइम टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### विदेशी टूरिस्ट के साथ गैंगरेप हमारे देश के लिए शर्म की बात : मालीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने झारखंड में एक विदेशी टूरिस्ट महिला के साथ हुए गैंगरेप के मामले पर शनिवार को कहा कि यह हमारे देश के लिए शर्म की बात है। हमें शर्म से डूब मरना चाहिए। दुनिया भर में देश का नाम खराब हो रहा है। सांसद स्वाति मालीवाल ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि हमारे देश के लिए कितने शर्म की बात है कि एक विदेश से आयी टूरिस्ट महिला का 7-8 दरिंदों ने गैंगरेप किया और पीटा। हमें शर्म से डूब मरना चाहिए। दुनिया भर में देश का नाम खराब हो रहा है। झारखंड सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि जल्द से जल्द मामले की जांच हो और अपराधियों को कड़ी सजा मिले। देश की सभी सरकारों को महिला सुरक्षा पर एक साथ व सख्ती से काम करने की जरूरत है।

### मुस्लिम समाज के गणमान्य भाजपा में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के मार्गदर्शन और नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं से लाभांवित मुस्लिम समाज के गणमान्य जनों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सिया सुन्नी फ्रंट के राष्ट्रीय सचिव नज्मी नकवी एवं गुलहसन रिज्वी, दिल्ली केमिस्ट एंड फार्मेसी एसोशिएशन सचिव दिनेश आनंद सहित अन्य शामिल हैं। यहां सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री की योजनाएं समाज के सभी वर्गों के लिए समान रुप से है और मोदी सरकार ने अपनी योजनाओं में कभी किसी का मजहब नहीं पूछा है। वहीं, नेता विपक्ष बिधूड़ी ने का कि देश के लोगों ने मन बना लिया है कि जिस प्रधानमंत्री ने बिना किसी भेद भाव के योजनाओं का लाभ दिया है, उसे एक बार फिर से प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठना है। इस मौके पर पूर्व महापौर आरती मेहरा, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनीस अब्बासी, प्रदेश प्रवक्ता शुभेन्दू शेखर अवस्थी और अशोक ठाकुर उपस्थित थे।

## हरियाणा में भी कर चुके वारदात

# ज्वैलरी शॉप पर फायरिंग करने वाले तीन गिरफ्तार

अमन विहार इलाके में ज्वैलरी शॉप लूटने में नाकामयाब होने पर फायरिंग करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम निशांत उर्फ काला, हरदीप व सौरव है। तीनों रोहतक और सोनीपत के रहने वाले हैं। इनके पास से एक देसी कट्टा, पांच कारतूस और वारदात में इस्तेमाल एक कार बरामद हुई है। पूछताछ में पता चला कि इन्होंने महज चार दिन के भीतर दिल्ली और हरियाणा में चार वारदातों को अंजाम दिया था। इनमें तीन पेट्रोल पंप लूट भी शामिल है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

डीसीपी रोहिणी गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने बताया कि 28 फरवरी की रात 8:43 बजे सेक्टर-20 रोहिणी में एक आभूषण की दुकान पर गोलीबारी की सूचना मिली थी। मौके से तीन गोली के खोल भी बरामद हुये थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी दुकान का दरवाजा खोलने की कोशिश की थी, जब दरवाजा नहीं खुला तो उनमें से एक ने दुकान की खिड़की पर गोली चला दी और भाग गये। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों का पता लगाने के लिये दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज का विश्लेषण किया और तीन बदमाशों को दबोच लिया गया। पूछताछ में इन्होंने खुलासा किया वे घटना वाली रात ज्वैलरी शॉप में डकैती के इरादे से आए थे। 26 से 29 फरवरी तक चार दिन इन्होंने लगातार वारदात को अंजाम दिया था। 26 फरवरी को सोनीपत में पेट्रोल पंप पर 20 लाख लूटे, 27 फरवरी को वहीं पर एक अन्य पेट्रोल पंप से 6500 रुपये की लूट की थी। इसके अगले दिन ज्वैलरी शॉप लूटने की कोशिश की और 29 को पानीपत में फिर एक पेट्रोल पंप पर फायरिंग कर साढ़े चार लाख रुपए लूट लिए थे।



**खास बात**

- तीन जगह लूट चुके हैं पेट्रोल पंप

### पांच साल से फरार पैरोल जंपर यूपी से अरेस्ट

- चाचा के मर्डर केस में हो चुकी है उम्र कैद

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले की पुलिस ने एक पैरोज जंपर को अरेस्ट किया है। इसे अपने ही चाचा के मर्डर केस में उम्र कैद की सजा हो चुकी थी। पैरोल मिलने के बाद से यह फरार चल रहा था। पांच साल बाद मनोज नामक आरोपी को संत कबीर नगर, यूपी से पकड़ा गया है।
डीसीपी सुरेन्द्र चौधरी के अनुसार 14 अक्टूबर 2011 को प्रॉपर्टी विवाद में आरोपी ने दादी के सामने ही चाचा पर हमला कर उनकी हत्या कर दी थी। इस दौरान बीच बचाव करने आई दादी भी जख्मी हुई थी। केस में आरोपी को दो साल बाद कड़कड़डूमा कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई थी। बाद में 15 दिन की पैरोल मिलने के बाद इसने सरेंडर नहीं किया था।

## लूट, कुकर्म व हत्या मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

15 वर्षीय किशोर से ई-रिक्शा लूट, कुकर्म और हत्या के मामले में एक आरोपी को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर किशोर यौन उत्पीड़न किया था और पुलिस से बचने के लिए उसकी हत्या कर दी थी। किशोर का शव खादर क्षेत्र में ठिकाने लगाया गया था। बाद में उसकी ई रिक्शा की बैटरी और अन्य सामान निकालकर बेच दिये थे।

डीसीपी मनोज सी के अनुसार साउथ वेस्टर्न रेंज, स्पेशल सेल की टीम ने मोहम्मद आकिब उर्फ भूरा (24) निवासी बटला हाउस, जामिया नगर को गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ जामिया नगर थाने में हत्या का केस दर्ज था। पुलिस केस में कुछ आरोपियों को पहले अरेस्ट कर चुकी है। बचे आरोपी की तलाश में दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी। आरोपी आकिब के बारे में सूचना मिली थी कि वह फुट ओवर ब्रिज, डाबरी फ्लाईओवर, पंखा रोड पर आने वाला है। जाल बिछाकर इसे दबोच लिया गया। पूछताछ के दौरान, उसने स्वीकार किया कि अपने साथियों साहिल और आमिर के साथ मिलकर किशोर की ई रिक्शा लूटने के इरादे से हत्या की थी। शव को कालिंदी कुंज इलाके के खादर एरिया में ठिकाने लगाया था। 28 फरवरी को लड़के का शव बरामद किया गया था। मृतक इनका जानकार था। 24 मार्च की शाम सभी उसे कालिंदी कुंज जंगल की ओर ले गये थे। मोहम्मद आमिर और साहिल ने लड़के के साथ कुकर्म किया। इसके बाद तीनों ने गमछे से उसका मुंह दबाकर और चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। इन्होंने रिक्शा को नोएडा में बेचने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। बाद में इन्होंने रिक्शा को नोएडा में ठिकाने लगाया और उसकी बैटरियां उतार बेच दी थी। आरोपी मोहम्मद आकिब चौथी कक्षा तक पढ़ा है और मजदूरी करने के साथ-साथ ई-रिक्शा भी चलाता है। वह शादीशुदा है और उसका एक ती साल का बच्चा भी है।

## जामिया विश्वविद्यालय में छात्रों के बीच हिंसा, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- पुलिस ने दर्ज किया दंगे का केस, आरोपियों की तलाश तेज

जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में शुक्रवार रात दो छात्र गुटों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। कई छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जामिया नगर थाने में दंगे का मुकदमा दर्ज कर आरोपी छात्रों की तलाश की जा रही है। इस हिंसा से जुड़े सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहे हैं। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात लगभग साढ़े आठ बजे विश्वविद्यालय के गेट नंबर 13 के पास झगड़े के संबंध में पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा थी। घटना में घायल हुए छात्रों को एम्स ट्रॉमा सेंटर और होली फैमिली हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पुलिस को तीन लोगों के घायल होने की जानकारी मिली। घायलों में बाटला हाउस निवासी आदिल खान, जामिया का छात्र जफर और जामिया स्कूल का छात्र साकिब शामिल हैं। पुलिस की तहकीकात में पता चला कि जेएमआई विश्वविद्यालय के कुछ मौजूदा और पूर्व छात्रों ने क्षेत्रीय गुट बनाये हुये हैं। फिलहाल पुलिस सात आरोपियों की पहचान करने के बाद उनकी तलाश में जुटी है।

## मेट्रो एडवेंचर क्लब ने कराई मेट्रो कर्मचारियों व परिजनों को राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान की सैर

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के मेट्रो एडवेंचर क्लब ने शनिवार को मेट्रो कर्मचारियों को राष्ट्रपति भवन के प्रसिद्ध अमृत उद्यान की (यात्रा) सैर कराई। डीएमआरसी के निदेशक, संचालन एवं सेवाएं डॉ. अमित कुमार जैन ने इस दिलचस्प यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर मेट्रो के विभिन्न कर्मचारियों व उनके परिजनों के लगभग 100 लोगों ने राष्ट्रपति भवन में सैर का आनंद लिया। सदस्यों ने उद्यान की सुंदरता का आनंद लिया और विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों, फूल पत्तियों व पौधों आदि को देखकर नया अनुभव प्राप्त किया। इस मौके पर खासकर बच्चों ने जमकर मौज मस्ती की और राष्ट्रपति भवन सहित उद्यान को करीब से देखकर खुशी जाहिर की। बता दें कि डीएमआरसी ने 18 अप्रैल 2015 को वर्ल्ड हेरिटेज डे के अवसर पर कर्मचारियों के लिए मेट्रो एडवेंचर क्लब की स्थापना की थी और पहली बार क्लब ने चावड़ी बाजार से चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन के बीच पुरानी दिल्ली की संकरी गलियों से होते हुए हेरिटेज वॉक का आयोजन भी किया था। उसके बाद से समय समय पर मेट्रो एडवेंचर क्लब ऐसी यात्राओं आदि का आयोजन करता रहा है।

## पिटबुल डॉग का कहर बच्ची पर टूटा, कई जगह काटा और घसीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पुलिस ने बच्ची की मां के बयान पर दर्ज किया मालिक पर केस
- जगतपुरी इलाके का मामला

जगतपुरी इलाके में एक बार फिर पिटबुल डॉग का कहर बच्ची पर टूटा। घर के बाहर खेल रही सात वर्षीय बच्ची कुत्ते के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने शिकायत मिलने पर कुत्ते के मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गली नंबर एक जगतपुरी निवासी हरविंदर कौर ने बताया कि वह माता सुंदरी कॉलेज में जॉब करती है। एक मार्च की शाम करीब सवा छह बजे उनकी बेटी नवनीत कौर घर के बाहर गली में खेल रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाले शिवानंद भास्कर का पिटबुल फीमेल डॉग (डेजी) ने घर से बाहर निकल उनकी बेटी पर हमला कर दिया। उसके पैर पर कई जगह काट लिया गया। बेटी का पैर मुंह में दबाकर गली में घसीटने लगा। यह देख आसपास के लोगों ने जैसे तैसे उनकी बेटी को कुते से छुड़ाया। इसके बाद उसका नजदीकी अस्पताल में उपचार कराया गया। पिटबुल के मालिक पर लापरवाही का आरोप है। उसके खिलाफ जगतपुरी थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

### बजट में अनधिकृत कालोनियों के विकास के लिए मिल सकते हैं 1000 करोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के आगामी बजट में दिल्लीवासी अनधिकृत कालोनियों के उत्थान पर फोकस रहने वाला है। विशेष रूप से सड़क बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने की पहल के लिए बड़े वित्तीय प्रोत्साहन की उम्मीद है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दिल्ली सरकार करीब 1000 करोड़ रुपये के बजटीय पैकेज का ऐलान कर सकती है। पिछले नौ वर्षों में किए गए कार्यों को ध्यान में रखते हुए यह संभावना है कि अनधिकृत कालोनियों के सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के साथ-साथ जल आपूर्ति पाइपलाइनों और सीवर नेटवर्क को बढ़ाना भी सरकार की 2024-25 की योजना में प्राथमिकता वाला योजनाओं में शामिल है।सीएम अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर सरकार दिल्ली भर में अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है।वर्तमान में दिल्ली में लगभग 1800 अनधिकृत कालोनियां हैं, जिनमें शहर की 30 प्रतिशत आबादी रहती है।

## रैट माइनर हसन ने कर रखा था अवैध कब्जा, दिलशाद गार्डन में एमआईजी फ्लैट भी ठुकराया: डीडीए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




रैट होल माइनर वकील हसन को लेकर एक बार फिर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने प्राधिकरण की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके आवास बनाया हुआ था। नियमों के अनुसार प्राधिकरण ने अवैध कब्जे को हटाकर सरकारी भूमि को मुक्त कराया है। डीडीए ने स्पष्ट किया कि बावजूद इसके उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पहले उन्हें नरेला में और बाद में दिलशाद गार्डन में एमआईजी फ्लैट लेने निशुल्क आवंटन करने की पहल की जिसे माइनर वकील ने ठुकरा दिया है। एलजी ने माइनर वकील को दिलशाद गार्डन में दो बेडरूम का कमरा और एक लिविंग रूम जो एमआईजी श्रेणी में आता आवंटन देने की तैयारी की थी। डीडीए का कहना है कि एलजी सक्सेना को जैसे ही पता चला कि माइनर वकील उत्तराखंड में सिल्क्यारा-बारकोट सुरंग में फंसे श्रमिकों के बचाव अभियान में शामिल थे उन्होंने तुरंत प्राधिकरण से मुफ्त में वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिए थे। जबकि स्वयं एलजी को मालूम है कि वकील ने डीडीए की भूमि पर अवैध कब्जा करके आवास बना रखा था। एलजी के निर्देश के बाद डीडीए ने वकील को पहले नरेला में रहने के लिए तैयार फ्लैट की पेशकश की थी। लेकिन वकील ने नरेला के स्थान के बारे में कुछ अशोभनीय टिप्पणियों के साथ इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। जबकि वहां पहले से ही तीन हजार से अधिक परिवार रह रहे हैं। इसक बाद डीडीए एक मार्च 2024 को दिलशाद गार्डन में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के स्वामित्व वाले 2 बीएचके फ्लैट आवंटन करने का आदेश दिया था। दिलशाद गार्डन वाला फ्लैट वकील के अनधिकृत घर के बेहद करीब है, बावजूद उन्होंने प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। डीडीए ने कहा कि एलजी के निर्देश एक मार्च 2024 को कार्यकारी मजिस्ट्रेट, करावल नगर और सीमापुरी वकील से मिले लेकिन उन्होंने एलजी का यह भी प्रस्ताव ठुकरा दिया। डीडीए का कहना है कि वकील हसन एक कंपनी रॉकवेल इंटरप्राइजेज के मालिक हैं, जिसके कर्मचारियों ने उपरोक्त बचाव अभियान के दौरान उत्तराखंड सुरंग के आखिरी हिस्से की खुदाई की थी।

### रैट माइनर हसन के परिवार को मिलेगा न्याय : तिवारी

**नई दिल्ली।** भाजपा के पूर्व प्रदेश एवं उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने शनिवार को श्री राम कॉलोनी में जाकर राइट माइनर वकील हसन के परिवार से मुलाकात की और पूर्णन्याय का भरोसा दिया। सांसद तिवारी पहले ही कह चुके हैं कि डीडीए की कार्यवाही के बाद बेघर हुए वकील हसन को कानूनी तौर पर जायज आवास की व्यवस्था करवाई जाएगी और उसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पहुंचाने की पेशकश की थी। उन्होंने कहा कि वकील हसन के परिवार को जिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है वह निसंदेह दुखद है और कानूनी पहलुओं पर विचार विमर्श कर वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में हूं। तिवारी ने कहा कि मैंने उपराज्यपाल विनय सक्सेना से भी पूरे मामले में हस्तक्षेप करने का निवेदन किया है ताकि वकील हसन के परिवार को न्याय मिल सके।

## आबकारी घोटाला : अदालत ने पत्नी से मिलने के लिए घर जाने पर हुए खर्च को सिसोदिया से न वसूलने को कहा

**एजेंसी,नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को संबंधित प्राधिकारियों को निर्देश दिया कि जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया के बीमार पत्नी से मुलाकात के लिए घर जाने पर हुए खर्च की वसूली उनसे न की जाए। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक मामले में सिसोदिया के आवेदन पर सुनवाई करते हुए पूरी तरह से मानवीय आधार पर यह आदेश पारित किया। न्यायाधीश ने पांच फरवरी को हिरासत में रहते हुए सिसोदिया को सप्ताह में एक बार अपने घर पर अपनी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति दी थी। उन्होंने निर्देश दिया था कि सिसोदिया के घर आने-जाने का खर्च आरोपी द्वारा वहन किया जाएगा और इससे राज्य के खजाने पर बोझ नहीं पड़ेगा। न्यायाधीश ने शनिवार को सिसोदिया के वकील की दलीलों पर ध्यान दिया जिसमें उन्होंने अदालत के पूर्व के आदेश में संशोधन का आग्रह किया था। वकील ने दावा किया कि जेल अधिकारियों ने सिसोदिया से प्रति मुलाकात 40,000 रुपये से अधिक की भारी राशि लेने की बात कही है और इस प्रकार मुलाकात का मासिक खर्च लगभग दो लाख रुपये आता है। इसके बाद अदालत ने मुलाकात पर आने वाला खर्च सिसोदिया से नहीं वसूलने का आदेश दिया। इस बीच, न्यायाधीश ने आम आदमी पार्टी (आप) में उनके सहयोगी और मामले में सह-अभियुक्त संजय सिंह के साथ-साथ सिसोदिया की न्यायिक हिरासत सात मार्च तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया है कि दिल्ली आबकारी नीति 2020-21 को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं, लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ या कम किया गया और सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना लाइसेंस बढ़ाए गए।

## तय समय के बाद भी पूरा नहीं हुआ कार्य

# विकास कार्यों की निगरानी नहीं होने से अधर में कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली देहात में दिल्ली सरकार द्वारा करोड़ो रुपए की लागत से शुरु किए गए विकास कार्यों की निगरानी नहीं होने के चलते अनेकों कार्य समय सीमा पूरी होने के बाद भी अधूरे हैं जिसके चलते ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला नरेला विधानसभा के सिंघू गांव से सामने आया है। यहां दिल्ली सरकार के बाढ़ एवं सिंचाई विभाग (फ्लड) के सीडी 6 की निगरानी में जीटी करनाल मार्ग के साथ सिंघू गांव से ताजपुर कलां मार्ग तक नहर संख्या 6 पर गांव की तरफ सड़क और सुरक्षा दीवार का कार्य 14 मार्च 2023 तक पूर्ण होना था लेकिन अभी भी यह कार्य पूरा नहीं हो पाया है। यह विकास कार्य 15 नवंबर 2022 से शुरू हुआ था। इस कार्य की अनुमानित लागत करीब एक करोड़ 74 लाख रुपए थी और ठेकेदार ने इसे करीब एक करोड़ 18 लाख रुपए में उठाया था। वहीं, इसे लेकर संबंधित कार्यकारी अभियंता मनीष अग्रवाल ने बताया कि कार्य में कुछ सीमांकन के चलते सड़क निर्माण कार्य में कुछ व्यवधान आ गया है और जल्द ही इसका समाधान करके कार्य शुरू किया जाएगा। साथ ही बता दें कि कांग्रेस की शीला सरकार के कार्यकाल के दौरान भी इस नहर पर सड़क निर्माण के लिए पत्थर डाले गए थे लेकिन सड़क का निर्माण नहीं हो सका।

### भाजपा ने फ्लड विभाग पर लगाए थे आरोप

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ करीब दो माह पहले आयोजित प्रेसवार्ता में फ्लड विभाग से जुड़े चार मामलों में बड़े भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। भाजपा ने इस विभाग के चारों मामलों को मीडिया के समक्ष रखते हुए चारों मामलों का वीडियो दिखा साबित किया कि सम्बंधित साइटों पर कोई काम नहीं चल रहा है। सचदेवा ने कहा था कि चारों मामलों मे टेंडर में हेरफेर तो हुआ ही साथ ही केजरीवाल सरकार के सम्बंधित मंत्री के दबाव में काम के बिना ही पैसे का भुगतान रंनिंग बिल दिखा कर किया गया है। भाजपा ने खेड़ा कलां, बुराड़ी, टिकरी गांव और सिरसपुर में हुए निर्माण कार्यों के संदर्भ में इस विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे।

### मंत्री ने निगरानी के लिए टास्क फोर्स का किया गठन

बता दें कि जनवरी माह में दिल्ली के विकास मंत्री गोपाल राय ने ग्राम विकास बोर्ड की परियोजनाओं को तय समय सीमा के अंदर पूरा करने के लिए फ्लड़ विभाग और एमसीडी के अधिकारियों को निर्देश दिए। विकास परियोजनाओं के साप्ताहिक निगरानी के लिए टास्क फोर्स का गठन किया। मंत्री राय ने कहा कि केजरीवाल सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान मंत्री राय ने बताया कि दिल्ली के गांवों के लिए ग्रामीण विकास बोर्ड ने 250 करोड़ रुपए की नई सड़क परियोजनों को मंजूरी दी है। वहीं, 2023 -24 में अब तक एक हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी देने की जानकारी दी।

## मुंबई से दो लड़कियों को करवाया गया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- राजौरी गार्डन इलाके से थी गायब

राजौरी गार्डन पुलिस ने मुंबई में छापेमारी कर दो लड़कियों को मुक्त करवाया है। दरअसल पुलिस एक नाबालिग लड़की को लेने के लिए गई थी, लेकिन वहां से दो लड़कियों को लेकर वापस लौटी। दूसरी लड़की के लापता होने की पुलिस में कोई शिकायत भी दर्ज नहीं थी, ऐसे में पुलिस ने पहले इस लड़की के माता पिता के बारे में जानकारी जुटायी और फिर उनसे संपर्क कर मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद कानूनी औपचारिकतां पूरी होने के बाद पुलिस दूसरी लड़की को भी साथ लेकर आने में कामयाब हो सकी। दोनों लड़कियों को उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार 23 फरवरी को राजौरी गार्डन थाने में एक नाबालिग लड़की के किडनेपिंग का केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने टैक्नीकल सर्विलांस और लोकल इंटेलीजेंस की मदद से लड़की के बारे में पता लगाया। इसके बाद पुलिस मुंबई पहुंची। वहां दो पीड़ति लड़की मिली। वह भी राजौरी गार्डन इलाके की ही रहने वाली थी। वह खुद घर छोड़कर मुंबई चली गई थी। लेकिन पुलिस रिकॉर्ड में उसकी गुमशुदगी आदि दर्ज नहीं थी। लड़की से परिजनों के बारे में जानकारी जुटायी गई और उन्हें फेवर में लेकर किडनैपिंग का एक अन्य केस दर्ज किया गया। इसके बाद महिला पुलिस और एफआईआर कॉपी के साथ दूसरी टीम को मुंबई भेजा गया। वहां मुंबई पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराने के बाद सभी औपचारिकताएं पूरी की गई और दोनों लड़कियों को दिल्ली लाया जा सका।

हमारी पसंद-नापसंद से हमारे व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ पता चलता है। मिसाल के तौर पर आप घूमने के लिए किस तरह के स्थान पर जाना पसंद करते हैं? किस तरह के स्थल आपको आकर्षित करते और कैसे तरीके सुकून प्रदान करते हैं? इनसे भी आपके व्यक्तित्व के बारे में काफी कुछ जाना जा सकता है। कैसे, यहां बता रहे हैं आपको।

# कहां घूमना है पसंद आपको बताता है आपकी पर्सनालिटी

{ कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन }





कई जाने-माने मनोवैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं का मानना है कि पर्यटन के लिए आप किन जगहों का या कैसे तरीकों का चयन करते हैं, इससे आपके व्यक्तित्व का बहुत कुछ अंदाजा लगाना संभव है। यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जिनीया के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया कि कोई भी व्यक्ति अपनी पर्सनालिटी के आधार पर ही पर्यटन स्थल का चयन करता है।

## अध्ययन के निष्कर्ष

ये अनुसंधानकर्ता इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि आखिर क्यों बहुत से लोग छुट्टियों में पहाड़ों की ओर रुख करते हैं, तो कई मैदानी इलाकों को पसंद करते हैं, कुछ लोगों को नदी, समंदर और झीलें अपनी ओर खींचती हैं, तो कुछ लोग जंगली इलाकों में सैर-सपाटे में रोमांच का अनुभव करते हैं। कुछ ऐसे ही सवाल हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू में भी उठाए गए। अमेरिका की पर्यटन संस्था 'यूएस ट्रैवल एसोसिएशन' के मुख्य अधिकारी और अमेरिकन इंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के ऑफिसर आर्थर सी. ब्रुक्स, जो 'द कंजर्वेटिव हार्ट' के लेखक भी हैं, ने भी इस विषय पर काफी अध्ययन किया है। मनोविज्ञानी डॉ. स्टेनले सी प्लौग ने भी करीब दो लाख पर्यटकों से बातचीत करने और उनकी आदतों और चयन प्रक्रिया पर तीन दशकों तक अध्ययन करने के बाद पाया कि अलग-अलग पर्सनालिटी वाले लोगों के मनोरंजन और रोमांच की जरूरतें भी अलग होती हैं, इसलिए हर कोई अलग प्रकार के टूरिस्ट स्पॉट पर जाकर आनंद की अनुभूति करता है। डॉ. प्लौग ने अपने अध्ययन के नतीजों और अनुभवों को तीन किताबों में समेटा है। लीजर ट्रैवलः अ मार्केटिंग हैंडबुक, लीजर ट्रेवलः मेकिंग इट अ ग्रोथ मार्केट अगेन और चेंजिंग पर्सपैक्टिव्स इन मेंटल इलनेस। आइए जानते हैं, पर्यटन के स्थान और तौर तरीके क्या इंगित करते हैं हमारे व्यक्तित्व के बारे में?



## फेवरेट टूरिस्ट स्पॉट : सी बीच

समुद्र के किनारे दूर-दूर तक बिखरी सुनहरी रेत, सूरज की धूप से चमकते बालू के कण और नीली आभा लिए समुद्र की लहरें पसंद करने वाले नेचर लवर होते हैं। घर से दूर जाकर, लहरों का शोर सुनना और अजनबी लोगों के साथ बैठना इन्हें खूब भाता है। इन्हें खुली जगहें पसंद आती हैं।

## फेवरेट टूरिस्ट स्पॉट हिस्टोरिकल-आर्टिस्टिक प्लेसेस

प्राचीन स्मारकों, ऐतिहासिक स्थलों और कलात्मक स्थलों में घूमना पसंद करने वाले कलाप्रेमी और बुद्धिजीवी होते हैं। इन्हें कलात्मक भवन, शिल्पकला के नमूने और कला की बारीकियां देखना, सीखना और उन्हें सराहना अच्छा लगता है। इनके मन में परंपराओं, संस्कारों के प्रति आदर होता है, इतिहास के प्रति जिज्ञासा होती है और कुछ नया सीखने की ललक भी होती है। ऐसे लोग अपने अतीत से भी काफी प्यार करते हैं, उससे जुड़ाव महसूस करते हैं।

## फेवरेट टूरिस्ट स्पॉट : क्रूज



जिन लोगों को जमीन से दूर सागर की लहरों पर सवार क्रूज में बैठकर दुनिया की सैर करने का शौक होता है, वे दूसरों से खूब बातें करना पसंद करते हैं और बहिर्मुखी होते हैं। ये लोग खतरों से डरते नहीं और जिंदगी में जोखिम उठाना पसंद करते हैं। नए-नए प्रयोग करना और नई चीजों को आजमाना इनके व्यक्तित्व का प्रमुख गुण होता है।

## फेवरेट टूरिस्ट स्पॉट फील्ड एरिया

मैदानी इलाकों में घूमना पसंद करने वाले लोग सेफजोन में रहने वाले और शांत स्वभाव के होते हैं। मैदानी इलाकों और तीर्थस्थानों को अपने पर्यटन स्थल के रूप में चुनने वालों को अकसर जोखिम वाले काम पसंद नहीं होते हैं। ये परंपराओं में विश्वास रखते हैं और नए-नए प्रयोग करने से कतराते हैं।

## फेवरेट टूरिस्ट स्पॉटः हिल स्टेशंस

पहाड़ी इलाकों की यात्रा पसंद करने वाले लोग रोमांचकारी अनुभवों के शौकीन होते हैं। इन्हें पहाड़ों में चौतरफा बिखरी हरियाली और ऊपर फैला नीला आसमान खूब लुभाता है। ये क्रिएटिव होते हैं, हवाएं बादल और बर्फ इन्हें आकर्षित करती हैं। ऐसे लोग शांत रहना पसंद करते हैं और आमतौर पर अंतर्मुखी होते हैं।

## फेवरेट टूरिस्ट स्पॉट हेल्थ रिलेटेड डेस्टिनेशंस



कई लोग छुट्टी मिलने पर या तो किसी ऐसे शहर या कस्बे का चयन करते हैं, जहां जलवायु परिवर्तन का लाभ मिले और कुदरती सौंदर्य बिखरा हो या फिर ऐसी जगह का जहां जाने-माने योग या आयुर्वेद उपचार केंद्र हों। इन्हें फल-सब्जियां, स्वच्छ आबोहवा और दिनचर्या में परिवर्तन करना ज्यादा पसंद आता है। इन दिनों ऐसे हेल्थ टूरिस्ट्स की संख्या सिर्फ अपने देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी काफी बढ़ रही है।

यहां बताए गए विवरण के अनुसार आप फेवरेट टूरिस्ट स्पॉट के आधार पर ना केवल आप अपनी पर्सनालिटी के बारे में जान सकते हैं, किसी दूसरे की पर्सनालिटी के बारे में भी काफी कुछ समझ सकते हैं कि वो बंदा कैसा है, उसे क्या पसंद है और उसका नेचर कैसा है? *

## ऐसे भी होते हैं कुछ पर्यटक



**हर पल का रखते हैं हिसाबः** ये पर्यटक कहीं भी जाते हैं, वहां अपनी डायरी या नोटबुक में पल-पल का अनुभव संजोते हैं और साथ ही कैमरे से वीडियो या फोटोग्राफी भी करते हैं। इतना ही नहीं ये लोग फेसबुक और व्हाट्सएप के माध्यम से अपने दोस्तों को भी अपनी यात्रा का ब्यौरा देते रहते हैं। ये जिंदादिल और शौकीन स्वभाव के होते हैं और यात्रा का एक-एक पल पूरी तबीयत के साथ जीते हैं। ये किसी म्यूजियम या स्मारक में जाते हैं तो वहां के इतिहास जानने की कोशिश भी करते हैं और फिर अपने यात्रा संस्मरण अखबारों, पत्रिकाओं या सोशल मीडिया के माध्यम से सबके साथ बांटना चाहते हैं। *



**एकला चलो रेः** ये पर्यटक कहीं भी मित्रों, रिश्तेदारों या परिजनों के साथ जाने की बजाय अकेले ही जाना पसंद करते हैं। ये आत्मविश्वासी होते हैं और स्वतंत्र विचारक होते हैं। इन्हें नए अनुभव करना पसंद होता है और सोचा-समझा जोखिम उठाना भी। ये अधिकतर बातूनी होते हैं और किसी भी दूसरे व्यक्ति से आसानी से घुल-मिल जाते हैं। ये दोस्ताना स्वभाव के होते हैं। यात्रा करने का इनका मूल उद्देश्य खुद को अनजान परिस्थितियों में ढालना और किसी दूसरे के निर्णयों से दूर रहना होता है। *



**खतरों के खिलाड़ीः** कुछ लोगों को सीधे-सीधे घूम फिर कर लौट आने में मजा नहीं आता। ये लोग जिंदगी में कुछ रोमांचक और स्पाइसी चाहते हैं। ऐसे लोगों को ऐसे पर्यटन स्थल भाते हैं, जहां जरा मशक्कत करनी पड़े, भाग-दौड़ हो, उछल-कूद हो या खतरों से दो-दो हाथ करने का अवसर मिले। ऐसे लोग उन पर्यटन स्थलों को चुनते हैं, जहां वे बंजी-जंपिंग का आनंद ले सकें, वह जगह सबसे गर्म स्थान या सबसे ठंडा स्थान हो, जहां बर्फ जैसे ठंडे पानी में तैराकी का मौका मिले, स्कूबा डाइविंग का लुत्फ मिले या फिर जंगल में घूमना हो या पहाड़ों पर चढ़ना हो। *



# कहां से आया धरती पर पानी

पानी हम सभी को इतनी सहजता से उपलब्ध होता है कि इसके स्रोत और इसकी उत्पत्ति के बारे में ज्यादा गंभीरता से हम सोचते ही नहीं हैं। हालांकि इस बारे में अनेक धारणाएं प्रचलित हैं जिनके बारे में जानना बहुत रोचक है। साथ ही इससे पानी की महत्ता के बारे में भी पता चलता है।

{ रहस्य / एन. के. अरोड़ा }

अगर आपसे पूछा जाए कि इस धरती पर पानी कहां से, कब और कैसे आया? तो आप कहेंगे ये कैसा सवाल हुआ भला! दरअसल, हममें से अधिकतर लोगों ने तो इस सवाल के बारे में शायद ही कभी सोचा हो। लेकिन पिछले कुछ समय से वैज्ञानिक इस सवाल पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। पानी के बारे में कई तरह की अजीब कहानियां सदियों से कही और सुनी जाती रही हैं। हालांकि अभी तक वैज्ञानिकों को इस संबंध में कोई अंतिम जानकारी नहीं मिली है कि दूसरे ग्रहों में ना मिलने वाला पानी, धरती में क्यों पाया जाता है, इसका स्रोत क्या है या यह पानी इतना साफ क्यों होता है?



**प्रचलित हैं कई अवधारणाएंः** हमारे सौर मंडल में कोई ऐसा दूसरा ग्रह नहीं है, जहां इतनी भारी मात्रा में पानी हो और वो भी इतना साफ हो। पानी के धरती पर उपलब्धता से जुड़ी कई कहानियां प्रचलित हैं। पर किसी के बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि यही अंतिम सत्य है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि पानी, चट्टानों और धूल से बना है, क्योंकि इनसे ही हमारा यह ग्रह बना है। कुछ वैज्ञानिकों के मुताबिक पानी सुदूर ब्रह्मांड से आया है और कुछ का कहना है, धूमकेतुओं की वजह से महासागरों की रचना हुई है। पानी के संबंध में बायोकेमिकल कहानियां भी कुछ कम नहीं हैं। बायोकेमिकल कहानियों के मुताबिक लवणीकरण और फोटोसिंथेसिस प्रक्रिया पानी निर्माण के लिए जिम्मेदार है। फोटोसिंथेसिस थ्योरी के मुताबिक, रासायनिक युग्मों को रेडिएशन प्रक्रिया के तहत विखंडित किया जाता है, इसके परिणामस्वरूप पानी की प्राप्ति होती है।

**क्या पुच्छल तारों में छुपा है रहस्यः** पानी की उत्पत्ति के संबंध में हुए चट्टानीय खनिजों के अध्ययन से यह बात तार्किक रूप से सत्य पाई गई है कि धरती में पानी 4 अरब साल पहले से मौजूद है। लेकिन घूम-फिरकर कहानी फिर अजनबी ग्रहों तक ही पहुंचती है। आखिर ये पानी आया तो आया कहां से? पानी के बारे में एक बड़ी रोचक कहानी ये है कि हैली, हयाकुटके और हेलबॉब यानी पुच्छलतारों के युग्म पानी के वास्तविक जन्मदाता हैं। खोजकर्ताओं के मुताबिक, जिनमें प्रमुख हैं डेविड ज्यूइट, कहते हैं, 'पानी का सबसे विश्वसनीय रिश्ता पुच्छलतारों से ही जुड़ रहा है।

### बेतहाशा होती है पानी की बर्बादी

पानी के इस्तेमाल के मामले में अमेरिका दुनिया के आम लोगों के मुकाबले बहुत ज्यादा पानी का इस्तेमाल करता है या दूसरे शब्दों में कहें पानी की बहुत बर्बादी करता है। अमेरिका 34,600 करोड़ गैलन पानी का इस्तेमाल हर दिन करता है, जो तकरीबन पूरे मध्यपूर्व देशों में इस्तेमाल होने वाले पानी से भी ज्यादा है। अमेरिका में 80 फीसदी पानी, सिंचाई और बिजली बनाने में इस्तेमाल होता है। अमेरिका का हर आदमी 80 से 100 गैलन पानी हर दिन इस्तेमाल करता है, जबकि सही मायने में दुनिया के हर व्यक्ति के खाते में 5 लीटर पानी भी एक दिन में उपलब्ध नहीं है।

**कठिन है अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचनाः** पानी की उत्पत्ति और उपलब्धता के संदर्भ में अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचना बहुत कठिन है। भले हमें लगे यह बहुत आसानी से उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन है। लेकिन ऐसा नहीं है। पानी की प्रबंधकीय मात्रा पृथ्वी के विभिन्न रासायनिक तत्वों की हिस्सेदार है। पानी का अणु धरती को मजबूती भी देता है और उसे अपनी जगह बने रहने में भी बड़ी भूमिका निभाता है। बहरहाल, पानी की कहानी उलझी है, रोचक भी है और यह भी हो सकता है कि अभी तक जो कहा सुना जा रहा है, अंधेरे में तीर मारना हो। पानी इस धरती पर कब, कैसे आया, इस सवाल का जवाब खोजने से भी ज्यादा जरूरी है कि फिलहाल धरती पर उपलब्ध उपयोगी पानी का सही और सीमित इस्तेमाल किया जाए, क्योंकि असीमित पानी में से कुछ ही हिस्सा हमारे उपयोग के योग्य है। *


{ कविता / अलका 'सोनी' }

## अकसर पुल बनाए जाते हैं

अकसर पुल बनाए जाते हैं
किनारों को
जोड़ने के लिए।
लेकिन उन्हें बनाते वक्त
ध्यान रखा जाता है कि
उनकी ऊंचाई इतनी
जरूर हो कि
नीचे बह सके नदी भी
बेरोक-टोक।
साथ ही यह भी कि
जब आए वेग नदी में
तो पुल धराशायी ना हो जाए
जो जोड़े रखता है
नदी के किनारों को।
क्या ऐसे ही पुल
नहीं बनाए जा सकते
मन के किनारों को
जोड़ने के लिए!
आवेगों को थामने के लिए!
जो चल रहे होते हैं
समानांतर,
समय की नदी के
साथ-साथ,
एक-दूसरे को देखते हुए।

{ लघुकथा / डॉ. शैल चंद्रा }

## भविष्य



जाने-माने भविष्यवक्ता के घर पर अपना भविष्य जानने के लिए युवाओं की लाइन लगी थी। इसी लाइन में पैंसठ साल की एक वृद्धा भी खड़ी थी। उसे देखकर भविष्यवक्ता ने पूछा, 'माता जी, आपकी बारी तो राम के घर जाने की है। अब आप अपना क्या भविष्य जानना चाहती हैं?'

वह वृद्धा बोली, 'क्या बताऊं पंडित जी, दूसरों के घर चौका-बर्तन करके किसी तरह अपने दो बेटों को पाल-पोस कर बड़ा किया। बड़ा बेटा अधिकारी है, जो मुझे अब पहचानने से इंकार कर देता है। उसके ऑफिस जाने पर मुझसे कहता है कि बार-बार क्यों आ जाती हो? उसके साथी हंसकर कहते हैं-अरे यार हो सकता है कि यह बूढ़ी महिला, पिछले जन्म में तुम्हारी मां हो। मैं उन्हें कैसे बताऊं कि पिछले जन्म की नहीं मैं इसी जन्म में उसकी मां हूं। दूसरा बेटा दुकानदार है। उसके पास जाने पर मुझे फटकार लगाते हुए वह कहता है, 'मां तुम बोहनी के समय मत आया करो।' यह कहते हुए मेरे हाथों में सौ-पचास रुपए पकड़ा देता है। मैं जानना चाहती हूं कि मेरे भविष्य में बेटों का सुख है या नहीं?'

भविष्यवक्ता बूढ़ी महिला की बात सुनकर कुछ देर उसे देखता रहा फिर लंबी सांस खींचकर बोला, 'माता जी, बेटों का सुख छोड़ो, बुजुर्गों के भाग्य में इस नए जमाने में बस दुख ही दुख है।' *

{ पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण }

## जटिल समय की सहज कविताएं




हाल में नीलेश रघुवंशी का पांचवां कविता संग्रह 'एक चीज कम' प्रकाशित हुआ है। इस संग्रह की कविताएं इस बात की तस्दीक करती हैं कि समय के साथ कवयित्री की दृष्टि जितनी व्यापक हो रही है, उनकी अभिव्यक्ति में उतनी ही गहनता भी समा रही है। वे अपने आस-पास के जीवन में छीजते जा रहे जीवन मूल्यों को सूक्ष्मता से लक्षित करती हैं। साथ ही इनकी अभिव्यक्ति के लिए वे ऐसे बिंब और मुहावरे गढ़ती हैं, जो उनकी कविताओं को कारुणिक सौंदर्य प्रदान करता है। मिसाल के तौर पर ये पंक्तियां देख सकते हैं, *'जीवन में दुख है इतना ज्यादा कि/ रह-रहकर दुख से फूटता है सुख'* (दुख का सुख)। *'चुप तो मुश्किल/ कहो तो मुश्किल/ जागो तो मुश्किल/ सोओ तो मुश्किल'* (समय और मुश्किल)।

कहने की जरूरत नहीं कि ऐसे प्रतीक शब्दों में कविता के माध्यम से हमारे समय के विद्रूप की व्याख्या कोई समर्थ रचनाकार ही कर सकता है। *

**पुस्तकः** एक चीज कम (कविता संग्रह), **लेखिकाः** नीलेश रघुवंशी, **मूल्यः** 199 रुपए, **प्रकाशकः** राजकमल पेपरबैक्स, नई दिल्ली

{ छोटी कहानी / शीला श्रीवास्तव }

## अपराधबोध



शैलजा और उसके पति नरेश वेडिंग पार्टी से लौट रहे थे। रात के करीब ग्यारह बज चुके थे। मार्केट में ज्यादातर दुकानें बंद हो चुकी थीं, लेकिन बेकरी की शॉप्स, ओपन एयर रेस्टोरेंट और पान-सिगरेट की गुमटियों पर लोग दिखाई दे रहे थे। शैलजा-नरेश का घर शहर से बाहर था। वे नई-नई बसी एक कॉलोनी में रहते थे। यह इलाका काफी सूनी जगह था। आए दिन यहां लूट-पाट की वारदातें होती रहती थीं।

रात काफी हो चुकी थी। शैलजा अंदर ही अंदर डर रही थी। काफी कोशिश के बाद भी कि पार्टी से जल्दी निकलें, लेकिन लौटने में देर हो ही गई थी। तभी अचानक एक महिला उनकी कार के सामने आकर रोकने का इशारा करने लगी। पति ने कार में ब्रेक लगाकर रोका।

'भैया मेरे पति को अस्पताल पहुंचा दें, मैं आपके पैर पड़ती हूं।' वह महिला बुरी तरह गिड़गिड़ाई।

'क्या हुआ तुम्हारे पति को?' शैलजा ने पूछा।

'एक ट्रक वाले ने टक्कर मार दी बहन जी। जल्दी कीजिए, इनकी हालत बहुत नाजुक है।' वह महिला अपने दोनों हाथ जोड़ते हुए बोली।

शैलजा-नरेश ने देखा एक आदमी औंधे मुंह सड़क पर पड़ा हुआ था। उसकी बाइक जमीन पर पड़ी थी। अंधेरा होने की वजह से स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था। शैलजा के दिमाग में शंका आई, 'हो ना हो ये लोग नाटक करके हमें लूटना चाहते हैं।' शैलजा तुरंत उस महिला से बोली, 'नहीं..नहीं.. हमें देर हो रही है। हमारे बच्चे घर पर इंतजार कर रहे हैं। आप पुलिस को फोन लगाएं।'

'कब से पुलिस को फोन कर रही हूं बहन जी, पर कोई फोन नहीं उठा रहा है। हमारी मदद, कीजिए बहन जी।' वह महिला फिर गिड़गिड़ाई।

शैलजा ने कोई जवाब नहीं दिया। उसने अपने पति को कार आगे बढ़ाने का इशारा किया। पति ने एक पल कुछ सोचा, शैलजा की ओर देखा, लेकिन उसके तल्ख भावों को देखते हुए मन मसोस कर कार आगे बढ़ा दी।

'अरे क्या पता, यह इन लोगों की चाल हो। ऐसे लोग किसी भी बहाने से लिफ्ट लेते हैं, फिर लूटते हैं।' शैलजा एक सांस में बोल गई। नरेश पर पत्नी की बातों का कोई असर नहीं हुआ। वह जवाब में कुछ नहीं बोला।

'क्या हुआ, मैंने क्या कुछ गलत कहा?' शैलजा ने पति से पूछा। 'तुम आजकल कुछ ज्यादा ही क्राइम सीरियल्स देखती हो। हो सकता है वह औरत झूठ नहीं बोल रही हो, संकट में हो। ऐसी स्थिति में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में सब तुम्हारी तरह सोचने लगे तो...।' आगे का वाक्य नरेश ने अधूरा ही छोड़ दिया। घर पहुंचने तक दोनों के बीच निस्तब्धता छाई रही।

घर पर बच्चे अपने माता-पिता का इंतजार कर रहे थे। बच्चों से बात करके दोनों का मन थोड़ा हल्का हुआ। शैलजा पति की नाराजगी को नजरअंदाज कर सोने चली गई।

सुबह के अखबार में रात वाली जगह पर एक्सीडेंट में एक आदमी की मौत की खबर थी। नरेश की बात सच साबित हुई। शैलजा का अंतर्मन अपराधबोध से भर उठा था। उसे आत्मग्लानि हो रही थी। *

# योगी सरकार का बड़ा फैसला

# जामा मस्जिद के बाद अब बसई मेट्रो स्टेशन का बदला नाम, शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता' के नाम से जाना जाएगा

एजेंसी ⏭ लखनऊ

लोकसभा चुनाव से पहले योगी सरकार ने एक और मेट्रो स्टेशन का बदलने का फैसला किया है। योगी सरकार ने आगरा में जामा मस्जिद के बाद अब बसई स्टेशन का नाम बदला है। बसई को अब शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता मेट्रो स्टेशन के नाम से जाना जाएगा।

नाम बदलने के लिए योगी सरकार ने आदेश भी जारी कर दिए हैं। इससे पहले जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन का बदला गया था। गौरतलब हैं कि विगत दिनों ही यूपी सरकार ने जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर मनकामेश्वर मंदिर स्टेशन किया था। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन ने छह किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर का निर्माण पूरा कर लिया है। इसमें ताज पूर्वी गेट, बसई, फतेहाबाद रोड, ताजमहल, आगरा फोर्ट, जामा मस्जिद स्टेशन नाम प्रस्तावित थे। प्रदेश सरकार ने विगत दिनों जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर मनकामेश्वर मंदिर स्टेशन कर दिया। शुक्रवार को सरकार ने फतेहाबाद रोड के बसई मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर 'शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता' स्टेशन कर दिया है। मेट्रो के उप महाप्रबंधक जनसंपर्क पंचानन मिश्रा ने बताया कि सरकार के निर्देश पर स्टेशन का नाम बदल दिया है। अब ये स्टेशन 'शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता स्टेशन' के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने बताया कि ताजमहल पूर्वी गेट से मनकामेश्वर मंदिर तक प्रायोरिटी कॉरिडोर बनकर तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उद्घाटन तिथि मिलने का इंतजार है।

### शहरवासियों की मांग को सरकार ने माना

डीजीसी (अपराध) बसंत गुप्ता ने बताया कि सीएम योगी शहर और शहीद के परिजनों की मांग को पूरा किया है। इसके लिए उनका हृदय से आभार है। मुख्यमंत्री ने शहादत को सम्मान दिया है। मेट्रो स्टेशन का नाम 'शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता' के नाम पर करने के निर्देश दिए हैं। इससे आगरा के हजारों लोगों की मांग पूरी हो गई है।




*लोकसभा चुनाव से पहले योगी सरकार ने एक और मेट्रो स्टेशन का बदलने का फैसला किया है। योगी सरकार ने आगरा में जामा मस्जिद स्टेशन के बाद अब बसई का नाम बदला है। बसई को अब शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता के नाम से जाना जाएगा।*

### जम्मू के राजौरी में हुए थे शहीद

आगरा के ताजनगरी फेस-1 प्रतीक एन्कलेव निवासी डीजीसी (अपराध) बसंत गुप्ता के पुत्र कैप्टन शुभम गुप्ता 22 नवंबर 2023 को जम्मू के राजौरी में आतंकी मुठभेड़ के दौरान शहीद हो गए थे। कैप्टन शुभम गुप्ता साल 2015 में सेना में भर्ती हुए थे। कैप्टन शुभम की पहली पोस्टिंग नार्दन कमांड ऊधमपुर में हुई थी। वह 9 पैरा में तैनात रहकर सीमा की सुरक्षा कर रहे थे।


## खबर संक्षेप

### नीतीश ने मुख्य सचिव का वीआरएस मंजूर



**पटना।** सीएम नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव आमिर सुबहानी का वीआरएस को मंजूर कर लिया है। सामान्य प्रशासन विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। सुबहानी 30 अप्रैल 2024 को अपने पद से रिटायर होने वाले थे। मगर दो महीने पहले ही उन्होंने वीआरएस ले लिया। हालांकि सामान्य प्रशासन विभाग ने कोई पत्र जारी नहीं किया है। दूसरी ओर बिहार के अगले मुख्य सचिव को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

### चिराग पासवान की पार्टी के नेता को मारी गोली



**सुपौल।** चिराग पासवान की पार्टी लोजपा रामविलास के नेता को गोली मार दी गई। वारदात छातापुर प्रखंड के डहरिया गांव में हुई। गोली लगने से 65 वर्षीय लोजपा नेता अशोक पासवान अचेत होकर सड़क पर गिर गए। आवाज सुनकर घरों के लोग बाहर निकले तो बदमाश फरार हो गए। गंभीर रूप से

## यूपी में 1100 अन्नपूर्णा भवनों का सीएम योगी ने किया लोकार्पण, बोले -

# 2017 से पहले भूख से होती थीं मौतें अब हर किसी को मिल रहा राशन

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में 1100 अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण करने के साथ ही 79000 उचित दर दुकानों पर ई वेइंग स्केल लिंक्ड ई पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का शुभारंभ किया।*

एजेंसी ⏭ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी कार्यों में अधिकाधिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से आम जनमानस की जिंदगी में तेजी से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप जीवन के हर क्षेत्र में रिफॉर्म से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि भ्रष्टाचार भी समाप्ति की ओर है।

कहा कि जहां शासन की सुविधा का लाभ बिना भेदभाव हर नागरिक तक पहुंच सके, वही सुशासन है और सुशासन का यही मॉडल रामराज्य है। सीएम योगी लोकभवन में खाद्य रसद विभाग और ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 1100 अन्नपूर्णा भवनों और 79 हजार उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों का लोकार्पण और शुभारंभ किया।

- शासन की सुविधा का लाभ बिना भेदभाव हर नागरिक तक पहुंचं, यही सुशासन है
- शीघ्र ही प्रदेश के 80 हजार राशन कोटे की दुकानों के लिए ये व्यवस्था हो जाएगी।



### ई वेइंग मशीन जैसी तकनीक का इस्तेमाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयास से हर गरीब को खाद्यान्न उपलब्ध कराने में हम सफल हुए हैं। 2014 से पहले जरूरतमंदों को राशन नहीं मिल पाता था। उनके नाम पर राशन कार्ड तो होता था, लेकिन राशन कोई और ही डकार जाता था। यहां तक कि 2017 से पहले प्रदेश के कई जनपदों में भूख से भी मौतें होती थीं। लेकिन हमने पहले ई पॉस मशीन और अब ई वेइंग मशीन जैसी तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है। इससे राशन वितरण के क्षेत्र में व्यापक रिफॉर्म हुए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से प्रदेश के लगभग 80 हजार राशन कोटे की दुकानों में हुए इस रिफॉर्म का लाभ 15 करोड़ लाभार्थियों को प्राप्त हो रहा है।

### लखनऊ से ही बैठकर होगी निगरानी


योगी ने कहा कि तकनीक आधारित खाद्य वितरण प्रणाली से न केवल भूखमरी की समस्या का समाधान हुआ, बल्कि हम कलंक से मुक्त भी हुए हैं। पहले राशन एफसीआई गोदामों से निकलने के बाद बीच से ही गायब हो जाता था। अब लखनऊ से ही बैठकर निगरानी होगी कि राशन वास्तव में जिस कोटे की दुकान तक जाना था, वहां तक पहुंचा या नहीं। यह परिवर्तन ही सबका साथ सबका विकास है। यही पीएम मोदी का मंत्र है जो जमीनी धरातल पर उतरता हुआ दिखाई दे रहा है।

### स्थाई हो गए अन्नपूर्णा भवन

मुख्यमंत्री ने लोकार्पित हुए 1100 अन्नपूर्णा भवनों के बारे में कहा कि अब राशन कोटे के लिए अन्नपूर्णा भवन स्थाई भवन हो गए हैं। अब कोटेदार के बदलने पर भी राशन की दुकानें नहीं बदलेंगी। राशन के साथ ही अन्नपूर्णा भवनों से अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। यहां से सस्ती जेनरिक दवाएं व घर की अन्य आवश्यक वस्तुओं की भी पूर्ति की जाएगी। यहीं पर कॉमन सर्विस सेंटर भी होगा, जहां से जन्म, मृत्यु, आय, जाति प्रमाणपत्र जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी।

## सरकार ने विधानसभा में गिनाए काम

# साढ़े चार लाख लोगों को मिलेगा अबुआ आवास



एजेंसी ⏭ रांची

विधानसभा बजट सत्र के दौरान कटौती प्रस्ताव पर चंपई सोरेन सरकार की ओर से जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में दो लाख लोगों को अबुआ आवास दिया है।

अगले वित्तीय वर्ष 2024-25 में साढ़े चार लाख लोगों को अबुआ आवास देंगे। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से कुल 29 लाख आवेदन आए थे, जिनमें से 20 लाख आवेदन वैध पाए गए। सरकार सबको बारी-बारी से आवास देने के लिए संकल्पित है।

### 19 लाख को मिला सर्वजन पेंशन

उन्होंने कहा कि 2028 तक सभी को अबुआ आवास मुहैया करा दिया जाएगा। इसके अलावा बताया गया कि सरकार ने पिछले चार सालों में करीब 19 लाख लोगों को सर्वजन पेंशन स्कीम से लाभांवित किया है। 2019 तक राज्य के 6.60 लाख लोगों को पेंशन मिलता था, जिसकी संख्या बढ़कर 25.96 लाख हो गई है। बता दें कि शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग, कार्मिक, ऊर्जा विभाग सहित अन्य के अनुदान मांगों पर चर्चा हुई।

# यूपी एसटीएफ ने दो और आरोपियों को किया गिरफ्तार

## सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामला

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी के सभी 75 जिलों में 17 व 18 फरवरी को आयोजित की गई सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा में पेपर लीक को लेकर यूपी एसटीएफ ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसटीएफ को इनके पास से प्रवेश पत्र व अन्य अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। मामले में विभूतिखण्ड थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

गिरफ्तार किए गए अरोपियों में प्रयागराज का अजय सिंह और सोनू सिंह यादव शामिल हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है। सिपाही भर्ती परीक्षा में प्रदेश के करीब 50 लाख युवाओं ने भाग लिया था। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया था। पेपर लीक के बाद परीक्षा को रद्द कर दिया गया था और छह महीने के अंदर दोबारा परीक्षा कराने का एलान किया गया था।

## जैकेट पेज से जारी उम्मीदवारों की लिस्ट का शेष...

| | |
|---|---|
| पोरबंदर | परषोत्तम रुपाला |
| जामनगर | मनसुखभाई मंडाविया |
| आणंद | श्रीमती पूनमबेन माडम |
| खेड़ा | मितेशभाई रमेशभाई पटेल |
| पंचमहल | देवसिंह चौहान |
| दाहोद (अजजा) | राजपालसिंह महेंद्रसिंह जाधव |
| भरूच | मनसुखभाई वसावा |
| बारडोली (अजजा) | प्रभुभाई नागरभाई वसावा |
| नवसारी | सी. आर. पाटिल |
| **जम्मू एवं कश्मीर** | |
| उधमपुर | डॉ. जितेंद्र सिंह |
| जम्मू | जुगल किशोर शर्मा |
| राजमहल (अजजा) | ताल मरांडी |
| दुमका (अजजा) | सुनील सोरेन |
| गोड्डा | निशिकांत दुबे |
| कोडरमा | श्रीमती अन्नपूर्णा देवी |
| रांची | संजय सेठ |
| जमशेदपुर | विद्युत बरण महतो |
| सिंहभूम (अजजा) | श्रीमती गीता कोड़ा |
| खूंटी (अजजा) | अर्जुन मुंड |
| लोहारदगा (अजजा) | समीर उराँव |
| पलामू (अजा) | विष्णु दयाल राम |
| हजारीबाग | मनीष जयसवाल |
| **केरल** | |
| कासरगोड | श्रीमती एम. एल.अश्विनी |
| कण्णूर | सी. रघु |
| वडकरा | प्रफुल्ल कृष्ण |
| कोजिक्कोड | एम.टी. रमेश |
| मलप्पुरम | डॉ. अब्दुल सलाम |
| पोन्नानी | श्रीमती निवेदिता सुब्रमण्यन |
| पालक्कड | सी. कृष्णकुमार |
| त्रिशूर | सुरेश गोपी |
| अलपुझा | श्रीमती शोभा सुरेंद्रन |
| पत्तनमतिट्टा | अनिल के. एंटनी |
| अहिंगल | वी. मुरलीधरन |
| तिरुवनंतपुरम | राजीव चन्द्रशेखर |
| मुरैना | शिवमंगल सिंह तोमर |
| भिंड (अजा) | श्रीमती संध्या राय |
| ग्वालियर | भारत सिंह कुशवाह |
| गुना | ज्योदिरादित्य सिंधिया |
| सागर | श्रीमती लता वानखेड़े |
| टीकमगढ़ (अजा) | वीरेन्द्र खटीक |
| दमोह | राहुल लोधी |
| खजुराहो | वीडी शर्मा |
| सतना | गणेश सिंह |
| रीवा | जनार्दन मिश्र |
| सीधी | राजेश मिश्रा |
| शहडोल (अजजा) | श्रीमती हिमाद्री सिंह |
| जबलपुर | आशीष दुबे |
| मंडला | फग्गन सिंह कुलस्ते |
| होशंगाबाद | दर्शन सिंह चौधरी |
| विदिशा | शिवराज सिंह चौहान |
| भोपाल | आलोक शर्मा |
| राजगढ़ | रोडमल नागर |
| देवास | महेंद्र सिंह सोलंकी |
| मंदसौर | सुधीर गुप्ता |
| रतलाम (अजजा) | श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान |
| खरगोन (अजजा) | गजेन्द्र पटेल |
| खंडवा स | ज्ञानेश्वर पाटिल |
| बैतूल (अजजा) | दुर्गा दास उइके |
| **राजस्थान** | |
| बीकानेर | अर्जुन राम मेघवाल |
| चूरू | देवेंद्र झाझरिया |
| सीकर | स्वामी सुमेधानंद सरस्वती |
| अलवर | भूपेंद्र यादव |
| भरतपुर (अजा) | रामस्वरूप कोली |
| नागौर | श्रीमती ज्याति मिर्धा |
| पाली | पीपी चौधरी |
| जोधपुर | गजेंद्र सिंह शेखावत |
| बाड़मेर | कैलाश चौधरी |
| जालैर | लुम्बाराम चौधरी |
| उदयपुर | मन्नालाल रावत |
| बांसवाड़ा (अजजा) | महेंद्र मालवीय |
| चित्तौड़गढ़ | सीपी जोशी |
| कोटा | ओम बिड़ला |
| झालावाड़-बारां | दुष्यंत सिंह |
| **तेलंगाना** | |
| करीमनगर | बंढी संजय कुमार |
| निजामाबाद | अरविंद धर्मपुरी |
| जहीराबाद | बीबी पाटिल |
| मल्काजगिररि | ईटेला राजेंदर |
| सिकंदराबाद | जी. किशन रेड्डी |
| हैदराबाद | माधवी लता |
| चेलवेल्ला | कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी |
| नगरकुर्नूल | पी. भरत |
| भोंगीर | बोरा नरसैयाह गौड़ |
| **त्रिपुरा** | |
| त्रिपुरा पश्चिम | बिप्लब कुमार देब |
| **उत्तराखंड** | |
| टेहरी गढ़वाल | माला राज्य लक्ष्मी शाह |
| अल्मोड़ा (अजा) | अजय टम्टा |
| नैनीताल | उधमसिंह |
| नगर | अजय भट्ट |
| **उत्तर प्रदेश** | |
| कैराना | प्रदीप कुमार |
| मुजफ्फरनगर | डॉ. संजीव कुमार |
| **बालियान** | |
| नगीना (अजा) | ओम कुमार |
| रामपुर | घनश्याम लोधी |
| संभल | परमेश्वर लाल सैनी |
| अमरोहा | कंवर सिंह तंवर |
| गौतम बुद्धनगर | महेश शर्मा |
| बुलंदशहर (अजा) | डॉ . भोला सिंह |
| मथुरा | श्रीमती हेमा मालिनी |
| आगरा (अजा) | सत्यपाल सिंह बघेल |
| फतेहपुर सीकरी | राजकुमार चाहर |
| एटा | राजवीर सिंह (राजू भैया) |
| आंवला | धर्मेन्द्र कश्यप |
| शाहजहांपुर (अजा) | अरुण कुमार सागर |
| खीरी | अजय मिश्रा टेनी |
| धौरहरा | श्रीमती रेखा वर्मा |
| सीतापुर | राजेश वर्मा |
| हरदोई (अजा) | जय प्रकाश रावत |
| मिश्रिख (अजा) | अशोक कुमार रावत |
| उन्नाव | साक्षी महाराज |
| मोहनलालगंज (अजा) | कौशल किशोर |
| लखनऊ | राजनाथ सिंह |
| अमेठी | श्रीमती स्मृति ईरानी |
| प्रतापगढ़ | संगम लाल गुप्ता |
| फर्रुखाबाद | मुकेश राजपूत |
| इटावा | राम शंकर कठेरिया |
| कन्नौज | सुब्रत पाठक |
| अकबरपुर | देवेन्द्र सिंह ‡भोले‡ |
| जालौन | भानु प्रताप सिंह वर्मा |
| झांसी | अनुराग शर्मा |
| हमीरपुर | कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल |
| बांदा | आरके सिंह पटेल |
| फतेहपुर | निरंजन ज्योति |
| बाराबंकी | उपेंद्र रावत |
| फैजाबाद | लल्लू सिंह |
| अम्बेडकरनगर | रितेश पांडेय |
| श्रावस्ती | साकेत मिश्रा |
| गोंडा | कीर्तिवर्धन सिंह |
| डुमरियागंज | जगदम्बिका पाल |
| बस्ती | हरीश द्विवेदी |
| संतकबीरनगर | प्रवीण कुमार निषाद |
| महराजगंज | पंकज चौधरी |
| गोरखपुर | रवि किशन |
| कुशीनगर | विजय कुमार दुबे |
| बांसगांव | कमलेश पासवान |
| लालगंज | नीलम सोनकर |
| आजमगढ़ | दिनेश लाल यादव निरहुआ |
| सलेमपुर | रविन्द्र कुशवाहा |
| जौनपुर | कृपा शंकर सिंह |
| चंदौली | महेंद्र पांडेय |
| **पश्चिम बंगाल** | |
| कूच बिहार | निशिथ प्रमाणिक |
| अलीपुरद्वार | मनोज तिग्गा |
| बेलूरघाट | सुकांता मजूमदार |
| मालदाहा | उत्तर से खगेन मुर्मू |
| मालदा दक्षिण | श्रीरूपा मित्रा चौधरी |
| बहरामपुर | निर्मल कुमार साहा |
| मुर्शिदाबाद | गौरी शंकर घोष |
| राणाघाट | जगन्नाथ सरकार |
| बनगांव | शांतनु ठाकुर |
| जॉयनगर | अशोक कंडारी |
| जादवपुर | अनिर्बान गांगुली |
| हावड़ा | रथिन चक्रवर्ती |
| हुगली | लॉकेट चटर्जी |
| कांथी | सौमेन्दु अधिकारी |
| घाटल | हिरण्मय चट्टोपाध्याय |
| पुरुलिया | ज्योतिर्मय सिंह महतो |
| बांकुड़ा | सुभाष सरकार |
| बिष्णुपुर | सौमित्र खान |
| आसनसोल | पवन सिंह |
| बोलपुर | प्रिया साहा |

## पेज एक का शेष

### दिल्ली में चार...

हैं। विधानसभा चुनाव जीते पांच सांसदों की जगह नये चेहरों को भी मैदान में उतारा गया है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे, चर्चा थी कि वे फैजाबाद से ताल ठोंक सकते हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह गांधीनगर से, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिराला कोटा से, स्मृति इरानी अमेठी से, सौमेनदु अधिकारी कांथी से, ज्योतिरादित्या सिंधिया गुना से, सरोज पांडे कोरबा से, रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल चुनाव लडेंगे।
दिल्ली में की सात लोकसभा सीटों में से पहली लिस्ट में पांच उम्मीदवार घोषित किये है जिनमें चार नए चेहरे हैं। सांसद डॉ हर्षवर्धन,मीनाक्षी लेखी, प्रवेश वर्मा,रमेश बिधूड़ी टिकट पाने से चूक गये। उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर मनोज तिवारी को पर फिर से भरोसा जताया गया है। भोपाल से साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर का टिकट काट दिया गया है।
भाजपा ने 195 लोकसभा सीटों की पहली लिस्ट में यूपी से 51, दिल्ली से पांच, छत्तीसगढ़ की 11, मध्यप्रदेश की 24, राजस्थान की 15, प बंगाल की 20, गुजरात की 15, असम की 11, जम्मू-कश्मीर की दो, झारखंड की 11, तेलंगाना की नौ, केरल की 12, उत्तराखंड की तीन, त्रिपुरा की एक, गोवा की एक, दादर दमन द्वीव की एक, अरूणाचल प्रदेश की दो और अंडमान निकोबार की एक सीट पर उम्मीदवार घोषित किये हैं।
यूपी में किसान आंदोलन के दौरान विवादित हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी को तमाम कयासों को धत्ता बतरते हुए फिर से मैदान में उतारा गया है। राजा भैया को भाजपा ने टिकट देकर चौंका दिया है। कभी मुलायम सिंह यादव के खास रहे बाहुबली राजा भैया ने हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट दिया था, उनको गोंडा से टिकट मिला है।
राजस्थान विधानसभा चुनाव के बाद कथित तौर विधायकों की बाड़ाबंदी को लेकर चर्चा में आये पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बेटे सांसद दुष्यंत सिंह फिर से टिकट पाने में कामयाब रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को लेकर चर्चा थी कि उन्हें हरियाणा से चुनाव लड़वाया जाएगा, यादव को राजस्थान की अलवर सीट से उम्मीदवार बनाया गया है।
मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा से टिकट दिया गया है। महिला पहलवानों के साथ हुए विवाद को लेकर चर्चा में आये ब्रजभूषण शरण सिंह की टिकट अभी अधर में है। उनकी सीट केसरगंज से अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है।
**छत्तीसगढ़ः सभी 11 सीटों पर उम्मीदवार उतारे, अग्रवाल और सरोज को टिकटः** भाजपा ने दग की सभी 11 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा पहली लिस्ट में कर दी। छत्तीसगढ़ में 9 में से 7 सांसदों का टिकट कट गया है। 11 सीटों पर दो सांसदों पर पार्टी ने दोबारा भरोसा जताया है। वहीं रायपुर लोकसभा सीट से मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को पार्टी ने मैदान में उतारा है। पार्टी ने 11 मे से 3 महिलाओं को टिकट दिया है। कोरबा से श्रीमती सरोज पांडे, रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल, राजनांदगांव से संतोष पांडेय, दुर्ग से विजय बघेल, सरगुजा से चिंतामणि महाराज, बिलासपुर से तोखन साहू, महासमुंद से रूप कुमारी चौधरी, रायगढ़ से राधेश्याम राठिया,बस्तर से महेश कश्यप, कांकेर से भोजराज नाग और जांजगीर से श्रीमती कमलेश जांगड़ को प्रत्याशी बनाया गया है।

### दिल्लीः पांच टिकट...

पश्चिम दिल्ली से पूर्व महापौर श्रीमती कमलजीत सहरावत को तथा दक्षिण दिल्ली सीट से दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामबीर सिंह बिधूड़ी को भाजपा ने टिकट दिया है। पूर्वी दिल्ली सीट से सांसद गौतम गंभीर ने चुनावी राजनीति छोड़ने का ऐलान कर दिया है। उत्तर पश्चिम सीट से सांसद हंस राज हंस की टिकट कटनी तय मानी जा रही है। अगर ऐसा होता है तो सात लोकसभा सीटों वाली देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा के टिकट पर छह नए चेहरे मैदान में होंगे। चर्चा है कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन के बाद भाजपा हाईकमान ने अपने वर्तमान सांसदों को लेकर एकबार नए सिरे से फीडबैक लिया। क्वीक सर्वे किया गया, आरएसएस से राय ली गई और स्थानीय संगठन से गहराई से जीत हार का आंकलन करवाया गया उसके बाद नए उम्मीदवार उतारने का फैसला लिया गया।
प्रवेश वर्मा और रमेश बिधूड़ी का टिकट कटना आम लोगों के साथ साथ खुद उनके लिए भी अचरज भरा माना जा रहा है। रमेश बिधूडी को कुछ समय पहले लोकसभा में बसपा सांसद दानिश अली को अपशब्द कहना शायद भारी पड़ गया। उनकी टिप्पणी पर संसद में विपक्षी दलों ने खासा हंगामा किया था और भाजपा ने भी सार्वजनिक तौर पर रमेश की निंदा की थी। कहा जा रहा है कि प्रवेश वर्मा की टिकट कटने की सबसे बड़ी वजह आप-कांग्रेस के उम्मीदवार महाबल मिश्रा रहे। पूर्व सांसद मिश्रा का पूर्वांचल वोटों पर लगभग एकाधिकार है और भाजपा हाईकमान उनके मुकाबले प्रवेश वर्मा की जीत को लेकर संशय में था। इस लोकसभा सीट के तहत आने वाली कई विधानसभा सीटों पर पूर्वांचली वोटों का खासा दबदबा है। हालांकि प्रवेश वर्मा अपने दस साल के दो कार्यकाल के दौरान काफी सक्रिय रहे हैं। वर्मा का टिकट कटने पर जाट नाराज होते, इसी वजह से उनकी जगह जाट वर्ग की कमलजीत सहरावत को ही पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। डॉ हर्षवर्धन को लेकर पहले से ही निश्चित माना जा रहा था कि उनको चांदनी चौक से टिकट नहीं मिलेगी और ऐसा हुआ भी।

### भोपाल से लड़ेंगे आलोक...

नर्मदापुरम से दर्शन सिंह चौधरी, राजगढ़ से रोडमल नागर, देवास से महेंद्र सिंह सोलंकी, खरगौन से गजेन्द्र पटेल, खंडवा से ज्ञानेश्वर पाटिल, मंदसौर से सुधीर गुप्ता, रतलाम से अनीता नागर सिंह चौहान को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

### इन सीटों पर बदले...

आशीष दुबे को टिकट मिला है पहले यहां से राकेश सिंह सांसद थे। वहीं, दमोह से राहुल लोधी को टिकट मिला है पहले यहां से प्रहलाद सिंह पटेल सांसद थे।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr. P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **रवि पंजाबी** पुत्र गुरनाम चोपड़ा निवासी मिध माजरा, सीतामई, जिला करनाल, हरियाणा और कृष्ण पाल का मकान, आश्रम रोड, विकास कुंज, थाना लोनी बॉर्डर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 962/14 धारा 379/411 भा.द.सं.** थाना फर्श बाजार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रवि पंजाबी** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रवि पंजाबी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **रवि पंजाबी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 03.04.2024** को या उसके पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अजीत नारायण,**
**मेट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट–02,**
**कमरा नं 38, शाहदरा जिला,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/356/SHD/2024
(Court Notice)

## गुमशुदा की तलाश


प्रदीप कुमार सोनी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **प्रदीप कुमार सोनी,** पुत्र कश्मीरी लाल, **पताः** जी–1/330, दाल मिल रोड, उत्तम नगर, दिल्ली, **उम्रः** 52 वर्ष, **कदः** 5'6'', **शरीरः** मध्यम, **रंगः** गोरा, **चेहराः** लम्बा, **पहनावाः** गहरे भूरे रंग की शर्ट और काले रंग की पैंट पहने हुए है। जो दिनांक **15.02.2024** को शाम 7:30 बजे अपने घर से गुमशुदा है। इस संबंध में **डीडी सं. 91A** दिनांक **24.02.2024** को **पुलिस थाना उत्तम नगर, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस व्यक्ति का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

**ई–मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन.: 011-24368638, 2436864**
**फैक्स : 011-24368639**
**DP/2521/DW/2024**

थानाअध्यक्ष
पुलिस थाना उत्तम नगर, दिल्ली
फोनः : 9205634763, 8750871026

**आज हमारी राजनीति ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जिसमें वैचारिकता और सिद्धांत गौण हो गए हैं, ये दोनों दलों की प्रस्तावना तक सीमित रह गए हैं। देश की राजनीति येनकेन प्रकारेण सत्ता पाने व सत्ता में बने रहने के लिए 'तिकड़म के इर्द-गिर्द सिमट गई है। शायद इसलिए नीतीश कुमार जैसे समाजवादी नेता केवल और केवल कुर्सी के लिए पाला बदलते रहते हैं, कदाचार के आरोपों में घिरे नेताओं को पार्टी विद डिफरेंस में जगह मिल जाती है, कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ अण्णा आंदोलन की कोख से जन्मी आम आदमी पार्टी कांग्रेस से ही गठबंधन करती है, भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने का दंभ भरने वाले व राजनीति में उजास की नई उम्मीद जगाने वाले अरविंद केजरीवाल कांग्रेस का ही 'हाथ' थामते हैं, चंडीगढ़ में रिटर्निंग अफसर बहुमत से खिलवाड़ करते हैं, हिमाचल प्रदेश में अपनी पार्टी को कांग्रेस विधायक धोखा देते हैं और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी में शाहजहां शेख जैसे आपराधिक छवि के नेता पनाह पा जाते हैं। आखिर सत्ता पाने का यह कैसा खेल है, जिसमें सामान्य नैतिकता भी नहीं है। आखिर राजनीतिक दलों ने खुद को वैचारिकता से इतना नीचे कैसे गिरा लिया है? आखिर हमारे आत्ममुग्ध राजनेताओं में आजीवन सत्ता में बने रहने की 'ययाति चाह' क्यों है? आखिर आजादी के बाद से अब तक हमारा लोकतंत्र चुनावी मशीनरी तक क्यों सिमटता जा रहा है? देश की राजनीति में न नया विचार दिख रहा है, न सोच की नई चिंगारी दिख रही है, न परिवर्तन का नया जोश दिख रहा है। धर्म, जाति, क्षेत्र, हेट स्पीच जैसे विभाजनकारी तत्वों में ही राजनीति उलझी हुई है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले राजनीति की 'बदरंग' दशा का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# राजनीति से गायब होती शुचिता



विश्लेषण
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

**'आप' गठन के दौर में केजरीवाल और उनके साथियों ने कथित भ्रष्टाचारी नेताओं की एक सूची जारी की थी। उसमें देश के दिग्गज राजनीतिज्ञों के नाम शामिल थे। प्रणब मुखर्जी उसी दौर में देश के राष्ट्रपति बने। केजरीवाल समूह ने नितिन गडकरी, येदियुरप्पा, अनुराग ठाकुर सरीखे भाजपा नेताओं को भी 'भ्रष्ट' करार दिया। तब केजरीवाल हुंकार भरा करते थे कि सोनिया गांधी को जेल में डाल दो...। बहरहाल केजरीवाल 2013 से दिल्ली के मुख्यमंत्री हैं। राजनीति के जिन मिथकों, प्रतीकों, सिद्धांतों और आमूल परिभाषा के साथ केजरीवाल ने 'परिवर्तन' की हुंकार भरी थी, वह इन सालों में 'विशुद्ध राजनीतिक' साबित हुई है।**

वह 2011 का दौर था। देश की राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान, जंतर-मंतर और प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में एक भीड़ के जमावड़े को मैंने लगातार देखा था। भ्रष्टाचार के खिलाफ भारत को जागृत और लामबंद कर रहे थे 'आधुनिक गांधी' अण्णा हजारे। भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मंच तैयार हो रहा था और आंदोलन भी उभर रहा था। अण्णा हजारे के लगातार अनशनों के प्रति व्यापक जन-सैलाब उमड़ रहा था। उस दौर में अरविन्द केजरीवाल, पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण, उनके अधिवक्ता-पुत्र प्रशांत भूषण, राम जेठमलानी, किरन बेदी, जनरल वीके सिंह, योगेन्द्र यादव और कुमार विश्वास सरीखे परिचित चेहरों ने राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' खूब लहराया और 'जन लोकपाल कानून' का संकल्प दोहराया। बहुत जल्दी वह आंदोलन बिखर गया। अण्णा महाराष्ट्र लौट गए। आंदोलन का मकसद और संकल्प भी अधूरे रहे, क्योंकि अण्णा के 'मानस-नायक' केजरीवाल की निगाहें और उनके मंसूबे कहीं और चिपके थे। अचानक केजरीवाल और उनके तत्कालीन साथी ऐलान करने लगे कि भ्रष्टाचार से छुटकारा दिलाने का यही तरीका है कि राजनीति में जाएं और सरकार में घुसकर सिस्टम को साफ करें। इस तरह आंदोलन पीछे छूट गया और केजरीवाल भी सियासत के रास्ते पर बढ़ चले।



## जांच एजेंसियों के कठघरे में

हालांकि केजरीवाल पहले ही घोषणा कर चुके थे कि अब एक राजनीतिक पार्टी बनाई जाएगी। अण्णा हजारे इसके पक्षधर नहीं थे। उन्होंने केजरीवाल को पत्र लिखकर आगाह भी किया था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जन अभियान बिल्कुल ही समाप्त हो जाएगा। फिर भी केजरीवाल ने 2 अक्तूबर, 2012 को 'आम आदमी पार्टी' (आप) के गठन की विधिवत घोषणा की। उन्होंने तब सार्वजनिक तौर पर कहा था कि वह न तो कांग्रेस और न ही भाजपा के साथ जाएंगे। 2013 के अंत में 'आप' ने दिल्ली विधानसभा का पहला चुनाव लड़ा। उसमें 70 में से 28 विधायक ही जीत पाए, लेकिन केजरीवाल ने कांग्रेस के समर्थन से ही पहली सत्ता हासिल की। यह दीगर है कि सरकार सिर्फ 49 दिन ही चल पाई। केजरीवाल ने फरवरी, 2014 में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उनका स्पष्टीकरण था कि विधानसभा में संख्या बल कम होने के कारण 'जन लोकपाल' बिल पारित कराने में हम नाकाम रहे हैं, लिहाजा अब पूर्ण जनादेश के साथ ही लौटेंगे। उसके बाद 2015 और 2020 में दो चुनाव हो चुके हैं। क्रमशः 67 और 62 विधायकों के प्रचंड जनादेश भी मिले, लेकिन 'जन लोकपाल' और भ्रष्टाचार आज भी स्वप्न ही हैं। अलबत्ता 12 साल की राजनीतिक सत्ता ने केजरीवाल को भी मुखौटाधारी राजनेता बना दिया है। अब वह किसी परंपरागत, बुर्जुआ पार्टी और नेता से कम नहीं हैं। आज वह भी भ्रष्टाचार के आरोपों के साथ सवालिया हैं और जांच एजेंसियों के कठघरे में मौजूद हैं।

## 'विशुद्ध राजनीतिक' साबित हुई हुंकार

'आप' गठन के दौर में केजरीवाल और उनके साथियों ने कथित भ्रष्टाचारी नेताओं की एक सूची जारी की थी। उसमें सोनिया-राहुल गांधी, प्रणब मुखर्जी, शरद पवार, पी. चिदंबरम, सुशील कुमार शिंदे, सलमान खुर्शीद, कपिल सिब्बल, कमलनाथ, मायावती, मुलायम सिंह यादव, फारूक अब्दुल्ला आदि के नाम शामिल किए गए थे। प्रणब मुखर्जी उसी दौर मेंदेश के राष्ट्रपति बने। केजरीवाल समूह ने नितिन गडकरी, येदियुरप्पा, अनुराग ठाकुर सरीखे भाजपा नेताओं को भी 'भ्रष्ट' करार दिया। तब केजरीवाल हुंकार भरा करते थे कि सोनिया गांधी को जेल में डाल दो...। बहरहाल केजरीवाल 2013 से दिल्ली के मुख्यमंत्री हैं। राजनीति के जिन मिथकों, प्रतीकों, सिद्धांतों और आमूल परिभाषा के साथ केजरीवाल ने 'परिवर्तन' की हुंकार भरी थी, वह इन सालों में 'विशुद्ध राजनीतिक' साबित हुई है। आज वह 'आप' के आलाकमान हैं। सत्ता का प्रत्येक सुख वह भोग रहे हैं। उनके 'आंदोलनकारी' साथी उनसे अलग हो चुके हैं। कोई भाजपा में, तो कोई कांग्रेस में घुस चुका है। एक जी-हुजूर जमात ही केजरीवाल के साथ है। बेशक दिल्ली के अलावा पंजाब में भी 'आप' की सरकार है। दुर्भाग्य और विडंबना यह है कि वह उसी राजनीति के एक नेता हैं, जिसे खारिज कर उन्होंने 'आप' का गठन किया था और 'जन लोकपाल' की व्यवस्था को लागू करने का सार्वजनिक आश्वासन दिया था। केजरीवाल की राजनीति का ब्रह्म-सत्य आज यह है कि उन्हें सोनिया-राहुल गांधी की कांग्रेस के साथ ही गठबंधन करना पड़ा है। कभी उन्होंने एक-एक भ्रष्ट नेता के खिलाफ 'आप' का उम्मीदवार चुनाव-मैदान में उतारने का बुलंद नारा दिया था, ताकि काले, दाग़दार नेता संसद में न पहुंच सकें। आज लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल को उस 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा बनना पड़ा है, जिसके प्रमुख चेहरों में सोनिया-राहुल गांधी, शरद पवार, लालू यादव आदि हैं। राजनीति का चक्र पूरा घूम कर वहीं आ गया है, जहां कथित भ्रष्ट, चालाक और शातिर राजनेता ही मौजूद हैं। केजरीवाल भी उनमें शामिल हो चुके हैं। कांग्रेस और 'आप' ने दिल्ली, गुजरात, गोवा, हरियाणा (सिर्फ कुरुक्षेत्र सीट) आदि राज्यों में गठबंधन किया है। वे साथ-साथ लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। केजरीवाल कांग्रेसी राजनीति और उसके प्रत्याशियों की भी पैरवी करेंगे। क्या यही शुचिता और कट्टर ईमानदारी की राजनीति है? बेशक केजरीवाल दलील दे सकते हैं कि ऐसे असंख्य उदाहरण हैं कि एक नेता ने दूसरे को 'भ्रष्ट' करार दिया, आपस में खूब कोसा, गालियां भी दीं और फिर एक दिन वे एक ही मंच पर लामबंद होने के लिए आ गए। मैं केजरीवाल की ऐसी दलीलों को खोखली मानता हूं, क्योंकि उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन का हिस्सा होकर एक अलग किस्म की राजनीति करने का रास्ता अख्तियार किया था। यदि केजरीवाल को भी ऐसी ही गली-सड़ी राजनीति से समझौता करना है, उसका हिस्सा बनना है, तो कमोबेश मेरी सोच के लोग उन्हें समर्थन क्यों दें?

## सबसे अहम सवाल

अब सवाल केजरीवाल से जुड़े भ्रष्टाचार का है। सवाल है कि केजरीवाल संवैधानिक जांच एजेंसियों के सामने पेश क्यों नहीं होते हैं? प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दिल्ली के शराब घोटाले में उनसे पूछताछ करना चाहता है और आठ समन भेज चुका है। ईडी और सीबीआई सरीखी एजेंसियों को संवैधानिक, संघीय मान्यता हासिल है कि वे देश के प्रधानमंत्री को भी तलब कर सकती हैं। केजरीवाल भी संवैधानिक पद पर हैं और संविधान, लोकतंत्र बचाने के जुमलों पर राजनीति करते रहे हैं। फिर ईडी के समन को बार-बार 'अवैध' करार देना क्या संविधान-सम्मत है? केजरीवाल बहाने बना कर ईडी के सामने पेश होने से बचते रहे हैं। शराब घोटाले में केजरीवाल की उपस्थिति और उनसे पूछताछ इसलिए अहम है, क्योंकि उनके उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया बीते एक साल से जेल में हैं, उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत ने भी उन्हें जमानत नहीं दी है। 'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी बीती अक्तूबर से जेल में हैं और अदालत ने उन्हें भी जमानत नहीं दी है। ये दोनों नेता, 'आप' के भीतर, केजरीवाल के दाएं-बाएं हाथ माने जाते रहे हैं, लिहाजा केजरीवाल को किसी सूचना के आधार पर गिरफ्तारी का अंदेशा और भय स्वाभाविक है। गौरतलब यह भी है कि जब शराब की नई नीति बनाई जा रही थी, उस दौरान शराब के बड़े व्यापारियों से केजरीवाल की भी मुलाकातें कराई गईं। इसे भी अपराध न आंका जाए, तो दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने जो फैसले लिये थे, उनसे केजरीवाल खुद को अलग कैसे रख सकते हैं? कैबिनेट के फैसले और दायित्व तो 'सामूहिक' होते हैं। केजरीवाल दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री हैं। बेशक उन्होंने किसी भी फाइल या विवादित फैसले पर हस्ताक्षर न किए हों, फिर भी कैबिनेट की प्रथम जिम्मेदारी मुख्यमंत्री केजरीवाल की है।

## राजनीति को लेकर आपत्ति

लब्बोलुआब यह है कि केजरीवाल पीड़ित, मासूम, बेचारगी की राजनीति कर रहे हैं। वह दिल्ली की जनता को भावुक बनाने की कला में माहिर हैं। बेशक मुख्यमंत्री के तौर पर उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, मुफ्त यात्रा, बुजुर्गों की तीर्थ-यात्रा, मुफ्त पानी की आपूर्ति आदि के संदर्भ में अच्छे और कारगर काम किए हैं। आम आदमी का साल में छह महीने बिजली का बिल 'ज़ीरो' आता है। बेशक अस्पतालों में इलाज मुफ्त है, लेकिन वहां की मशीनें ही खराब रहती हैं। अस्पतालों में मरीज भेड़-बकरी की तरह झुंडों में पड़े रहते हैं। 'मुहल्ला क्लीनिक' के अपने 'अर्द्धसत्य' है। ऐसी 'मुफ्तखोरी' के फायदे ही क्या हैं? दिल्ली की अर्थव्यवस्था इसलिए सर्वश्रेष्ठ लगती है, क्योंकि यह अर्द्धराज्य है और केंद्र सरकार के आर्थिक संसाधन उसे प्राप्त हैं, लिहाजा प्रति व्यक्ति आय भी 4.5 लाख रुपये से अधिक है। ज्यादातर लोग भारत सरकार और बड़े संस्थानों से जुड़े हैं, लिहाजा उनकी आर्थिकी उसी के अनुरूप है। बहरहाल हमारी बुनियादी आपत्ति केजरीवाल की राजनीति को लेकर है, जो सियार की तरह रंग बदलती रही है।

# ऐसी राजनीतिक तस्वीर बदले तो कैसे



राजनीति
अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

चुनाव ऐसा अवसर होता है जब आपको राजनीति के सारे नकारात्मक चरित्र हमारे सामने घनीभूत होकर उभरते हैं। हालांकि इसमें आज चार्ज का कोई कारण इसलिए नहीं होता क्योंकि इस तरह की घटनाएं राजनीति की बारंबारता का अंग बन चुके हैं। लोकसभा चुनाव के पूर्व दलों और नेताओं के व्यवहारों और वक्तव्यों पर आम लोग अब आश्चर्य भी प्रकट नहीं करते। मीडिया और राजनीतिक विश्लेषक नेताओं के पाला बदल, कल तक के राजनीतिक विरोधियों के साथ चुनावी गठबंधन पर चाहे जितना प्रश्न उठाएं या उसका किसी दृष्टि से विश्लेषण करें इससे धरातल पर ठोस गुणात्मक अंतर आएगा ऐसा नहीं लगता। ऐसा लगता है कि वर्षों से भारत में राजनीतिक सुधार यानी राजनीतिक दलों के अंदर वैचारिक, व्यावहारिक और व्यक्तित्व के परिवर्तनों को लेकर जो भी आवाज उठाई गई उसका अत्यंत कम असर हुआ है। आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली, हरियाणा और गुजरात में कांग्रेस के साथ गठबंधन पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। आखिर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिस पार्टी और परिवार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर सत्ता में आए और उनको सजा दिलवाने का वादा करते रहे उसके साथ गठबंधन करते हैं तो उस राजनीति पर प्रश्न उठेगा, किंतु क्या इसका असर भी हो सकता है? या फिर केजरीवाल या आम आदमी पार्टी भारतीय राजनीति में एकमात्र उदाहरण है?

## सवाल उठना लाजिमी

वास्तव में राजनीति का जब एकमात्र ध्येय येन-केन -प्रकारेण सत्ता में पहुंचना या बने रहना हो जाए तो ऐसा ही होता है। आईएनडीआईए की कल्पना आने के पूर्व तक आम आदमी पार्टी का घोषित स्टैंड था कि उसको किसी भी गठबंधन से कोई लेना-देना नहीं है। वह गठबंधन की राजनीति की आलोचना करती थी। अण्णा हजारे के अभियान के दौरान की बातों को थोड़ी देर के लिए छोड़ दीजिए क्योंकि उसे कितनी बार याद दिलाएंगे, किंतु हाल तक के अपने राजनीतिक-रणनीतिक स्टैंड से भी पार्टी बदल जाए तो फिर क्या कहा जा सकता है। जिस शराब घोटाले और ईडी कार्रवाई का दिल्ली की कांग्रेस पार्टी समर्थन कर रही थी वह अचानक न केवल इस पर खामोश हो गई है बल्कि कई टीवी डिबेट में कार्रवाइयों के लिए सरकार की आलोचना करती है। यही स्थिति भाजपा विरोधी पार्टियों की संदेशखाली जैसे जघन्य और वीभत्स अपराध के मामले में भी है। विपक्ष की किसी पार्टी के प्रमुख नेता ने संदेशखाली को लेकर तृणमूल कांग्रेस, ममता बनर्जी या वहां के पुलिस प्रशासन की आलोचना नहीं की। जिस तरह गिरफ्तारी के बाद शेख शाहजहां चल रहा था, लगता था जैसे पुलिस किसी वीआईपी को सुरक्षा देकर ले जा रही हो। 55 दिनों बाद उसकी गिरफ्तारी बताती है कि अपराध, धनबल तथा एकपक्षीय भयावह सांप्रदायिक बाहुबल का गठजोड़ पश्चिम बंगाल की राजनीति का स्थायी चरित्र बन गया हो। 80 के दशक से भारतीय राजनीति का यह सबसे बड़ा मुद्दा रहा। लगातार राजनीतिक सुधार की मांग उठती रही। लगता था कि धीरे-धीरे अपराध,



बाहुबल, धन बल और वोट के लिए अपराध की अनदेखी की राजनीति से अंत हो रहा है।

## पलट गई स्थिति

बाहुबल और धनबल का राजनीति के साथ स्पष्ट दिखता रिश्ता तथा सिद्धांतहीन, आदर्शहीन पालाबदल कई राज्यों में सामने आ रहे हैं। एक समय राजनीतिक और सत्ता शीर्ष का भ्रष्टाचार विरोधी दलों का सबसे बड़ा मुद्दा होता था। यह स्थिति पूरी तरह पलट गई है। आज भ्रष्टाचार के आरोप के विरुद्ध नेताओं और सत्ताशीर्ष पर बैठे व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई विपक्ष के लिए सबसे बड़ा मुद्दा हो गया है। इस स्थिति की पहले कल्पना नहीं थी। पहले मनीष सिसोदिया, फिर संजय सिंह और हेमंत सोरेन तथा ऐसे छोटे-बड़े नेताओं को जेल जाना पड़ा, न्यायालय उनको जमानत तक नहीं दे रहा, किंतु विरोधी राजनीति का स्वर है मानो ये सारे पाक साफ हों। न्यायालय जब तक किसी को सजा नहीं देता हम उन्हें दोषी नहीं मानते किंतु बिना आधार के इतनी बड़ी कार्रवाई नहीं होती और होती है तो शांति से न्यायिक प्रक्रिया का सामना किया जा सकता है। सच कहा जाए तो एक बीमारी के उपचार की जगह उससे बड़ी बीमारी ने हमारी राजनीति को घर कर लिया है। यह राजनीतिक सुधार की विपरीत दिशा है। आने वाले समय में राजनीति और शीर्ष भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई कितनी कठिन होगी इसका अनुमान आज की स्थिति से लगाया जा सकता है। एक नेता पर कार्रवाई हुई नहीं कि वकीलों की फौज उन्हें बचाने के लिए उच्चतम न्यायालय तक पहुंच जाती है। यह राजनीति की ऐसी प्रवृत्ति है जिसका अंत तभी संभव है जब राजनीतिक सुधार इस अवस्था में पहुंच जाए जहां केवल देश और समाज की चिंता करने वाले विवेकशील लोग ही चुनावी राजनीति में रहे।

## जटिल चुनौती

संघ और भाजपा का विरोध राजनीति में एक बड़ा वर्ग पहले भी करता था। इस समय यह विरोध घृणा की उस अवस्था में पहुंच गया है जहां लगता है कि दलों और नेताओं के विवेक और अविवेक में कोई अंतर नहीं बचा। इसमें कोई कितना भी भ्रष्टाचारी हो, बाहुबली हो, सांप्रदायिक हो, अगर नरेंद्र मोदी सरकार और भाजपा विरोधी है तो विपक्ष के बड़े समूह के लिए सहज स्वीकार्य। यह इस समय भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी और जटिल चुनौती है। इस स्थिति ने पार्टियों को अपने भविष्य की चिंता से भी विलग कर दिया है। उदाहरण के लिए कांग्रेस के नेताओं को आभास है कि दिल्ली, हरियाणा और गुजरात जैसे राज्य में अगर आम आदमी पार्टी आगे बढ़ी तो सबसे ज्यादा क्षति उन्हीं की होगी। बावजूद वह गठबंधन को तैयार हैं तो क्यों? नीतीश जैसे सिद्धांतहीन व्यक्ति जब चाहते हैं भाजपा को छोड़कर चले जाते हैं और फिर वापस आ जाते हैं।

## बदल सकती प्रवृत्ति

वास्तव में एक बड़े वर्ग के लिए स्थिति इतनी निराशाजनक है कि वे इन पर टिप्पणी करना भी समय नष्ट करना मानते हैं। उनके अनुसार भारतीय राजनीति की विद्रुपताओं पर जितना कुछ लिखा-बोला जा चुका है कि अलग से कोई टिप्पणी करने की आवश्यकता नहीं रहती। यह स्थिति बदलनी चाहिए। इसमें राजनीतिक दलों के साथ-साथ आम लोगों की भी भूमिका है। आम लोग भी अगर मतदान करते समय सिद्धांतहीन, पाला बदल तथा धनबल और बाहुबल से राजनीति करने वालों का साथ और सम्मान न दें, उनके पक्ष में मतदान न करें तो प्रवृत्ति बदल सकती है। भाजपा इस समय सबसे बड़ी पार्टी है। वह इस स्थिति का राजनीतिक सुधार के लिए उपयोग करके उदाहरण बने। जहां भी भाजपा की सरकार हो वहां ऐसे तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई, पार्टी में ऐसे लोगों के लेने का निषेध तथा दूसरी पार्टी की सत्ता में ऐसे तत्वों के विरुद्ध राजनीतिक संघर्ष जैसे तीन स्तरीय व्यवहार की उम्मीद उससे की जाती है। दूसरी पार्टियां भी समझ लें कि आम लोगों में उसके ऐसे व्यवहार से असंतोष बढ़ता है तथा पार्टियां बीच-बीच में सत्ताच्युत होतीं हैं तो इसके पीछे सिद्धांतहीन और राजनीतिक भ्रष्टाचार के कारण बिगड़ी हुई छवि की प्रमुख भूमिका रही है।

# नैतिकता पर फोकस करें दल



राजनीति
उमेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली का आरोपी शाहजहां शेख अब गिरफ्तार हो चुका है। गिरफ्तारी के बाद इसे सिर्फ आपराधिक मामले की तरह देखे-सुने जाने की कोशिश होगी, लेकिन शाहजहां शेख का मामला सिर्फ आपराधिक नहीं है, बल्कि यह मामला राजनीति के अपराधीकरण, राजनीति में आपराधिक चरित्र के लोगों के ताकतवर हस्ती बनते जाने की समस्या की ओर भी ध्यान दिलाता है। शाहजहां शेख राजनीति के अपराधीकरण का उदाहरण है। विशेषकर छोटे दलों में किस तरह अपराधी लगातार आगे बढ़ते जाते हैं, फिर वे किस तरह राजनीति के जरिये संवैधानिक पद हासिल करके अपराधीकरण को सहज व्यवहार के रूप में स्थापित कर देते हैं, इसका भी उदाहरण है शाहजहां शेख का यह मामला।

## इतना भरोसा क्यों

सवाल यह है कि छोटे दलों को आखिर अपराधियों पर इतना भरोसा क्यों होता है? छोटे दलों वाली राजनीति अपराधियों के स्थानीय रसूख के दम पर समर्थन हासिल करती है, इसी समर्थन के दम पर वह संवैधानिक ताकत हासिल करती है और फिर वह अपने क्षेत्र विशेष के रहनुमा, प्रतिनिधि और अपरिहार्य राजनीतिक ताकत के रूप में स्थापित हो जाती है। चूंकि इस पूरी प्रक्रिया में अपराधी सबसे बड़ा औजार बने राजनीतिक दल के साथ खड़ा रहता है, इसलिए वह बदले में ताकत, संवैधानिक पद आदि भी हासिल करने की कोशिश करता है। बिहार के शहाबुद्दीन रहे हों या सुनील तिवारी या उत्तर प्रदेश के मुख्तार अंसारी या फिर अतीक अहमद, उन्हें छोटे और स्थानीय राजनीतिक दल रास आते रहे। वे राजनीतिक दल को भी स्थानीय स्तर पर ही सही, जनसमर्थन देकर राजनीतिक को उपकृत करते रहे हैं। बदले में उन्हें राजनीतिक दलों और उनके अगुआ लोगों की छत्रछाया मिलती रही। राजनीतिक छतरी के कवच में उनका कारोबार फलता-फूलता रहा।

## स्याह पक्ष

साठ-सत्तर के दशक तक अपराधी राजनीति को बूथ लूटने, वोटरों को धमकाने, उन्हें प्रकारांतर से समझाने के काम आते रहे। बदले में वे कुछ ठेके और आर्थिक फायदे ही हासिल करते रहे। बाद में जब अपराधियों को लगने लगा कि जब उनके दम पर राजनीति संवैधानिक पद हासिल कर सकती है, चुनाव जीत सकती है तो वे खुद सीधे क्यों नहीं राजनीति में आ सकते। इसके बाद बिहार में सूरजदेव सिंह, काली पांडे, सूरजभान, शहाबुद्दीन जैसे लोग उस राजनीति के चमकदार चेहरे बनकर उभरे, जिसके लिए मर्यादित और नैतिकता के दायरे में बंधे रहना पहली शर्त होती थी। इसी तरह बिहार में मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद, हरिशंकर तिवारी, वीरेंद्र प्रताप शाही, धनन्जय सिंह जैसी राजनीतिक ताकतें उभरीं। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, असम, आदि जगहों पर ऐसे अपराधियों की जैसे लंबी लिस्ट बन गई। राजनेता के तौर पर अपराधी स्थापित होते रहे। वामपंथी दलों का दावा रहा है



कि वे नैतिकता की राजनीति कुछ ज्यादा ही गहराई से करते रहे हैं। भारतीय राजनीति के लोकवृत्त यानी पब्लिक स्फीयर में जो मूल्य स्थापित हुए हैं, उनमें से ज्यादातर की सूत्रधार वामपंथी राजनीति ही रही है, लेकिन इसी राजनीति का स्याह पक्ष पश्चिम बंगाल की राजनीति भी रही है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक दौर में अपराधियों का बोलबाला था, जिन्हें वाममोर्चा की राजनीतिक और सत्ता की छांव मिलती रही। बदले में वामपंथी राजनीति स्थानीय से लेकर प्रदेश स्तर पर समृद्ध और ताकतवर बनी रही, जिसने भी वामपंथी राजनीति के इस संस्थानिक भ्रष्टाचार और अपराधीकरण पर सवाल उठाने की कोशिश की, उन्हें मुंह की खानी पड़ी। उनके साथ जोर-जबरदस्ती भी हुई। सिंगूर आंदोलन के बाद ममता बनर्जी का उभार हुआ। ममता ने वामपंथी राजनीति के आर्थिक और आपराधिक भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का वादा अपने लोगों से जरूर किया, लेकिन जब वादे को जमीनी हकीकत बनाने का वक्त आया तो ममता भी बदलने लगी। कमोबेश उनका भी रवैया पुराने वाम मोर्चे की राजनीति जैसा ही होने लगा। वह भी अपराधी और राजनीति के गठजोड़ के जरिये जमीनी स्तर पर अपना समर्थन बनाए और बचाए रखने की कोशिश को प्रश्रय देने लगीं। यही वजह है कि वहां शाहजहां शेख जैसे नेता स्थानीय स्तर पर उभरने लगे। राजनीतिक प्रश्रय ही वजह रही कि शाहजहां शेख जैसे लोग खुलेआम प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों पर हमला करने लगे। फिर भी गिरफ्तारी से बचते रहे। राशन घोटाला में छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला करने के बाद शाहजहां शेख की गिरफ्तारी हुई भी तो उसकी बड़ी वजह रहा कलकत्ता हाईकोर्ट, जिसने सरकार पर दबाव बनाया। तब जाकर पचपन दिनों बाद शाहजहां शेख गिरफ्तार हुई। उसकी गिरफ्तारी जितनी आसानी से हुई है, वही साबित करने के लिए काफी है कि पहले से ही पश्चिम बंगाल सरकार और पुलिस की निगाह उस पर थी, लेकिन वे उसे गिरफ्तार करने की बजाय बचा रहे थे, क्योंकि वह स्थानीय स्तर पर पार्टी का समर्थन जुटाने का औजार और हथियार था।

## पहली बार विचार

राजनीति और अपराधियों के गठजोड़ पर पहली बार 1993 में तत्कालीन केंद्रीय गृह सचिव एनएन वोहरा समिति ने विचार किया था। इस समिति ने पांच अक्टूबर 1993 को अपनी रिपोर्ट तत्कालीन सरकार को सौंप दी, लेकिन उस पर किसी सरकार ने कार्रवाई नहीं की। सुप्रीम कोर्ट में उस रिपोर्ट को जांच एजेंसियों को देने की मांग को लेकर साल 2000 में सर्वोच्च न्यायालय में याचिका डाली गई। सुप्रीम कोर्ट इस मांग को पूरा नहीं कर पाया। इस रिपोर्ट को अब तक सार्वजनिक तक नहीं किया गया है। बेशक जन प्रतिनिधित्व कानून के तहत किसी की सांसदी और विधायकी तभी खत्म होती है, जब उसे तीन या उससे ज्यादा की सजा मिलती है। इसे कानून की खामी ही कहेंगे कि अपराधी कहे जाने लोग भी चुनाव लड़ जाते हैं और कई बार समाज के लोग सम्मान में उसे अपना समर्थन दे डालते हैं। वह समाज का माननीय हो जाता है। हमारा समाज भी ऐसा हो गया है कि अतीत में जिसे सजा हो चुकी होती है, यदि वह जोड़तोड़ से कोई राजनीतिक या दूसरे तरह का पद हासिल कर लेता है, उसे दुनिया अपनी नजरों पर उठा लेती है, लेकिन जब उस आपराधिक व्यक्तित्व के चलते राजनीति की अपनी दुनिया प्रभावित होने लगती है, तो उससे पीछा छुड़ाने और उससे अपना रिश्ता तक दिखाने से राजनीति भाग खड़ी होती है। शाहजहां शेख को बर्खास्त किया जाना राजनीति की उसी रवायत का उदाहरण है। शाहजहां शेख के मामले ने राजनीतिक दलों के सामने एक चुनौती छोड़ी है कि क्या कोई राजनीतिक दल ऐसा नहीं हो सकता, जो 22 कैरट टंच नैतिकता की राजनीति करे, अपराधियों को किसी भी कीमत पर खुद से दूर रख सके और राजनीति को साफ-सुथरा रखने के लिए खुद और अपने कार्यकर्ताओं पर ज्यादा भरोसा रखे। फिलहाल तो ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है।



जामनगर। सपत्नीक परिवार के साथ मशहूर उद्योगपति मुंकेश अंबानी।

प्री-वेडिंग समारोह में बोले मुकेश

# अनंत में दिख रही पिता धीरूभाई की झलक


**जामनगर।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने अपने बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में आए खास मेहमानों का आभार जताया। मेहमानों से कहा कि आप सबने इस शादी के माहौल को मंगलमय बना दिया है। अनंत के बारे में उन्होंने कहा कि संस्कृत में अनंत का मतलब होता है जिसका कोई अंत नहीं। मुझे अनंत में अनंत संभावनाएं दिखती हैं। उन्होंने कहा कि मैं अनंत में अनंत शक्ति देखता हूं। जब मैं अनंत को देखता हूं तो मुझे अपने पिता धीरूभाई अंबानी की झलक दिखती है। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने कहा, मेरे पूरे जीवन में मैं कला और संस्कृति से प्रेरित रही हूं।

**जामनगर डिफेंस एयरपोर्ट को घोषित किया गया इंटरनेशनल**

जामनगर डिफेंस हवाई अड्डे को 10 दिनों के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित कर दिया गया है। जामनगर एयरपोर्ट पर बिल गेट्स, मार्क जुकरबर्ग, रिहाना, इवांका ट्रम्प और कई पूर्व प्रधानमंत्रियों जैसे ग्लोबल लीडर्स उतरेंगे।

**शादी में खर्च होंगे 1000 करोड़, बनेगा रिकॉर्ड**

अनंत की शादी में मुकेश दिल खोलकर खर्च कर रहे हैं। इस शादी पर करीब 1000 करोड़ खर्च करने का अनुमान है। अब तक मुकेश की बेटी ईशा अंबानी की शादी देश की सबसे महंगी शादी थी, जिसमें 700 करोड़ खर्च हुए थे।



जामनगर। बेटे अनंत के साथ मुकेश अंबानी और नीता अंबानी।



जामनगर। प्री वेडिंग समारोह में पहुंचे दुनिया के दिग्गज धनिक जुकरबर्ग।

## खबर संक्षेप

### नोटिस पर बोले जयराम कुछ गलत नहीं किया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच एक वीडियो को लेकर विवाद खड़ा हो गया। गडकरी ने खरगे और महासचिव जयराम रमेश को लीगल नोटिस भेजा। जिस पर जयराम का बयान सामने आया है। रमेश ने कहा कि हमने कुछ गलत नहीं किया।

### विदाई समारोह में छात्र छात्राओं को पिलाई शराब



**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ के भादरा इलाके के भाड़ी गांव के सरकारी स्कूल में 12वीं के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह में कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर शराब पिलाने के मामले में शिक्षा विभाग ने 3 टीचर्स को वहां से हटाकर एपीओ कर दिया है। अभी तक इन टीचर्स की इस मामले में कोई संलिप्तता सामने नहीं आई है।

### सिसोदिया व संजय की 7 तक बढ़ी हिरासत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट से शनिवार को आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को तगड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने दोनों नेताओं की न्यायिक हिरासत 7 मार्च तक बड़ा दी है। दिल्ली शराब नीति घोटाले मामले में दोनों नेता जेल में बंद हैं।

### बागी राणा का दावा-जल्द गिरेगी हिमाचल सरकार



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के बागी विधायक राजिंदर राणा ने राज्य की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सवा साल हो गए हैं। हमने कई बार हाईकमान को अवगत कराया कि प्रदेश में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। राणा ने दावा किया, सुक्खू सरकार जल्द ही गिरने वाली है।

### नफे सिंह हत्याकांडः कार बरामद, 4 की पहचान



**झज्जर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन ने बताया कि इनेलो प्रदेशाध्यक्ष स्व. नफे सिंह राठी हत्याकांड मामले में चार आरोपियों की पहचान हो चुकी है। इनमें आशीष उर्फ बाबा नांगलोई, नकुल सांगवान और अतुल शामिल हैं। वारदात में प्रयुक्त गाड़ी रेवाड़ी के रेलवे स्टेशन से बरामद की गई है।

संदेशखाली घटना को लेकर पीएम मोदी ने सीएम ममता पर साधा निशाना

बंगाल दौरे का दूसरा दिन

# टीएमसी ने बंगाल को 'बर्बाद' किया हमने विकास का पिटारा खोल दिया

### कृष्णानगर में 15,000 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल को विकास की परियोजनाओं की सौगात दी।

नदिया के कृष्णानगर में 15,000 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। यह बंगाल में मेरा दूसरा दिन है। उन्होंने कहा कि मुझे बंगाल के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने का अवसर मिला। इससे निवेश आएगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और पड़ोसी क्षेत्रों पर इसका प्रभाव पड़ेगा। ममता सरकार पर जमकर हमला भी बोला। मोदी ने कहा कि टीएमसी सरकार ने बंगाल के लोगों को निराश किया। टीएमसी अत्याचार और विश्वासघात का दूसरा नाम है।

**टीएमसी ने भ्रष्टाचार और परिवारवाद को प्राथमिकता दी**

टीएमसी ने बंगाल को निराश कर दिया है। यह अत्याचार और विश्वासघात का दूसरा नाम बन गई है। टीएमसी के लिए बंगाल का विकास नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद ही प्राथमिकता हैं।

विकसित बंगाल के लिए एक और कदम उठाया



**टीएमसी का मतलब बताया**

### 'तू, मैं करप्शन ही करप्शन है'

पीएम ने कृष्णानगर मेंचुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने टीएमसी पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी का मतलब मतलब 'तू, मैं करप्शन ही करप्शन है'। टीएमसी ने बंगाल की छवि खराब की है। यह हर योजना को घोटाले में बदल देती है। गरीबों से छीनने से पहले नहीं हिचकिचाते।

**मां, माटी और मानुष टीएमसी के कुशासन में रो रहे**

पीएम ने कहा कि जनता ने उम्मीदों के साथ टीएमसी को जनादेश दिया है। लेकिन टीएमसी अत्याचार और विश्वासघात का दूसरा नाम बन गई है। मां, माटी और मानुष सभी टीएमसी के कुशासन में रो रहे हैं।

**बिजली, सड़क, रेल सुविधाएं जीवन को आसान बनाएंगी**

बिजली, सड़क, रेल की बेहतर सुविधाएं आपके जीवन को आसान बनाएगी। इन विकास कार्यों से आर्थिक विकास को गति मिलेगी। हमारी सरकार बंगाल में सड़क मार्ग, रेल मार्ग, वायु मार्ग और जल मार्ग की आधुनिक कनेक्टिविटी के लिए काम कर रही है। तमाम संभावनाओं के बावजूद बंगाल पीछे छूटता गया। पिछले 10 वर्षों में हमने उस खाई को पाटने के लिए यहां के रेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत जोर दिया है।

सुवेंदु और सुकांत से की मुलाकात

**संदेशखाली हिंसा पर विरोध के साहस को सराहा**

संदेशखाली हिंसा को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साहस की सराहना की है। पीएम ने कहा कि सुवेंदु और सुकांत से मुलाकात की। हमने लोगों के बीच अपने सुशासन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। मैं टीएमसी कुशासन के खिलाफ उनके साहस, जुनून और उत्साही लड़ाई के लिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता की सराहना करता हूं। हम सब मिलकर पश्चिम बंगाल का बेहतर भविष्य बनाएंगे।

**औरंगाबाद में तेजस्वी पर जमकर बरसे पीएम मोदी**



## परिवारवादी लोगों की राजनीति को बिहार ने अब नकार दिया

**200 करोड़ की लागत से बनने वाले एकता मॉल की नींव रखी**

**औरंगाबाद।** बिहार में सत्ता परिवर्तन के बाद पीएम ने राज्य का पहला दौरा किया। उन्होंने औरंगाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव अपर जमकर हमला भी बोला। पीएम ने कहा कि परिवारवादी लोग अपने माता-पिता की बनाई पार्टियों के शीर्ष पदों पर बैठ गए हैं। उन्हें भ्रष्टाचार के काम भी हिस्से आए हैं। पीएम ने कहा कि एनडीए की शक्ति बढ़ने के बाद बिहार में परिवारवादी राजनीति हाशिए पर जाने लगी है। आज परिवारवादी राजनीति की कई विडंबनाएं हैं।

**पुराने दौर में बिहार ने असुरक्षा व आतंक को झेला**

उन्होंने कहा कि बिहार में जब पुराना दौर था, राज्य को अशांति, असुरक्षा और आतंक की आग में झोंक दिया गया था। लोग पलायन करते थे। एक आज का दौर है, जब हम युवाओं का कौशल विकास कर रहे हैं। बिहार के हस्त शिल्प को बढ़ावा देने के लिए हमने 200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एकता मॉल की नींव रखी है। ये नए बिहार की नई दिशा है। ये बिहार की सकारात्मक सोच है। ये इस बात की गारंटी है कि बिहार को हम वापस पुराने दौर में नहीं जाने देंगे।

## सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा अमृत उद्यान



*नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन में अमृत उद्यान अब सोमवार को छोड़कर सभी दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक लोगों के लिए खुला रहेगा। यह उद्यान 31 मार्च तक जनता के लिए खुला है।*



*नई दिल्ली। चाणक्यपुरी में शांति पथ पर भारत-अफ्रीका मैत्री रोज़ गार्डन में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के रोज फेस्टिवल में आगंतुक।*

### गडकरी ने गोवा को दी करोड़ों की 'रोड' सौगात



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गोवा में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के कार्यान्वयन को हरी झंडी दे दी है। इसके लिए कुल 766.42 करोड़ का बजट आवंटन किया गया है। गडकरी ने एमईएस कॉलेज जंक्शन से बोगमलो जंक्शन तक 4-लेन फ्लाइओवर के निर्माण के लिए 455.50 करोड़ के आवंटन की घोषणा की। जो एनएच -566 पर 3.35 किमी को कवर करता है। हाइवे के तहत इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण मोड के ढांचे के भीतर, 1.22 किमी लंबा क्वीन नेगर जंक्शन पर 4-लेन वाहन अंडरपास विकसित करने की योजना है।

शाह ने एनयूसीएफडीसी का उद्घाटन किया


## अब हर शहर में एक सहकारी बैंक होगा स्थापित, ये आर्थिक वृद्धि में काफी अहम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम (एनयूसीएफडीसी) का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने इस निकाय से प्रत्येक शहर में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने को कहा।

उन्होंने कहा कि शहरी सहकारी बैंक भारत में लंबे समय से काम कर रहे हैं, लेकिन वे तेजी से वृद्धि नहीं कर सके। शाह ने कहा कि ये बैंक देश की आर्थिक वृद्धि में अहम भूमिका निभा सकते हैं। एनयूसीएफडीसी का मुख्य उद्देश्य शहरी सहकारी बैंकों को बैंकिंग विनियमन अधिनियम का पालन करने और उन्हें पेशेवर बनाने में मदद करना होना चाहिए।

**अभी 1,500 से अधिक शहरी सहकारी बैंक**



उन्होंने कहा कि देश में कुल 11,000 शाखाओं वाले 1,500 से अधिक शहरी सहकारी बैंक हैं और इनमें 5 लाख करोड़ रुपए जमा हैं। इस कार्यक्रम में सहकारिता राज्य मंत्री बी एल वर्मा, वित्त राज्य मंत्री भागवत किशनराव कराड, सहकारिता सचिव आशीष भूटानी और एनयूसीएफडीसी के चेयरमैन ज्योतिंद्र मेहता उपस्थित थे।

**विकास में भागीदारी होना चाहिए पैरामीटर**

सहकारिता आंदोलन को जनांदोलन बनाने का प्रयास किया जा रहा है।शाह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत जैसे विशाल देश में विकास का पैमाना सिर्फ आंकड़े नहीं हो सकते, बल्कि देश के विकास में कितने लोगों की भागीदारी है, ये बहुत बड़ा पैरामीटर होना चाहिए।

कानपुर के तंबाकू कारोबारी के यहां आयकर छापा जारी

# 2.5 करोड़ की घड़ियां व ज्वेलरी मिलीं, विदेशी कनेक्शन भी मिला

**करोड़ों की कर चोरी भी सामने आई, अहम दस्तावेज भी जब्त**

एजेंसी ⏭ कानपुर

यूपी के कानपुर शहर के नयागंज स्थित बंशीधर तंबाकू कंपनी में आयकर अफसरों ने दो दिन पहले कारोबारी के दिल्ली स्थित मकान पर छापा मारा था। उसमें अफसरों को दूसरे दिन जहां 65 करोड़ रुपए कीमत की कारें मिली थीं।

कई करोड़ रुपए की कर चोरी की बात भी सामने आई थी।आयकर अफसर का कहना था कि कुछ अहम दस्तावेज भी बरामद हुए हैं, जिनकी जांच लगातार जारी है। आयकर अफसर की छापेमारी का यह मामला अब पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया है।



**शनिवार को बरामद की बेशकीमती घड़ियां, ज्वेलरी**

इस मामले में आयकर अफसर की टीमों ने कारोबारी के दिल्ली स्थित आवास पर तीसरे दिन यानी शनिवार को भी छापेमारी जारी रखी। आयकर अफसरों के मुताबिक तीसरे दिन छापेमारी में तंबाकू कारोबारी के दिल्ली से स्थित आवास से लगभग ढाई करोड़ रुपए की ज्वेलरी व महंगी घड़ियां बरामद हुई।

**करोड़ों का बेनामी कैश मिला**

मालिक मुन्ना मिश्रा का अब विदेश से भी कनेक्शन मिला है। कारोबारी के पास करोड़ों रुपए का कैश मिला है। छापे के बाद कुछ ऐसे दस्तावेज भी मिले हैं जिनसे यह बात सामने आ रही है कि कारोबारी का विदेश से भी कनेक्शन है। अब आयकर अफसर इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या विदेश में भी कारोबारी मुन्ना मिश्रा का तंबाकू का कारोबार फैला है?

**आरोपी नहीं कर रहा किसी से बात**

कुछ साल पहले जिस तरह कानपुर में इत्र कारोबारी पीयूष जैन के घर से करोड़ों कैश डीजीजीआई के छापे में मिला था, अब उसी तरह अब कानपुर के ही रहने वाले मुन्ना मिश्रा के दिल्ली स्थित आवास से करोड़ों रुपए का कैश, ज्वैलरी महंगी करें मिली हैं। ऐसे में जो उत्तर प्रदेश के बड़े कारोबारी हैं। अब उनके सामने पीयूष जैन के बाद मुन्ना मिश्रा की चर्चा सबसे ज्यादा है। आयकर अफसरों का यह भी कहना है कि अभी तक मिश्रा ने किसी तरीके का जवाब नहीं दिया है, साथ ही न ही कोई बात की है। मुन्ना मिश्रा के परिजन यह कह रहे हैं कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है और वह फिलहाल कोई बात नहीं करना चाहते हैं।

बिलकिस बानो मामला

## अब अपने ही 2 फैसलों में 'उलझ' गया सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिलकिस बानो केस के दो दोषियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर शीर्ष अदालत से यह तय करने की मांग है कि क्या दो जजों वाली बेंच उस मामले पर पहले के दो जजों की बेंच द्वारा दिए गए फैसले को खारिज कर सकती है?

राधेश्याम भगवान दास और राजूभाई बाबूलाल सोनी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी रिहाई पर गुजरात या महाराष्ट्र किस राज्य सरकार की रिहाई की नीति लागू होगी? इस पर 2 जजों के ही दो अलग-अलग बेंच के फैसले में विरोधाभास है। याचिका में कहा गया है कि मई



2022 के आदेश में सुप्रीम कोर्ट की 2 जजों की बेंच ने कहा कि उनकी रिहाई के लिए गुजरात सरकार निर्णय ले सकती है, जबकि 2024 में सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की ही बेंच ने माना कि उनकी रिहाई के लिए फैसला महाराष्ट्र सरकार लेगी। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट से यह स्पष्ट करने के लिए कहा गया है कि उनके मामले पर कौन सा फैसला लागू होगा?

## एसआईपी के जरिये निवेश कर कमा सकते हैं मोटा मुनाफा, अपने लक्ष्य तय करके निवेश की योजना बनाएं

# अगले तीन साल में पैसों की बरसात कर सकते हैं इक्विटी म्युचुअल फंड



**निवेश मंत्रा**
बिजनेस डेस्क

**जहां निवेश कर रहे हैं एक बार उस कंपनी के बारे में जान लें**

■

**आपकी पूंजी को कई गुना तक बढ़ा सकते हैं म्युचुअल फंड**

*आज हर इंसान अपने परिवार को करोड़पति बनना देखना चाहता है, लेकिन ज्यादातर लोगों को शानदार रिटर्न देने वाले म्युच्युअल फंड की जानकारी नहीं होती है। इस कारण कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, यहां तक कि कई बार तो गलत जगह निवेश कर नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए जरूरी है कि निवेश करने से पहले एक बार बाजार के रुख को समझ लेना चाहिए। किसी वित्तीय सलाकार से भी मदद ले सकते हैं।*

आजकल हर कोई अमीर बनना चाहता है और इसके लिए कोई न कोई जतन जरूर कर रहा है। अगर आप भी ईमानदारी से पैसे कमाकर अमीर बनना चाहते हैं तो पहले अपने लक्ष्य तय करें और लंबी अवधि के लिए निवेश करें। इससे आप कुछ ही समय में अमीर यहां तक की करोड़पति भी बन सकते हैं। आज हर इंसान अपने परिवार को करोड़पति बनना देखना चाहता है, लेकिन ज्यादातर लोगों को शानदार रिटर्न देने वाले म्युच्युअल फंड की जानकारी नहीं होती है। इस कारण कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, यहां तक कि कई बार तो गलत जगह निवेश कर नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए जरूरी है कि निवेश करने से पहले एक बार बाजार के रुख को समझ लेना चाहिए। किसी वित्तीय सलाकार से भी मदद ले सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसे पांच म्युचुअल फंड के बारे में जो अगले तीन सालों में आपकी पूंजी को कई गुना तक बढ़ा सकते हैं और आपको मालामाल कर सकते हैं। ये फंड आपके लिए पैसों की बरसात कर सकते हैं।



### क्वांट फ्लेक्सी कैप फंड

क्वांट फ्लेक्सी कैप म्यूचुअल फंड का नाम बाजार में इस समय काफी अच्छा खासा है बात करें इस म्यूचुअल फंड की तो इसने बीते 3 वर्षों से हर वर्ष अपने निवेशकों को करीब 34% के आसपास का रिटर्न दिया है जो की काफी अच्छा माना जाता है। अगर हम बात करें इस म्युचुअल फंड की शुरुआत के बारे में तो इस म्युचुअल फंड की शुरुआत 17 अक्टूबर 2008 को हुई थी। इस समय यह काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और निवेशकों को मालामाल कर रहा है। इसलिए आप भी इस फंड में लंबी अवधि के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं।

### क्वांट स्मॉल कैप फंड

क्वांट स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड ने निवेशकों की किस्मत ही बदलकर रख दी है इस म्युचुअल फंड के अंदर पैसा निवेश करोगे तो यह पैसा शेयर बाजार की जाकर छोटी कंपनियों में लगेगा वहां पर जो रिटर्न निकलेगा वह रिटर्न आपको प्रदान कर दिया जाएगा। बात करें इस म्युचुअल फंड की शुरुआत के बारे में तो यह म्युचुअल फंड 29 अक्टूबर 1996 को शुरू हुआ था आप भी इस म्युचुअल फंड के अंदर अपना पैसा निवेश कर सकते हो। बीते 3 वर्षों से लगातार हर वर्ष इस म्युचुअल फंड ने अपने निवेशकों को 30% के आसपास का रिटर्न दिया है जो की काफी अच्छा माना जाता है अगर लंबे समय की अवधि में देखा जाए।

### क्वांट मिडकैप फंड

क्वांट मिडकैप म्युचुअल फंड ने भी अपने निवेश को की खूब कमाई करवाई है बात करें म्युचुअल फंड के रिटर्न के बारे में तो इस म्युचुअल फंड ने अपने निवेशकों को करीब हर वर्ष 28% के आसपास का रिटर्न दिया है बात करें इस म्युचुअल फंड की शुरुआत के बारे में तो यह म्युचुअल फंड 20 मार्च 2001 को शुरू हुआ था आपकी जानकारी के लिए बता दें यह म्युचुअल फंड शेयर बाजार में पैसा लगता है यह म्युचुअल फंड शेयर बाजार की कंपनियों पैसा डालेगा जिनका केपीटलाइजेशन 50ए000 करोड़ से भी ज्यादा है। निवेश के मामले में यह भी बहुत बढ़िया विकल्प हो सकता है।

### एचएसबीसी स्मॉल कैप फंड

एचएसबीसी स्मॉल कैप म्युचुअल फंड के अंदर भी लाखों लोगों ने पैसा निवेश किया है इस म्युचुअल फंड ने भी लगातार 3 वर्षों तक हर वर्ष अपने निवेशकों को 35% के आसपास का रिटर्न दिया है आप इस म्युचुअल फंड के अंदर निवेश करते हो तो यकीन मानीय आप काफी कम अवधि में काफी सारा पैसा बना सकते हो। बढ़िया रिटर्न देने के मामले में भी यह म्युचुअल फंड काफी शानदार रहा है इसमें आपको जोखिम का सामना करना पड़ेगा औ उस पर आपको रिटर्न भी काफी अच्छा मिलता है।

### निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड

यदि आप म्युचुअल फंड के जरिए शेयर बाजार में निवेश करना पसंद करते हो तो आप निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड के अंदर भी पैसा डाल सकते हो बात करें इसके रिटर्न के बारे में तो इसने भी अपने निवेशकों को खूब कमाई कराई है। इस म्युचुअल फंड में भी लगातार 5 वर्षों से अपने निवेश को हर वर्ष 31% के आसपास का रिटर्न दिया है जो की काफी अच्छा माना जाता है। इस म्युचुअल फंड के अंदर निवेश करते हो तो थोड़ा जोखिम भी ज्यादा रहेगा, लेकिन इसमें आपको रिटर्न भी काफी तगड़े मिलने वाले हैं यदि आप लंबे समय के लिए पैसा डालते हो तो तो फिर आपका पैसा 100% बढ़ाने वाला है।

*डिस्क्लेमरः यहां बताए गए स्टॉक्स ब्रोकरेज हाउसेज की सलाह पर आधारित हैं। यदि आप इनमें से किसी में भी पैसा लगाना चाहते हैं तो पहले सर्टिफाइड इनवेस्टमेंट एडवायजर से परामर्श कर लें। आपके किसी भी तरह की लाभ या हानि के लिए लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।)*



## जब शेयर बाजार में हो झमाझम तो बदलावों को पहचानना जरूरी

**सुझाव** | बिजनेस डेस्क

*शेयर बाजार में लगातार तेजी दिख रही है। आखिर ऐसा क्यों नहीं हो। इस समय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है। सभी क्षेत्रों में अवसर खुल रहे हैं। लेकिन इसमें भी साइकिल चलता है। इस साइकिल में वक्त को पहचानना बड़ी कला है। इसलिए निवेशक म्यूचुअल फंड में बिजनेस साइकिल फंड को तरजीह देते हैं। ऐसे में निवेशकों को भी समझदारी के साथ निवेश करना चाहिए, वरना नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।*

भारतीय इक्विटी बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। आज शेयर बाजार बढ़कर खुला। लगातार कारोबारी सत्र के दौरान शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला जारी रहा था। बैंक और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली चुनिंदा कंपनियों के शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार में तेजी आई है। आखिर तेजी क्यों नहीं आए? इस समय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है। इसलिए सभी क्षेत्रों में अवसर खुल रहे हैं। हालांकि आर्थिक भाग्य और व्यक्तिगत व्यवसायों की किस्मत दोनों चक्रीय हैं। यह पिछले प्रदर्शन को भविष्य के लिए अविश्वसनीय मार्गदर्शक बनाता है। यदि पीछे मुड़ कर देखें तो पिछले दो दशकों में भारतीय बाजार का नेतृत्व करने वाले क्षेत्रों और शेयरों में भारी बदलाव आया है। जब शेयर बाजार में झमाझम हो तो निवेशकों को भी संयम और समझदारी के साथ निवेश कर अपनी पूंजी को बढ़ाना चाहिए। इससे निवेशक बिना किसी नुकसान के अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

### अर्थव्यवस्था के कई मोड़

बाजार के जानकारों का कहना है कि साल 2003-04 के बाद 2011 और 2013 के बीच अगला महत्वपूर्ण मोड़ आया और उसके बाद 2016 आया जब नोटबंदी की घोषणा की गई। इनमें से प्रत्येक चरण के दौरान कुछ क्षेत्र प्रमुखता में आए। ऐसे चरण को तब पहचानना कठिन होता है जब कोई उनसे गुजर रहा हो। यहीं पर बिजनेस साइकल आधारित निवेश का समय आता है। सतपती के मुताबिक, बिजनेस साइकल फंड में निवेश आम तौर पर मैक्रोज पर आधारित होता है और इसमें अलग-अलग विशेषताएं होती हैं। पहली टॉप-डाउन दृष्टिकोण जो थीम बदलावों की पहचान करने में आगे है। यह पूरे ब्रह्मांड में अवसरों को भुनाने के लिए मार्केट कैप के आधार पर निवेश करती है। खासकर उन चुनिंदा विषयों पर अधिक ध्यान दी जाती है, जहां दृढ़ विश्वास है उन थीम और क्षेत्रों में उच्च और केंद्रित महत्व जहां कोई व्यक्ति क्षमता के प्रति आश्वस्त हो।

### बदलाव की पहचान करें

बाजार के विशेषज्ञ बताते हैं कि इस तरह के निवेश के लिए टॉप-डाउन दृष्टिकोण के साथ-साथ क्षेत्र और व्यावसायिक बदलावों की पहचान करने में उच्च स्तर की निपुणता की जरूरत होती है। क्योंकि, बाजार का नेतृत्व करने वाले विषय और क्षेत्र तेजी से बदल सकते हैं। ऐसे निवेशक के लिए, जो ऐसी थीम में निवेश करना चाहता है, यह समझना जरूरी है कि निवेश करते समय उसे दीर्घकालिक दृष्टिकोण रखना चाहिए क्योंकि कॉल आने में कुछ समय लग सकता है।

### बिजनस साइकिल पर आधारित फंड

म्यूचुअल फंड बाजार पर नजर डालें तो बिजनेस साइकल पर आधारित कई फंडों के ऑफर हैं। इस क्षेत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड रहा है। फंड का तीन साल का ट्रैक रिकॉर्ड है और इसने अब तक शानदार रिटर्न दिया है। शुरुआत यानी तीन साल पहले से किसी निवेशक ने यदि एसआईपी के माध्यम से 10,000 रुपये का मासिक किया होगा तो अभी तक का उनका कुल निवेश 3.6 लाख रुपये का होगा। 1 जनवरी 2024 तक इस निवेश का मूल्य 5.23 लाख रुपये होगा, यानी पूंजी में 1.63 लाख रुपये की बढ़त। यह 26.8% का सीएजीआर रिटर्न दर्शाता है।

# लंबी अवधि के लिए करें निवेश, खूब बरसेगा धन

## पैसा बनाने ये 'फॉर्मूला' समझ गए तो बनेंगे अमीर -निवेश करने से पहले फाइनेंशियल प्लानिंग जरूरी

## निवेश जितना जल्दी शुरू करेंगे, उतना लाभ मिलेगा इन्वेस्टमेंट लंबी अवधि के लिए होना चाहिए

**जानकारी** | बिजनेस डेस्क

***"आपको यह ध्यान रखना होगा कि किसी परिस्थिति में निवेश की गाड़ी को रुकने नहीं देना है। इसके बाद सबकुछ भूल जाइये और इनकम देखिये। पैसा कमाना आसान काम नहीं है, लेकिन उससे भी मुश्किल है, उस पैसे से पैसा बनाना।***

अगर आप भी अमीर बनने के लिए निवेश का कोई जुगाड़ ढूंढ़ रहें हैं तो पहले अपनी फाइनेंसिंग प्लानिंग तैयार कर लें। इसके बाद अपने लक्ष्य तय करें और लंबी अवधि के निवेश का प्लान बनाएं, फिर देखना आपको अमीर बनने से कोई नहीं रोक सकता। निवेश पर मिलने वाले ब्याज का ब्याज ही आपको बेहद कम समय में अमीर बना देगा। बस आपको यह ध्यान रखना होगा की किसी परिस्थित में निवेश की गाड़ी को रुकने नहीं देना है। इसके बाद सबकुछ भूल जाइये और इनकम देखिये। पैसा कमाना आसान काम नहीं है, लेकिन, उससे भी मुश्किल है उस पैसे से पैसा बनाना। यहां काम आता है निवेश। फिर भी निवेश से आप उतना नहीं हासिल कर सकते, जितना सोचा हो। फिर ढूंढ़ते हैं कि ब्याज कहां ज्यादा मिलेगा। किस प्रोडक्ट में पैसा लगाएं। बस यहीं काम आता है कम्पाउंडिंग का फॉर्मूला। अगर आप कम्पाउंड इंट्रस्ट की ताकत को समझ लेते हैं तो आपको धनवान बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। कुछ समय में रिच से सुपर रिच तक बन जाएंगे। कहा भी गया है कि पैसा 24 घंटे काम करता है, जबकि व्यक्ति तो 8, 10 या 12 घंटे तक ही काम कर पाता है।



**क्या है कम्पाउंड इंट्रस्ट ? :** अब हम आपको समझाते हैं कंपाउंडिंग का गणित जो आपको बेहद कम समय में ही धनवान बनाने का माद्दा रखता है। चक्रवृद्धि ब्याज बचपन में स्कूल में भी इसे पढ़ाया जाता है, लेकिन, हकीकत में इसकी ताकत सिर्फ एक इन्वेस्टर को ही समझ आती है। आसान तरीके से समझें तो निवेश करने पर जो आपको ब्याज मिल रहा है, उस पर जो ब्याज मिलेगा वो कम्पाउंडिंग कहलाता है। मूलधन के साथ उसके ब्याज पर भी ब्याज मिलता है। कम्पाउंडिंग आपके निवेश को दोगुना, तीन गुना करने का सबसे बढ़िया जरिया है।

### कंपाउंडिंग को ऐसे समझें

**10 साल के 10 हजार की एसआईपी**

- अनुमानित रिटर्नः 12 फीसदी (सालाना)
- निवेश की अवधिः 10 साल
- कुल निवेशः 12 लाख रुपये
- एसआईपी की कुल वैल्यूः 23,23,391 रुपये
- फायदाः 11,23,391 रुपये

15 साल तक 10 हजार का एसआईपी निवेश

- अनुमानित रिटर्नः 12 फीसदी सालाना
- निवेश की अवधिः 15 साल
- आपका कुल निवेशः 18 लाख रुपये
- एसआईपी की कुल वैल्यूः 50,45,760 रुपये
- फायदाः 32,45,760 रुपये

**20 वर्ष तक रु. 10000 एसआईपी निवेश**

- अनुमानित रिटर्नः 12 फीसदी सालाना
- निवेश की अवधिः 20 साल
- आपका कुल निवेशः 24 लाख रुपये
- एसआईपी की कुल वैल्यूः 99,91,479 रुपये
- फायदाः 75,91,479 रुपये

### जितना लंबा निवेश, उतना ज्यादा लाभ

कम्पाउंडिंग की ताकत तब समझ में आएगी, जब आप कम उम्र से ही निवेश की शुरुआत करेंगे। जितना ज्यादा वक्त अपने निवेश को देंगे, उतना ही फायदा आपको मिलेगा। 5-10 साल के बजाए 20-25 साल के निवेश पर कम्पाउंडिंग भी ज्यादा होगी। इसलिए कंपाउंडिंग ही आपको आसानी से अमीर बना सकती है। एक निवेशक के तौर पर भी देखा जाए तो हमेशा लंबी अवधि के लिए निवेश करने वाला ही अच्छा मुनाफा कमा पाता है। इसलिए जब भी निवेश करें, लंबी अवधि के लिए पैसा लगाएं।

## मिनटों में हासिल करें पैन नंबर अब एक भी पैसा नहीं होगा खर्च

परमानेंट अकाउंट नंबर (पैन) भारत में एक जरूरी दस्तावेज है, जो फाइनेंस से जुड़े कामों में अनिवार्य है। अगर आपक पास पैन नहीं है तो फाइनेंस से जुड़े कई काम रुक जाएंगे। ऐसे में अगर आपके पास पैन नहीं है तो इसे जल्द से जल्द बनवा लें। अगर आपको तुरंत या 1 से 2 दिन में ही पैन कार्ड की जरूरत है तो आप कुछ मिनटों में ही अपना पैन नंबर ऑनलाइन पा सकते हैं। सरकार इसके लिए आधार कार्ड बेस्ड इंस्टैंट पैन की सुविधा देती है। इसके जरिए आप अपना पैन नंबर मिनटों में हासिल कर सकते हैं।

**ई-पैन कार्ड** में आपके सभी डिटेल के साथ एक क्यूआर कोड होता है, जिसमें नाम, जन्मतिथि, फोटोग्राफ और एक यूनिक 10-डिजिट अल्फान्यूमेरिक कोर्ड शामिल होता है। ऑनलाइन ई-पैन कार्ड के लिए कोई चार्ज भी नहीं देना होता है। इंस्टैंट पैन का उपयोग भी पारंपरिक पैन कार्ड की तरह ही आयकर रिटर्न या आईटीआर जमा करने, आयकर का भुगतान करने, डीमैट खाता या बैंक खाता खोलने, डेबिट या क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करने जैसे उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

### ऑनलाइन ऐसे हसिल करें

- सबसे पहले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ई-फाइलिंग पोर्टल साइट (**www.incometax.gov.in**) पर जाएं।
- आपको इंस्टैंट पैन का ऑप्शन दिखेगा। उस पर क्लिक करें। गेट ईपैन पर क्लिक करें।
- अब आवेदन पेज ओपन होगा, उसमें अपना 12-डिजिट का आधा कार्ड नंबर दर्ज करें।
- उसके बाद आई कंफर्म दैट चेक बॉक्स को सेलेक्ट करें और 'कांटिन्यू' बटन पर क्लिक करें।
- फिर ओटीपी वेरिफिकेशन के लिए पेज ओपन होगा, शर्तें पढ़कर 'कांटिन्यू' पर क्लिक करें।
- रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर प्राप्त आधार ओटीपी दर्ज करें और यूआईडीएआई के साथ अपने आधार डिटेल को वेलिडेट करने के लिए सहमत होने के बाद 'वेलिडेट आधार ओटीपी एंड कांटिन्यू' बटन पर क्लिक करें
- सभी वेरिफिकेशन के बाद ईपैन को देखने के साथ डाउनलोड करने का ऑप्शन भी शो हो जाएगा।

# गेमचेंजर सरकारी योजनाएं , महिलाओं, किसानों से कारोबारियों तक को लाभ

जैसे से जैसे देश में लोकसभा का चुनाव पास आ रहा है, 'मोदी की गारंटी' की चर्चा भी तेज हो रही है। खुद पीएम मोदी भी बार बार अपने संबोधनों में 'मोदी की गारंटी' का इस्तेमाल करते हैं। उन्ही के लहजे में कहे तो इन शब्दों के जरिए वह देश के अलग अलग तबके के लोगों के लिए कुछ करने, उन्हें कुछ देने के लिए प्रेरित करते हैं। फिलहाल मौजूदा समय में सरकार द्वारा शुरू की गई कई योजनाएं हैं, जिन्हें 'मोदी की गारंटी' से जोड़कर देखा जा रहा है। बहुत से लोग मानते हैं कि इनमें से कुछ योजनाएं खुद मोदी के लिए आगामी चुनाव में गेमचेंजर साबित हो सकती है, जैसा कि कुछ योजनाओं का पहले भी असर देखने को मिल चुका है। इस रिपोर्ट के जरीये जानते है ऐसी 10 सरकारी योजनाओं के बारे में जो महिलाओं, किसानों, कामगारों से कारोबारियों तक को फायदा पहुंचाएंगी और लोगों को निवेश के लिए भी लुभाएंगी।

*सलाह*
*बिजनेस डेस्क*

- महिला सम्मान बचत पत्र पर मिल रहा 7.5 फीसदी ब्याज
- पीएम विश्वकर्मा के तहत मिल रही 8 फीसदी तक सब्सिडी

### महिला सम्मान बचत पत्र

पिछले साल आम बजट वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार ने महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट 2023 योजना की घोषणा की थी। सरकार ने महिलाओं और लड़कियों को वित्तीय सुरक्षा देने के लिए इस योजना की शुरूआत की। महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट पर सरकार जनवरी से मार्च 2024 के लिए 7.5 फीसदी की दर से ब्याज दे रही है। इसकी मैच्योरिटी 2 साल है। इस योजना के तहत कोई महिला अपनी ओर से या किसी नाबालिग बच्ची की ओर से बतौर अभिभावक अकाउंट खुलवा सकती है। इस खाते में कोई भी अकाउंटहोल्डर 1000 रुपये से लेकर 2,00,000 रुपये तक सालाना जमा कर सकता है। खाता खोलने की तारीख से एक साल बाद योग्य शेष राशि का 40% निकासी किया जा सकता है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना

पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा लॉन्च की गई स्कीम पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों को दिए जाने वाले लोन पर सरकार 8 फीसदी तक सब्सिडी दे रही है। यानी इस योजना के तहत कारगर 3 लाख रुपये तक का लोन ले सकते हैं, वह भी सिर्फ 5 फीसदी के रियायती ब्याज पर। इस योजना में बढ़ई, स्वर्णकार, लोहार, राजमिस्त्री, पत्थर की मूर्ति तराशने वाले मूर्तिकार, नाई और नाविक से जुड़े 18 क्षेत्र शामिल हैं। सरकार इसके तहत 3 लाख रुपये तक का कर्ज देगी। शुरुआत में 1 लाख रुपये का कर्ज दिया जाएगा और 18 महीने तक पेमेंट करने के बाद बेनेफिशियरी अतिरिक्त 2 लाख रुपये लोन के लिए पात्र होगा। ब्याज दर 5 फीसदी ही रहेगा। इस योजना में लाभार्थी को 500 रुपये का दैनिक भत्ता देने के साथ 5 दिनों तक कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

मोदी सरकार ने इस योजना की शुरुआत कोविड 19 के दौर में मार्च 2020 में की थी। इसके माध्यम से देश के 80 करोड़ नागरिकों को हर महीने मुफ्त राशन दिया जा रहा है। कोरोना महामारी के चलते लॉकडाउन के दौरान इस स्कीम को शुरू करके गरीबों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया गया था। इस स्कीम को मोदी सरकार के लिए बड़ा गेमचेंजर माना जा रहा है, क्योंकि इसका लाभ सीधे तौर पर बहुत बड़ी आबादी को मिल रहा है। मार्च 2020 में लागू होने के बाद यह योजना लगातार आगे बढ़ाई जा रही है। फिलहाल इस योजना को दिसंबर 2028 तक बढ़ा दिया गया है।

### पीएम स्वनिधि योजना

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना शहरी स्ट्रीट वेंडरों के लिए एक माइक्रो लोन स्कीम है, जिसकी शुरुआत 01 जून 2020 को हुई थी और इसका उद्देश्य 50,000 रुपये तक बिना किसी गारंटी के लोन की सुविधा प्रदान करना है। इस योजना के तहत सबसे पहले 10 हजार रुपये का लोन मिलता है, इसके बाद समय से लोन देने पर 20 हजार और फिर 50 हजार तक का लोन दिया जाता है। योजना के अंतर्गत, नियमित पुनर्भुगतान को 7 फीसदी ब्याज सब्सिडी के साथ प्रोत्साहित किया जाता है और डिजिटल लेनदेन को प्रति वर्ष 1200 रुपये तक के कैशबैक के साथ पुरस्कृत किया जाता है। यह योजना आधार-आधारित ईकेवाईसी का उपयोग करती है।

### पीएम किसान सम्मान निधि

पीएम किसान सम्मान निधि का ऐलान पीएम मोदी के दूसरे कार्यकाल के पहले किया गया था। इस योजना के तहत देश के छोटे, लघु और सीमांत किसानों को खेती करने में आर्थिक मदद देने के लिए केंद्र सरकार एक साल में 6000 रुपये की सहायता देती है। यह रकम साल में 3 अलग अलग किस्तों में यानी हर 4 महीने पर 2000 रुपये सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए जाते हैं। इस योजना में जमीन, आय के सोर्स और कुछ दूसरे पहलुओं को देखते हुए लाभार्थियों की पात्रता तय की जाती है।

### अटल पेंशन योजना

यह कमजोर आय वर्ग के लिए गारंटीड पेंशन स्कीम है, जिसमें 18 साल से लेकर 40 साल तक की उम्र का कोई भी पात्र निवेशक भाग ले सकता है। इस स्कीम के जरिए 60 की उम्र के बाद हर महीने अधिकतम 5000 रुपये तक की गारंटीड पेंशन का इंतजाम है। पेंशन की राशि आपके निवेश पर निर्भर करती है। भारत का कोई भी नागरिक एपीवाई योजना शामिल हो सकता है। इसके लिए उसका एक बचत बैंक खाता डाकघर/बचत बैंक में होना चाहिए। जितना आप हर महीने जमा करेंगे, उतनी ही राशि सरकार अपनी ओर से जमा करती है।

### उज्ज्वला योजना

मोदी सरकार ने देश की महिलाओं की जिंदगी में बदलाव के उद्देश्य से मई 2016 में उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत बीपीएल कार्ड धारकों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जाता है और सब्सिडी पर एक साल में 12 गैस सिलिंडर मिलते हैं। सब्सिडी सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है।

### आयुष्मान भारत योजना

देश के गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के स्वास्थ्य का खयाल रखने के उद्देश्य से मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना चलाई है। इस स्कीम में आयुष्मान कार्ड धारकों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। दवा की लागत, चिकित्सा आदि का खर्च सरकार वहन करती है। इस योजना के पात्र लोग आयुष्मान कार्ड के जरिए सरकार द्वारा लिस्टेड अस्पतालों में मुफ्त में अपना इलाज करवा सकते हैं। केंद्र सरकार इस योजना के विस्तार के लिए भी 'आयुष्मान भव' अभियान चला रही है, जिसके तहत पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना :** यह स्कीम बीमाधारक की डेथ होने की स्थिति में उसके परिवार को 2 लाख तक की आर्थिक मदद दिलाती है। इसमें सिर्फ 436 रुपये सालाना का प्रीमियम भरकर इस स्कीम का लाभ ले सकते हैं। इस पॉलिसी को खरीदने के लिए आपकी न्यूनतम आयु 18 साल, जबकि अधिकतम उम्र 55 साल तय की गई है। बीमा प्रीमियम खाताधारक के खाते से ऑटो डेबिट किया जाता है। पीएमजेजेबीवाई की केंद्रीय बजट 2015-16 के दौरान घोषणा की गई थी।

**प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना :** भारत की बड़ी आबादी को सुरक्षित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना को साल 2015 में शुरू किया गया था। पहले इसका सालाना प्रीमियम 12 रुपये था, जिसे 1 जून 2022 से बढ़ाकर 20 रुपये कर दिया गया। इस योजना में आपको 2 लाख का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है। अगर आपकी उम्र 18 से 70 साल के बीच है तो आप साल में सिर्फ 20 रुपये देकर 2 लाख तक का कवरेज देने वाली इस सुरक्षा बीमा योजना को खरीद सकते हैं।

# चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2024 के लिए शुरू किया अभ्यास, चाहर ने बहाया पसीना





एजेंसी ⏭ चेन्नई

इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र की तैयारियों के लिए चेन्नई सुपर किंग्स का शनिवार को यहां तेज गेंदबाज दीपक चाहर की मौजूदगी में शिविर शुरू हुआ। चाहर 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगे। तमिलनाडु क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बताया, 'स्थानीय खिलाड़ियों का पहला जत्था शुक्रवार को यहां पहुंच गया है। अगले कुछ दिनों में और खिलाड़ियों के आने की उम्मीद है।'

### छह खिलाड़ी पहले बैच में शामिल

चेन्नई सुपर किंग्स ने इससे पहले शुक्रवार को शहर में खिलाड़ियों के पहले बैच के आगमन की पुष्टि की थी। पहले बैच में सिमरजीत सिंह (तेज गेंदबाज), राजवर्धन हंगरगेकर (ऑलराउंडर), मुकेश चौधरी (तेज गेंदबाज), प्रशांत सोलंकी (स्पिनर), अजय मंडल (ऑल-राउंडर) और दीपक चाहर (तेज गेंदबाज) का नाम शामिल था।



### अभी नहीं पहुंचे धोनी

प्रशंसकों के पसंदीदा और टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के आगमन की अभी पुष्टि नहीं हुई है। उन्हें शुक्रवार को जामनगर में पत्नी साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी के शादी पूर्व कार्यक्रम में देखा गया था। चेन्नई की टीम आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ करेगी।

### चाहर ने दिसंबर से नहीं खेला क्रिकेट

चाहर ने पिछले साल दिसंबर के बाद से किसी भी प्रारूप में क्रिकेट नहीं खेला है। वह अपने पिता की बीमारी के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के बीच से हट गए थे और फिर दक्षिण अफ्रीका के दौरे से भी उन्होंने नाम वापस ले लिया था। उन्होंने पिछले महीने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अभ्यास के दौरान खुद को पूरी तरह से फिट घोषित किया था। बार बार चोटिल होने वाला यह तेज गेंदबाज जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी पर नजर गड़ाए हुए हैं।



### हैदराबाद में बड़े बदलाव के संकेत


आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से होगी। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी में बड़ा बदलाव हो सकता है। टूर्नामेंट के 17वें संस्करण में एडेन मार्करम की जगह ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को नई जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। नीलामी के दौरान फ्रेंचाइजी ने उन्हें 20.5 करोड़ रुपए में टीम का हिस्सा बनाया था।

### सरफराज को उनके खेल के कारण किया रिलीज



घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में एंट्री करने वाले सरफराज खान ने पिछले महीने टेस्ट डेब्यू किया। बता दें कि सरफराज को आईपीएल 2024 ऑक्शन से पहले दिल्ली कैपिटल्स ने रिलीज कर दिया था। सरफराज को किसी आईपीएल टीम ने नहीं खरीदा। सरफराज को रिलीज किए जाने को लेकर डीसी के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट सौरव गांगुली ने खुलासा करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि वह पांच दिवसीय क्रिकेट के प्लेयर हैं। उनका गेम इसके लिए उपयुक्त है। टी20 एक अलग फॉर्मेट है और उन्होंने घरेलू क्रिकेट- रणजी ट्रॉफी और अन्य फर्स्ट क्लास गेम्स में जितने रन बनाए हैं, वो अभूतपूर्व है। और जैसा कि कहते हैं, अगर आप रन बनाते हैं तो वो बेकार नहीं जाते।'

## खबर संक्षेप



### यूएस ओपन कप में नहीं खेलेंगे मेसी

**शिकागो।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अमेरिका के महत्वपूर्ण फुटबॉल टूर्नामेंट यूएस ओपन में भाग नहीं लेंगे। मेसी की अमेरिकी टीम इंटर मियामी ने इस बार यूएस ओपन कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। मेजर लीग सॉकर की 26 टीमों में से केवल आठ टीम ही इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। मेजर लीग सॉकर की जिन 8 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने का फैसला किया है उनमें अटलांटा, डलास, ह्यूस्टन, कैनसस सिटी, लॉस एंजिल्स एफसी, साल्ट लेक, सैन जोस और सिएटल शामिल हैं।

### डि मिनौर और रूड में होगा खिताबी मुकाबला

**अकापुल्को।** गत चैंपियन एलेक्स डी मिनौर ने अपने खिताब के बचाव की तरफ मजबूत कदम बढ़ाते हुए मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कैस्पर रूड से होगा।



ऑस्ट्रेलिया के तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर ने इंग्लैंड के जैक ड्रैपर के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता लेकिन दूसरे सेट में वह 2-6 से हार गए।


## न्यूजीलैंड का स्कोर 111/3, मिला है 369 रन का टारगेट

# फिलिप्स के 'पंजे' में ऑस्ट्रेलिया, 164 पर ढेर, कीवी लक्ष्य से 258 रन पीछे

एजेंसी ⏭ वेलिंगटन

कामचलाऊ ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स ने 45 रन देकर 5 विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट करके पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी उम्मीद जगा दी। पहली पारी में 204 रन की बढ़त हासिल करने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में लचर प्रदर्शन के बावजूद न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य रखा।

न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 111 रन बनाए हैं और इस तरह से वह लक्ष्य से 258 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 13 रन से आगे बढ़ाई लेकिन चार घंटे से भी कम समय में उसने अपने बाकी बचे विकेट गंवा दिए। फिलिप्स ने अपने कॅरियर में पहली बार पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा किया। उन्होंने उस्मान ख्वाजा (28), पहली पारी में शतक बनाने वाले कैमरून ग्रीन (34), ट्रैविस हेड (29), मिच मार्श (00) और एलेक्स कैरी (03) के विकेट हासिल किए। मैट हेनरी ने 36 रन देकर 3 विकेट लिए।




### घर में पांच विकेट लेने वाले दूसरे स्पिनर

*फिलिप्स इंटरनेशनल क्रिकेट में एक ही शहर में फाइफर और एक स्टंपिंग करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने जनवरी 2018 में वेलिंग्टन में पाकिस्तान के विरुद्ध खेले गए मैच में स्टंपिंग की थी। फिलिप्स ने सरफराज अहमद को स्टंप आउट किया था। फिलिप्स ने इसके अलावा एक और उपलब्धि अपने नाम की है। वह पिछले 16 साल में घरेलू टेस्ट में फाइफर लेने वाले न्यूजीलैंड के पहले स्पिनर हैं। उनसे पहले यह कमाल जीतन पटेल ने किया था। जीतन ने 2008 में न्यूजीलैंड के लिए घर पर पांच विकेट हॉल लिया।*

### रविंद्र का नाबाद अर्धशतक



*फिलिप्स के इस प्रदर्शन से न्यूजीलैंड मैच में वापसी करने में सफल रहा। उसका दारोमदार अब रचिन रविंद्र (नाबाद 56) और डेरिल मिशेल (नाबाद 12) पर टिका है। रविंद्र ने दिन का खेल समाप्त होने से कुछ देर पहले 77 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि अंतिम सत्र में केन विलियमसन (09) का महत्वपूर्ण विकेट लेकर न्यूजीलैंड को करारा झटका दिया। पहली पारी में खाता खोले बिना रन आउट होने वाले विलियमसन को नाथन लियोन ने पहली स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया जो मैच के परिणाम में अहम भूमिका निभा सकता है। स्मिथ ने इसके बाद हेड की गेंद पर विल यंग (15) का कैच भी लिया। टॉम लैथम (08) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे जिन्हें लियोन ने विकेट के पीछे कैच कराया।*

# एमबापे की जगह फिर उतरा अस्थायी खिलाड़ी



एजेंसी ⏭ पेरिस

स्टार फुटबॉलर किलियन एमबापे को लगातार दूसरे मैच में आधे खेल से बाहर बुला दिया गया, लेकिन इसके बावजूद मोनाको ने पेरिस सेंट जर्मेन को फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में गोलरहित बराबरी पर रोक दिया।

पीएसजी ने मध्यांतर के बाद एमबापे को बाहर बुलाकर उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी उतारा। यह लगातार दूसरा मैच है जबकि इस स्टार स्ट्राइकर की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को स्थानापन्न के रूप में मैदान पर उतारा गया। पिछले साल सितंबर के बाद यह दूसरा अवसर है जबकि पीएसजी की टीम गोल करने में नाकाम रही।

इस मैच में अंक बांटने के बाद पीएसजी ने दूसरे नंबर पर काबिज ब्रेस्ट पर अपनी कुल बढ़त 12 अंक की कर दी है। वह मोनाको से 13 अंक आगे है। पीएसजी ने इसके साथ ही फ्रांसीसी लीग में अपना अजेय अभियान 19 मैच तक पहुंचा दिया है।

### पेगुला ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**सैन डिएगो।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में अन्ना ब्लिंकोवा को 6-1, 2-6, 6-2 से हराकर सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी पेगुला का सामना अब मार्ता कोस्त्युक से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को पहला सेट गंवाने के बाद 3-6, 6-4, 6-3 से पराजित किया। तीसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने डारिया सैविले को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उनका मुकाबला केटी बोल्टर से होगा, जिन्होंने 2022 की उपविजेता डोना वेकिच को 6-4, 6-3 से हराया।

## रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

# आवेश का 'चौका', विदर्भ पहले दिन 170 पर आउट

एजेंसी ⏭ नागपुर

आवेश खान की अगुआई वाली गेंदबाजी इकाई के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मध्य प्रदेश ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के पहले दिन विदर्भ को पहली पारी में महज 170 रन पर समेट दिया। मध्य प्रदेश के लिए आवेश ने 49 रन देकर चार विकेट झटके जबकि कुलवंत खेजरोलिया ने 38 रन देकर और वेंकटेश अय्यर ने 28 रन देकर दो दो विकेट चटकाकर उनका बखूबी साथ निभाया। मध्य प्रदेश ने स्टंप तक पहली पारी में एक विकेट गंवाकर 47 रन बना लिए थे जिससे वह अभी 123 रन से पीछे है। वीसीए स्टेडियम की पिच इतनी हरियाली लिए हुए थी कि मध्य प्रदेश ने दिन में कुल 56.4 ओवर में से



स्पिनरों से केवल 2.4 ओवर ही डलवाए। बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने विदर्भ के अंतिम बल्लेबाज उमेश यादव का विकेट झटका। वहीं अन्य स्पिनर जैसे सारांश जैन दर्शक बने रहे। विदर्भ के लिए बल्लेबाजी में सिर्फ करूण नायर ही क्रीज पर टिककर खेल सके जिन्होंने 105 गेंद में नौ चौके से 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

## पुणेरी पलटन ने पहली बार जीता खिताब



**नई दिल्ली।** पुणेरी पलटन ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर इतिहास रचते हुए पहली बार प्रो कबड्डी लीग का खिताब जीत लिया। अपना दूसरा फाइनल खेलने उतरी पलटन की टीम ने शुक्रवार रात को खेले गए 10वें सीजन के फाइनल मुकाबले में हरियाणा स्टीलर्स को 28-25 से हरा दिया। हरियाणा की टीम पहली बार फाइनल में पहुंची थी, लेकिन खिताब जीतने का उसका सपना टूट गया।

### मुंबई ने आरसीबी को सात विकेट से हराया

**बेंगलुरु।** मुंबई इंडियंस ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी में खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत शनिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एकतरफा टी20 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) पर 29 गेंद रहते सात विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आरसीबी की बल्लेबाज मुंबई इंडियंस की गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करती दिखीं जिससे टीम छह विकेट पर 131 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस ने फिर बल्लेबाजी में भी दबदबा बनाते हुए यह लक्ष्य 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन बनाकर हासिल कर लिया। मुंबई की टीम चार मैच में तीसरी जीत से छह अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी जबकि आरसीबी को लगातार दूसरी शिकस्त झेलनी पड़ी।

### कोच की नियुक्ति पर एआईएफएफ में चर्चा

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की महिला समिति ने शनिवार को यहां राष्ट्रीय टीमों के लिए नए कोच की नियुक्ति तथा 'ए' और 'बी' लाइसेंसधारक कोचों की भर्ती पर चर्चा की। भारतीय टीम ने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया था। वह ढाका में खेली गई सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप में संयुक्त विजेता रही जबकि इसके बाद सीनियर महिला टीम ने तुर्की महिला कप में दूसरा स्थान हासिल किया था। भारत की अंडर-16 टीम अभी सैफ चैंपियनशिप में भाग ले रही है और उसने अपना पहला मैच आसानी से जीता है।

## गुमशुदा की तलाश



भूमिका शाह

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **भूमिका शाह** पुत्री चक्कर बहादुर शाह, पता-मकान नं. 319, गली नंबर 6ए, के-ब्लॉक, महिपालपुर, नई दिल्ली। **उम्र : 18 वर्ष 3 माह, कद : 5', रंग-गोरा, चेहरा-गोल, शरीर-सामान्य, पहनावा-** सफेद रंग की जैकेट और मैररुन रंग की प्लाजो व पैरों में चप्पल पहने हुए है। जो दिनांक 09.01.2024 को सुबह 04.00 बजे अपने घर से गुम है। इस संबंध में **डीडी सं. 111A दिनांक 16.01.2024 को पुलिस थाना वसंत कुंज साउथ, दिल्ली में दर्ज है।**

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन. : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
DP/2401/SW/2024

थानाअध्यक्ष
पुलिस थाना वसंत कुंज साउथ, दिल्ली
Ph. : 011-26139362, 26139360, 7065036225

## इटली में आज से शुरू होगा विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट

# ओलंपिक कोटा हासिल करने उतरेंगे भारतीय मुक्केबाज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अनुभवी मुक्केबाज शिव थापा, दीपक भोरिया और निशांत देव सहित नौ भारतीय मुक्केबाज रविवार से इटली के बस्टो अर्सिजियो में शुरू होने वाले पहले विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए रिंग में उतरेंगे। भारत के सात पुरुष और दो महिला मुक्केबाज अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड द्वारा बनाई गई एक तदर्थ संस्था पेरिस 2024 मुक्केबाजी इकाई द्वारा आयोजित किए जा रहे क्वालीफायर में ओलंपिक स्थान हासिल करने का लक्ष्य बनाए होंगे। टूर्नामेंट में 49 कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे और एक मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर लेगा। लेकिन महिलाओं के 60 किग्रा वर्ग में ओलंपिक स्थान तय करने के लिए सेमीफाइनल हारने वाली मुक्केबाजों के बीच 'बॉक्स ऑफ' (मुकाबला) होगा क्योंकि केवल तीन स्थान दांव पर लगे हैं।



### हुसामुद्दीन मजबूत दावेदार

भारतीय उम्मीदों की अगुआई 2023 विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और देव (71 किग्रा) की तिकड़ी करेगी। भोरिया और देव अपने भार वर्ग में मजबूत दावेदार के रूप में उभरे हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के दो बार के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन घुटने की सर्जरी के बाद पिछले साल विश्व चैंपियनशिप के बाद पहली बार रिंग में उतरेंगे। छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता थापा (63.5 किग्रा) के साथ पूर्व एशियाई चैंपियन संजीत (92 किग्रा) से भी काफी उम्मीदें लगी होंगी। सुपर हैवीवेट मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल (+92 किग्रा) भी प्रबल दावेदार हैं।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जमीरुद्दीन, पुत्र:** मनी मियां, **पता:** मकान नं. ई–10बी/34, हरीश का अखाड़ा के पास, न्यू सीलमपुर, दिल्ली और गांव लुपुंग, पुलिस स्टेशन कटकमसांडी, जिला हजारीबाग, झारखंड ने **FIR No. 37/2019, दिनांक: 28.02.2019, U/s 279/337/338 IPC, थाना: जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जमीरुद्दीन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जमीरुद्दीन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 37/2019, दिनांक: 28.02.2019, U/s 279/337/338 IPC, थाना: जगतपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जमीरुद्दीन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.04.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सैना
महानगर दण्डाधिकारी–05
कमरा नंबर 07, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/2426/SHD/2024-
(Court Matter)

## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष

मात्र 5 घंटे में घर बैठे समाधान
21 सालो के तर्जुबेकार
लाखो-करोड़ो लोगो का कार्य करने वाले
तंत्र-मंत्र के सम्राट
मिया मूसा जी
Gold Medalist
प्यार एवं कारोबार में चोट खाये तुरन्त फोन करें।
स्पे. महावशीकरण, मूठकरनी
प्रेम विवाह, ग्रहक्लेश, मनचाहा प्यार, किया कराया, कारोबार रूकावट, तलाक, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, शादी में रूकावट, लवमैरिज A to Z समाधान।
अगर किसी का पति, प्रेमी या बेटा-बेटी किसी के वश में हो तो अवश्य फोन करें।
9878685639

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।




# मनाली में बर्फीले तूफान ने मचाई तबाही, सड़कें, बिजली बंद




**हिमालयी क्षेत्रों में हिमपात के साथ हो रही बारिश**

- हिमाचल प्रदेश के मनाली में हिमस्खलन में कई गाड़ियां फंसी।
- मनाली-सोलंगनाला मार्ग पर नेहरुकुंड में पांच गाड़ियां दब गईं।
- बर्फबारी के कारण 350 सड़कें बंद हो गईं।
- कई जगहों पर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद, बिजली सेवा भी बाधित।
- लाहौल-स्पीति और किन्नौर जैसे जिलों में बर्फबारी हुई।
- लाहौल-स्पीति को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण जीवन रेखा अटल टनल रोहतांग एक फुट से अधिक बर्फ से जूझ रही है।



- जम्मू के दस जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी
- पीरपंजाल श्रृंखला के इलाकों में हिमपात
- बर्फबारी और बारिश की भविष्यवाणी
- पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश होने की संभावना





### अमेरिका के थिंक टैंक ब्रूकिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में किया दावा

# सरकार की मजबूत नीति से भारत में एक्सट्रीम पॉवर्टी अब खत्म हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के थिंक टैंक ब्रूकिंग्स ने दावा किया है कि भारत में एक्सट्रीम पॉवर्टी अब पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। इसकी वजह सरकार की मजबूत नीति का परिणाम है। ब्रूकिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया कि भारत को गरीबी के स्तर में इतनी गिरावट देखने में 30 साल लग जाते थे, लेकिन ये काम अब 11 साल में हो गया। थिंक टैंक ने इसके लिए हाल में जारी 2022-23 के उपभोग व्यय के आंकड़ों का हवाला दिया।

सुरजीत भल्ला और करण भासिन की लिखी रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दशक में भारत में बढ़िया विकास हुआ है। रिपोर्ट में अत्यधिक गरीबी खत्म होने के तीन बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया है भारत में तेजी से विकास हुआ है।

*थिंक टैंक ब्रुकिंग्स ने गरीबी हटाने को लेकर सरकार की तरफ से चलाई जा रही कई योजनाओं की तारीफ की करते हुए कहा है कि पिछले दशक में भारत में बढ़िया विकास हुआ है।*



### असमानता में आई गिरावट

ब्रूकिंग्स ने कहा है कि पिछले एक दशक में भारत में शहरी और ग्रामीण दोनों में ही असमानताओं में बड़ी गिरावट आई है। गिनी इंडेक्स को आमतौर पर आर्थिक असमानता के पैमाने के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, जिसका काम है जनसंख्या के बीच संपत्ति के वितरण को मापना। शहरी गिनी 36.7 से घटकर 31.9 हो गई, वहीं ग्रामीण गिनी 28.7 से घटकर 27.0 हो गई है।

### गरीबी दर घटकर 4.5-5% पर पहुंची

एसबीआई रिसर्च ने कहा है कि 2022-23 में देश की गरीबी दर घटकर 4.5-5% पर पहुंची। एसबीआई के अनुसंधानकर्ताओं ने मंगलवार को बताया कि 2022-23 में भारत की गरीबी दर घटकर 4.5-5% हो गई। नए घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण गरीबी 2011-12 की 25.7% से घटकर 7.2% हो गई और शहरी गरीबी एक दशक पहले की अवधि से घटकर 4.6% हो गई।

### सरकारी योजनाओं की तारीफ भी की

थिंक टैंक ब्रुकिंग्स ने सरकार की तरफ से चलाई जा रही कई योजनाओं की तारीफ की। थिंक टैंक ने कहा की भारत में शौचालयों के निर्माण खूब तेजी से हुए हैं। थिंक टैंक ने बिजली और पानी की पाइप लाइन बिछाने वाले कामों की सराहना की है।

### 9 साल में 24.8 करोड़ गरीबी से बाहर

नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में गरीबी दर 2013-14 में 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत रह गई है। यानी कि पिछले 9 सालों में 17.89 प्रतिशत की कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में पिछले 9 सालों में 24.8 करोड़ गरीबी से बाहर निकले हैं। इसमें सबसे ज्यादा 5.94 करोड़ उत्तर प्रदेश के हैं। बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोगों की गरीबी के स्तर में सुधार हुआ।

### गरीबी कम हुई

तीसरे बिंदु गरीबी पर अध्ययन के बाद ब्रूकिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली आबादी का अनुपात हेडकाउंट गरीबी अनुपात (एचसीआर) 2011-12 में 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में केवल 2 प्रतिशत रह गया। ग्रामीण गरीबी 2.5 प्रतिशत थी, जबकि शहरी गरीबी घटकर सिर्फ एक प्रतिशत रह गई।

### केंद्र ने कड़ा रुख अपनाया तो...

# गूगल भारतीय एप्स को रिस्टोर करने पर सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गूगल के अपने प्ले स्टोर से कुछ एप हटाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार ने कहा कि भारतीय एप को हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सरकार ने इस संबंध में गूगल और संबंधित स्टार्टअप को बैठक के लिए अगले सप्ताह बुलाया है।




आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की कुंजी है और उनके भाग्य का फैसला किसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी पर नहीं छोड़ा जा सकता है। गूगल ने शुक्रवार को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से कई लोकप्रिय क हटाना शुरू कर दिया था।

इन एप और जाने माने स्टार्टअप संस्थापकों ने इस पर आपत्ति जताई थी। वैष्णव ने इस पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा कि भारत सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है। हमारे स्टार्टअप को वह सुरक्षा मिलेगी, जिसकी उन्हें जरूरत है। सरकार विवाद सुलझाने के लिए अगले सप्ताह गूगल और प्ले स्टोर से हटाए गए एप के डेवलपर से मुलाकात करेगी।

### 'बिलिंग' मानदंडों का उल्लंघन कर रही कंपनियां

गूगल ने शुक्रवार को कहा था कि कई जानी-मानी फर्मों सहित कई कंपनियां उसके 'बिलिंग' मानदंडों का उल्लंघन कर रही हैं। गूगल ने चेतावनी दी थी कि ऐसे एप को हटाने में संकोच नहीं करेगी। शादी डॉट कॉम, मैट्रिमोनी डॉट कॉम, भारत मैट्रिमोनी, बालाजी टेलीफिल्म्स का ऑल्ट, ऑडियो मंच कुकू एफएम, डेटिंग सेवा क्वैक क्वैक और ट्रूली मैडली के एप सर्च करने पर नहीं मिले।




### भारत सरकार, त्रिपुरा सरकार और त्रिपरा मोथा के मध्य समझौता

# पीएम मोदी के नेतृत्व में उग्रवादमुक्त विवादमुक्त एवं हिंसामुक्त नॉर्थईस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भारत सरकार, त्रिपुरा सरकार और दि इंजीनियस प्रोग्रेसिव रीजनल अलायंस (त्रिपरा), जिसे त्रिपरा मोथा के नाम से जाना जाता है और अन्य स्टेकहोल्डर्स के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर हुए। शाह ने कहा कि त्रिपुरा के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। गलतियों में सुधार और आज की वास्तविकता को स्वीकार करते हुए तीनों का सामंजस्य कर भविष्य की ओर देखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इतिहास को कोई बदल नहीं सकता लेकिन गलतियों से सीखकर अब वास्तविकताओं को ध्यान में रखकर हम आगे ज़रुर बढ़ सकते हैं।




### 11 समझौतों के साथ संघर्ष समाप्त किया

*शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने 11 समझौतों के माध्यम से सीमाओं, पहचान, भाषा, संस्कृति के लिए संघर्ष कर रहे लोगों से बात कर संघर्ष समाप्त करने की दिशा में काम किया है। आज त्रिपुरा एक विवादमुक्त त्रिपुरा की ओर आगे बढ़ा है। आपको अधिकारों के लिए अब आपको संघर्ष नहीं करना पड़ेगा और भारत सरकार दो कदम आगे बढ़कर सभी के अधिकारों की रक्षा हो, इस प्रकार का तंत्र विकसित करेगी।*

### चीन से पाकिस्तान जा रहे जहाज को मुंबई बंदरगाह पर रोका गया

# भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को खेप में मिला परमाणु कार्यक्रम से जुड़े गोपनीय सामान का पुख्ता प्रमाण



एजेंसी ▶▶ मुंबई

चीन से कराची जा रहे एक जहाज को भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पर रोका है। शक है कि इसमें दोहरे उपयोग वाली खेप है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान के परमाणु और बैलेस्टिक कार्यक्रम के लिए किया जा सकता था। कस्टम अधिकारियों ने खुफिया तंत्र के आधार पर 23 जनवरी को बंदरगाह पर माल्टा के झंडे वाले एक व्यापारी जहाज सीएमए सीजीएम अटिला को रोका था।

### पाक के परमाणु कार्यक्रम को चीन का समर्थन!

*पाकिस्तान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों के लिए चीन के समर्थन को लेकर चिंता बढ़ गई है। हालांकि यह पहला मामला नहीं है जब भारतीय बंदरगाह अधिकारियों ने चीन से पाकिस्तान भेजी जा रही ऐसे दोहरे उपयोग वाली सैन्य-ग्रेड वस्तुओं की जब्ती की है। पाकिस्तानी रक्षा आपूर्तिकर्ता कॉसमॉस इंजीनियरिंग 12 मार्च 2022 से निगरानी सूची में है, जब भारतीय अधिकारियों ने न्हावा शेवा बंदरगाह पर इटली में निर्मित थर्मोइलेक्ट्रिक उपकरणों की एक खेप को रोका था।*

### 22,180 किलोग्राम वजनी है यह खेप

अधिकारियों ने भारतीय रक्षा अधिकारियों को सतर्क कर दिया था जिन्होंने इस भारी सामान का निरीक्षण किया और अपने संदेह की सूचना दी, जिसके बाद खेप को जब्त कर लिया गया। लोडिंग के बिल और खेप के अन्य विवरणों के अनुसार, माल भेजने वाले का नाम 'शंघाई जेएक्सई ग्लोबल लॉजिस्टिक्स कंपनी लिमिटेड' और पाने वाले का नाम सियालकोट के 'पाकिस्तान विंग्स प्राइवेट लिमिटेड' को बताया गया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109